श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 7 अगस्त 2024
वर्ष 2, अंक 348, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अजय ने शुरू की सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग 16
मीराबाई की नजर पदक पर- 15



## राष्ट्रपति मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च सम्मान

सुवा, एजेंसी


• फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली ने किया सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फ़िज़ी' से सम्मानित किया गया। मुर्मू ने दोनों देशों के संबंधों की प्रशंसा की और कहा कि भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए फ़िज़ी के साथ साझेदारी करने को तैयार है।

राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि फ़िज़ी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फ़िज़ी' पुरस्कार प्रदान किया। यह फ़िज़ी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। फ़िज़ी की दो दिवसीय यात्रा पर आयीं मुर्मू ने इस सम्मान को भारत और फ़िज़ी के बीच दोस्ती के गहरे संबंधों का प्रतिबिंब बताया।

**भारत के पास दो स्वर्ण जीतने का मौका, विनेश होंगी पहली पहलवान, चोपड़ा ने भाला फेंक में अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया**



## युसनेलिस को हराकर विनेश फाइनल में

पेरिस। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल मुकाबलों में लगातार शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए क्यूबा की युसनेलिस गुजमान लोपेज को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ विनेश ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। 29 वर्षीय विनेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकालीन खेलों में उनका पहला पदक होगा। सेमीफाइनल में विनेश ने पहले पीरियड में पैसिविटी के जरिए 1-0 की बढ़त ली। दूसरे पीरियड में वह और अधिक आक्रामक नज़र आईं और अपनी बढ़त को 5-0 करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले फोगाट ने क्वार्टर फाइनल मैच में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को 7-5 से हराया।

## 89.34 मी. थ्रो, स्वर्ण से एक कदम दूर नीरज

पेरिस, एजेंसी

भारतीय एथलीट एवं ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों के भाला फेंक क्वालिफिकेशन स्पर्धा की सूची में शीर्ष पर रहे।

चोपड़ा के अलावा विभिन्न देशों के नौ खिलाड़ियों ने भी फाइनल में जगह बनाई। 26 वर्षीय चोपड़ा ने 89.34 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया जो उनका अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उनके इस पहले थ्रो ने ही उन्हें स्टेड डी फ्रांस में गुरुवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया। कुल पांच एथलीटों ने आज सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया, जबकि ब्राजील के लुइज मौरिसियो दा सिल्वा ने दक्षिण अमेरिकी रिकॉर्ड को फिर से दर्ज किया और फिनलैंड के टोनी केरेनन ने एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया। फाइनल में पहुंचने वाले एथलीटों में नीरज 89.34, एंडरसन पीटर्स 88.63, जूलियन वेबर 87.76, अरशद नदीम 86.59, जूलियस येगो 85.97 शामिल हैं।

### एक नजर

**आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती**

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (96) को मंगलवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि आडवाणी की हालत स्थिर है। जुलाई के पहले हफ्ते में भी, आडवाणी को इस अस्पताल में भर्ती किया गया था और दो दिन चिकित्सकीय देखरेख में रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी। आडवाणी को एम्स में भर्ती किया गया था और वहां रातभर रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

**धोखाधड़ी में पद्मश्री विजेता व्यवसायी गिरफ्तार**

त्रिशूर। केरल के व्यवसायी एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुंदर सी मेनन को धोखाधड़ी की शिकायतों पर त्रिशूर में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें रविवार को राज्य पुलिस की जिला अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया और स्थानीय अदालत में पेश किया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2016 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए गए मेनन पर दो कंपनियों के नाम पर लोगों से धनराशि लेने के संबंध में वित्तीय धोखाधड़ी के 18 मामले दर्ज हैं।

**वक्फ कानून में संशोधन के प्रस्ताव का स्वागत**

नई दिल्ली। ऑल इंडिया सज्जादानशीन काउंसिल ने वक्फ बोर्ड के संचालन से जुड़े कानून में संशोधन के सरकार के फैसले का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह काफी समय से लंबित है। अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन काउंसिल (एआईएसएससी) के अध्यक्ष हजरत सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने संशोधनों के तहत एक अलग दरगाह बोर्ड बनाने की मांग की।

**थाने में एएसआई ने खुद को गोली मारी, मौत**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक की उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन पुलिस थाने में अपनी सरकारी बंदूक से कथित तौर पर खुद को गोली मारने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाने में तैनात एएसआई विजय ने सोमवार देर रात खुद को गोली मार ली। वह हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था और 1994 में पुलिस में भर्ती हुआ था। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है।

# बिना विवाद पीढ़ियों की संपत्ति का आसानी से होगा बंटवारा

## राज्य सरकार का बड़ा फैसला, मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया के सरलीकरण का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- स्वयं के जीवित रहते अपनी अचल संपत्ति को परिवारीजनों को देने में होगी सहूलियत
- रक्त संबंधियों को संपत्ति देने की व्यवस्था के सरलीकरण के बाद एक और सुविधा

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पीढ़ियों की चल-अचल संपतियों के बंटवारे की प्रक्रिया के सरलीकरण का निर्देश दिया है। जल्द ही बिना विवाद पीढ़ियों की संपत्ति को लेकर आसानी से बंटवारे की नई व्यवस्था लागू होगी। हाल ही में मात्र 5 हजार रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्त संबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद राज्य सरकार पीढ़ियों की चल-अचल संपतियों के बंटवारे की प्रक्रिया को आसान बनाने जा रही है। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे और जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारीजनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी 5 हजार रुपये तय किया जाए। कहा कि अधिक खर्च के कारण परिवार में प्रायः विभाजन के समय विवाद की स्थिति बनती है, कोर्ट केस भी होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा।

### यह होता है विभाजन

- विभाजन विलेख में सभी पक्षकार विभाजित संपत्ति में संयुक्त हिस्सेदार होते हैं एवं विभाजन उनके मध्य होता है।
- विभाजन विलेख में प्रस्तावित छूट एक ही मृतक व्यक्ति के समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स, जो सहस्वामी हों, को आच्छादित करेगी अर्थात यदि दादा की मूल संपत्ति में वर्तमान जीवित हिस्सेदार चाचा/भतीजा / भतीजी हैं तो वह इसका उपयोग कर सकते हैं।
- व्यवस्थापन विलेख में व्यवस्थापनकर्ता पक्षकार (जीवित) अपनी व्यापक संपत्ति को कई पक्षकारों के मध्य निस्तारित करता है।
- व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार जो किसी भी पीढ़ी के हों, के पक्ष में व्यवस्थापन कर सकता है। अर्थात संपत्ति यदि परदादा परदादी जीवित हों, तो उनके पक्ष में, एवं यदि प्रपौत्र/प्रपौत्री जीवित हों, तो उनके पक्ष में भी किया जा सकता है।

### हर जिले में खुलेगा एक विश्वविद्यालय : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके जरिए हर जिले में एक विश्वविद्यालय खोलने का लक्ष्य पूरा करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए।

**शरण के लिए लंदन जाने वाली थीं, अब अन्य विकल्पों पर विचार**

# हसीना की लंदन यात्रा में पेच भारत में रह सकती हैं कुछ दिन

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंदन जाने की योजना कुछ अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद सोमवार को हिंडन एयरबेस पर पहुंचीं हसीना को एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

सूत्रों ने बताया कि हसीना अपनी बहन रेहाना के साथ अस्थायी शरण के लिए भारत से लंदन जाने वाली थीं, लेकिन अब वह अन्य विकल्पों पर विचार कर रही हैं, क्योंकि ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिया है कि उन्हें उनके देश में हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर किसी भी संभावित जांच के खिलाफ ब्रिटेन में कानूनी सुरक्षा नहीं मिल सकती है। हसीना ने लंदन जाने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि रेहाना की बेटी ट्यूलिप सिद्दीक ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। ट्यूलिप वित्त मंत्रालय में आर्थिक सचिव हैं और हैम्पस्टेड और हाईगेट से लेबर पार्टी की सांसद हैं।



### बांग्लादेश में हालात पर सरकार की नजर, सीमा पर सजग : जयशंकर

सरकार ने बांग्लादेश में अस्थिर हालात पर चिंता जताते हुए मंगलवार को कहा कि वह पड़ोसी देश की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और पिछले 24 घंटे में ढाका में अधिकारियों से पूरी तरह संपर्क रखा गया है तथा सीमा पर सुरक्षा बलों को अत्यंत सतर्कता बरतने को कहा गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति पर पहले राज्यसभा में और बाद में लोकसभा में स्वत: संज्ञान लेकर दिए गए बयान में कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के कई दशकों से गहरे संबंध हैं। वहां अस्थिरता और हिंसा वाले हालात पर यहां भी चिंता उत्पन्न हुई है। हम राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में हैं।

### हसीना सदमे में, सरकार उबरने को समय दे रही

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक में नेताओं को सूचित किया कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मदद का भरोसा दिलाते हुए उन्हें भविष्य की रणनीति तय करने के लिए समय दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सर्वदलीय बैठक में जयशंकर ने कहा कि हसीना को भारत आए चौबीस घंटे भी नहीं बीते हैं और वह सदमे में हैं। सरकार हसीना को सदमे से उबरने के लिए समय दे रही है और इसके बाद वह उनकी भविष्य की योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर उनसे बात करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

## वाराणसी में दो मकान ढहे, एक महिला की मौत, सात घायल

**काशी विश्वनाथ मंदिर के पास हुआ हादसा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी


मकान गिरने के बाद बचाव कार्य में जुटे एनडीआरएफ के कर्मचारी। • एजेंसी

**अमृत विचार** : वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास मंगलवार को दो जर्जर मकान ढह गए। मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत कार्य तेज करने व घायलों का समुचित इलाज का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है।

सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित दो पुराने मकान ढह गए। मलबे में दबकर प्रेमलता गुप्ता (43) की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हो गए। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि दो मकान ढहे थे, एक में रह रहे सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए, जबकि दूसरे मकान में रह रहे दो लोग ही बाहर निकल पाए। सात अन्य मलबे में फंस गए थे। उन्हें बचाव अभियान चलाकर बाहर निकाला गया।

## नई हज नीति पेश, सरकारी कोटा घटाकर 70 प्रतिशत किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने नई हज नीति पेश कर दी है जिसके तहत अब कुल हज कोटे का 70 प्रतिशत भारतीय हज कमेटी के पास होगा, जबकि 30 प्रतिशत निजी टूर ऑपरेटर (एचजीओ) के अधीन होगा। इससे पहले की हज नीति के तहत सरकारी कोटा 80 प्रतिशत होता था जिसे इस बार 10 प्रतिशत कम किया गया है तथा निजी टूर ऑपरेटर के कोटे में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। भारत और सऊदी अरब के बीच हर साल होने वाले हज समझौते के तहत कोटे का निर्धारण होता है। नई हज नीति में कहा गया है, ''भारत सरकार और सऊदी अरब के बीच हर साल हस्ताक्षर किए जाने वाले हज समझौते में हज कोटे से जुड़ी संख्या भारत को आवंटित की जाती है। कोटा की कुल संख्या में से 70 प्रतिशत हज कमेटी को आवंटित किया जाएगा, जबकि 30 प्रतिशत एचजीओ को आवंटित किया जाएगा। इस साल आई हज नीति के तहत यह फैसला भी किया गया है कि 65 वर्ष या इससे अधिक आयुवर्ग के लोगों के साथ हजयात्रा पर कोई साथी भी जाएगा तथा बिना 'मेहरम' वाली महिलाओं को पूर्व की भांति प्राथमिकता मिलती रहेगी।

## मुख्यमंत्री के जनता दरबार में आई महिला ने खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ससुरालियों के उत्पीड़न पर पुलिस के कार्रवाई न करने से थी परेशान
- उन्नाव के पुरवा थाने में तैनात दरोगा पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत लेकर आई उन्नाव की महिला ने अपने बच्चे को सड़क बिठाकर विक्रमादित्य मार्ग स्थित जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों की मदद से आग बुझाई और सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।डॉक्टरों के मुताबिक करीब 80 प्रतिशत जल गई है। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मौके से बैग बरामद किया जिसमें एक शिकायती पत्र था। पत्र में उन्नाव के पुरवा थाने के दरोगा पर रिश्वत मांगने की बात लिखी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि उन्नाव के पुरवा थानाक्षेत्र के छत्ताखेड़ा की रहने वाली अंजलि के साथ एक साल का बच्चा था। उसे गोद से उतारकर सड़क किनारे बैठा दिया। बच्चे के पास अपने बैग रख दिए। फिर उसमें से पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली। जांच में सामने आया कि घरेलू विवाद के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। महिला इसी की शिकायत करने लखनऊ आई थी। डीसीपी के मुताबिक अंजलि दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री से शिकायत की थी। वहां मौजूद अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन वह संतुष्ट नहीं थी।

## गांवों में 24 घंटे बिजली नहीं दी तो कंपनियों पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्रालय ने कहा, 15 दिनों में नियामक आयोग पेश करे रिपोर्ट

**अमृत विचार** : गांवों में 24 घंटे बिजली न देने का मामला तूल पकड़ गया है। ऊर्जा मंत्रालय ने सख्त नाराजगी जताते हुए राज्य विद्युत नियामक आयोग को बिजली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही, 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट तलब की है।

ऊर्जा मंत्रालय ने प्रदेश में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए थे, पर निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। जून माह में तो 24 घंटे बिजली का प्रावधान था, पर जुलाई से गांवों में छह घंटे की कटौती का प्रावधान कर 18 घंटे बिजली निर्धारित की गई है। ग्रामीणों को 12-15 घंटे ही बिजली मिल रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी, पर पावर कॉरपोरेशन ने जवाब नहीं दिया है। मामला केंद्र सरकार तक पहुंचने पर ऊर्जा मंत्रालय ने अब सख्त रवैया अपनाया है। ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार कानून 2020 के तहत ग्रामीण और शहरी सभी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश का पालन न किये जाने पर कार्रवाई की सकती है।

## रक्षाबंधन पर बहनों को रोडवेज बसों में दो दिन मुफ्त सफर

लखनऊ। रक्षाबंधन पर बहनों को योगी सरकार ने रोडवेज बसों में 48 घंटे की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। यह सुविधा 18 अगस्त की रात 12 बजे से 20 अगस्त की रात 12 बजे तक मिलेगी। इस आशय के निर्देश उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम को दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रक्षाबंधन पर बहनों को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा देने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि यह सुविधा सभी श्रेणी की बसों में मिलेगी। महिलाएं टोल फ्री नंबर-1800 180 28 77 पर अपनी शिकायत करा सकती हैं।

**ऑडिट** लेखा परीक्षा विभाग ने कार्रवाई के लिए 12,937 प्रकरण विधानसभा की पंचायती राज समिति में रखे

# 2017-18 में पंचायतों में 16 .62 अरब का घोटाला

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : वर्ष 2017-18 में प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों में विकास के नाम पर 16.62 अरब से अधिक रुपये का घोटाला ऑडिट में सामने आया है। सहकारी समितियां एवं पंचायत (लेखा परीक्षा) ने जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायतों में कुल 12,937 प्रकरण (प्रस्तर) पकड़े हैं। इनमें कहीं प्रधानों व सचिवों द्वारा बिना काम के भुगतान तो कहीं मानकों के विरुद्ध कार्यों पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। इसके साक्ष्य न होने के कारण भुगतान के साथ कागजों पर दर्शाये गए कार्यों की पुष्टि भी ऑडिट में नहीं हुई है। अब यह प्रकरण कार्रवाई के लिए लेखा परीक्षा विभाग ने जुलाई में आयोजित विधानसभा की पंचायती राज समिति के समक्ष रखे हैं, जिन पर संबंधित जिलाधिकारी स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

- ऑडिट में नहीं मिले पंचायतों पर कराए कार्य व खर्च के साक्ष्य

### 2018-19 में ऑडिट, भू-राजस्व की तरह होगी वसूली

लेखा परीक्षा विभाग ने पंचायतों का ऑडिट 2018-19 में किया था। भुगतान के बिल-बाउचर न मिलने पर प्रधानों व सचिवों को नोटिस जारी करके मांगे गए थे। फिर भी ज्यादातर ने बिल-बाउचर नहीं दिए और जिन्होंने ने उपलब्ध कराए वह संतोषजनक नहीं थे। जिलेस्तर से ऑडिट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्रवाई के लिए यह प्रकरण लेखा विभाग ने सदन में रखे हैं। अब प्रधानों को जिलाधिकारी व सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी नोटिस जारी करके एक सप्ताह के अंदर साक्ष्य मांगेंगे और न देने पर आरसी जारी करके धनराशि वसूली जाएगी।

### घोटाले के ये प्रकरण

| | |
|---|---|
| जिला पंचायत - | 630 |
| क्षेत्र पंचायत - | 6172 |
| ग्राम पंचायत - | 6135 |

### रामपुर में टिन नंबर की जगह दर्शाया जीएसटी

सदन में मंडलवार वर्ष 2015-16 व 2016-17 के प्रकरण भी रखे गए। इसमें रामपुर के अधिकारियों द्वारा लेखा परीक्षा विभाग को दिए गए भुगतान के साक्ष्यों का परिपालन न करने का आरोप लगाया। जबकि लेखा परीक्षा विभाग ने अवगत कराया कि जो बिल व बाउचर दिए गए उनमें जीएसटी नंबर है। जबकि जीएसटी अधिनियम 2017 में लागू हुआ है। उस समय टिन नंबर चलता था। इस पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, बिजनौर में पंचायतों के ऑडिट पर रोक लगाने में नाराजगी जताई गई।

## केदारनाथ यात्रा शुरू सिर्फ हेलीकॉप्टर से जा सकेंगे धाम

देहरादून। केदारनाथ यात्रा बुधवार से दोबारा शुरू होगी। लेकिन अभी हेली सेवा से ही धाम तक पहुंच सकेंगे। केदारघाटी में आपदा से हुए नुकसान का हवाई व स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर से यात्रा में 25 फीसदी रियायत की घोषणा की। उन्होंने पैदल यात्रा को भी शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। बीती 31 जुलाई को केदारघाटी में हुई अतिवृष्टि के बाद केदारनाथ यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। बुधवार को मुख्यमंत्री धामी ने केदारघाटी में आपदा से हुए नुकसान का हवाई व स्थलीय निरीक्षण किया।

## एक नजर

### मंदिर की छत पर सो रहा युवक गिरा, मौत

कानपुर। कोहना थानाक्षेत्र में पुराना कानपुर निवासी 36 वर्षीय शानू उर्फ संजय मंदिर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान वह रात में नींद में नीचे गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### पोस्टमार्टम हाउस में परिवार के दो पक्ष भिड़े

कानपुर। बिधनू थानाक्षेत्र के मझावन निवासी 48 वर्षीय राजबहादुर की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस से बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा था। कुछ परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताकर वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम की मांग की। जिस पर पोस्टमार्टम हाउस में परिवार के दो पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

### हादसे में एक की मौत

कानपुर। बारासिरोही कल्याणपुर निवासी 25 वर्षीय दीपक ई-रिक्शा चलाता था। बिठूर थानाक्षेत्र के एनएच-91 में सोमवार रात वह नारामऊ से आईटी गेट जा रहा था। हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

# उर्सला अस्पताल में तीमारदारों ने दो डॉक्टरों को जमकर पीटा

## निमोनिया ग्रस्त था मरीज, छुट्टी नहीं करने पर किया बवाल, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ.राहुल से मारपीट करते उपद्रवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उर्सला अस्पताल से मरीज की छुट्टी नहीं करने पर तीमारदारों ने परिसर में दो डॉक्टरों को सोमवार रात जमकर पीटा। घटना की वजह से उर्सला कैंपस में कर्मचारियों के बीच दहशत फैल गई। परिसर में ही बनी उर्सला चौकी से पुलिस दो से तीन सौ मीटर पर हुए घटनाक्रम में मौके पर नहीं पहुंच सकी। डॉयल 112 की पुलिस ने एक को पकड़ा, लेकिन बाकी सब भाग गए। घटना अस्पताल के सीसीटीवी में कैद है।

उर्सला अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार को एनीमिया ग्रस्त मोहम्मद कमल नाम का एक मरीज पहुंचा, जिसको डॉ.गौतम जैन के अंडर में भर्ती किया गया। शिफ्ट बदलने पर रात में डॉ.राहुल गायकवाड़ आए और वार्ड में राउंड लेने लगे। मोहम्मद कमल का बेटा जबरदस्ती मरीज की अस्पताल से छुट्टी करने की बात कहने लगा। इसपर डॉ. राहुल ने सीनियर डॉक्टर से बात करने के बाद ही छुट्टी मिलने की बात बोली। डॉ. राहुल का आरोप है कि मरीज के बेटे ने किसी अंकित पांडेय नाम के व्यक्ति को कॉल कर अस्पताल बुलाया। वह आते ही गाली-गलौज करने लगा और डॉक्टर की कॉलर पकड़ ली। डॉक्टर युवक को धक्का देकर हॉस्टल की तरफ भागा तो अंकित अपने 10 से 12 साथियों के साथ हॉस्टल पहुंचा और मारपीट करने लगा। आरोपियों ने डॉ.राहुल को पकड़ लिया और ब्लड बैंक की तरफ ले जाकर पीटने लगे। साथ ही जेब में रखे रुपये भी लूट लिए। बचाव के लिए सीनियर डॉ. प्रदीप मौर्या पहुंचे तो युवकों ने उनको भी जमकर पीटा और सिर फोड़ दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं पर गिर पड़े। यह पूरी घटना होती रही, लेकिन परिसर में बनी उर्सला पुलिस चौकी में पुलिस कर्मियों को भनक तक नहीं लगी। डॉयल 112 की गाड़ी अस्पताल परिसर में पहुंची और एक युवक को ही हिरासत में लिया। बाकी हमलावर फरार हो गए। बाद में डीसीपी पूर्वी फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि उर्सला प्रशासन घायल डॉक्टरों के साथ है। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष कुमार का कहना है कि डॉक्टरों से मिली तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### आरोपियों के परिजन अस्पताल परिसर में करते हैं काम

डॉक्टरों के मुताबिक आरोपी अंकित पांडेय के पिता मनोज कुमार पांडेय अस्पताल में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा अन्य जो लड़के थे, उनके भी परिजन अस्पताल परिसर में किसी न किसी पद पर काम करते हैं। परिसर में ही बने क्वार्टर में रहते हैं। डॉक्टरों का आरोप है कि यह लोग आए दिन किसी न किसी के साथ अभद्रता व बदसलूकी किया करते हैं, जिसकी वजह से मरीज व तीमारदारों में भी दहशत बनी रहती है। घटना के बाद से डॉक्टरों के बीच दहशत का महौल है।



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

# गृहकर नहीं, जजिया कर है साहब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को गिनाईं समस्याएं

**अमृत विचार।** नगर निगम पिछले तीन वर्षों से जनता को गृहकर के गलत बिल भेजकर परेशान कर रहा है। जो जनता बिल दे चुकी उसके ऊपर फिर से नया कर लगाकर वसूल किया जा रहा है। जनता के ऊपर तुगलकी जजिया कर लगाया जा रहा है। यह बात मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार से मिलकर कही।

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ जनता की समस्याओं की लिस्ट लेकर पहुंचे पूर्व विधायक ने कहा कि शहर में नाला सफाई के नाम पर बेईमानी की जा रही है। नाले भरे हैं जिसकी वजह से शहर में जलभराव हो रहा है। उप्र. कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व विधायक समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया और समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि पिछले तीन साल से लोगों के घरों में बड़ा हुआ हाउस टैक्स पहुंच रहा है, साथ ही और कई सारी समस्याएं और टैक्स को लेकर लगातार जनता के द्वारा बताई जा रही है। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने कहा कि शहर में नाला सफाई गड़बड़ है और नालियों में गंदगी फैली हुई है। जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उनको बता दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा सभी समस्याओं को हल करने के लिए आश्वासन दिया गया है।

### नगर आयुक्त ने कमेटी बनाई

कांग्रेस नेताओं की ओर से दिये गये ज्ञापन को लेकर नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कमेटी का गठन किया है और समस्याओं की जांच करने के निर्देश दिये हैं। सुधीर कुमार ने कहा कि गृहकर की समस्याओं को लेकर भी अधिकारियों से कैंप लगाने को कहा है, ताकि बढ़े हुये गृहकर को सही किया जा सके।

# जामताड़ा गैंग के चार शातिर ठग गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पकड़े गए ठगों के बारे में जानकारी देते डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव व एसीपी मो. मोहसिन।

- देश के विभिन्न राज्यों में गिरोह करता था ठगी

**अमृत विचार।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्रीन गैस, इंद्रप्रस्थ गैस कनेक्शन धारक और इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन धारकों से साइबर ठगी करने वाले चार शातिर साइबर ठगों को साइबर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी धोखाधड़ी करके उनके खातों से लाखों रुपये की निकासी कर रहे थे।

डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 17 जुलाई को वादी रविंद्र सिंह नेगी निवासी नवीन नगर ने 48,332 रुपये की ठगी होने पर साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद शातिरों की गिरफ्तारी के लिए एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर, एसीपी क्राइम मोहम्मद मोहसिन की टीमें गठित की गईं। टीम लगातार सुरागरशी कर रही थी। इसके बाद सूचना मिलने पर जाजमऊ से चार अंतर्राज्यीय साइबर अपराधी भरत कुमार मंडल निवासी देवघर झारखंड, दूसरा सनोज मंडल और तीसरा दीपक मंडल निवासी जामताड़ा झारखंड और कृष्ण कुमार मंडल निवासी जामताड़ा झारखंड को जाजमऊ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के अनुसार शातिरों के पास से 12 मोबाइल फोन और फर्जी आईडी के प्री-एक्टीवेटेड सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

### अलग-अलग सिम कार्ड का करते थे इस्तेमाल

लोकेशन चिन्हित न हो पाए इसलिए शातिर मधुबनी बिहार में किराए के कमरा लेकर रह रहे थे और हर हफ्ते स्थान बदल-बदल कर होटल में कमरा लेकर विशेष रूप से दरभंगा, सिलीगुड़ी, दार्जीलिंग, गंगटोक में रहते थे और विभिन्न फर्जी आईडी के मोबाइल सिम कार्ड का प्रयोग करके साइबर ठगी करते थे। इन्होंने लखनऊ, आगरा व कानपुर में कई लोगों के साथ साइबर ठगी की है।

### एपीके फाइल भेजकर कर लेते थे धोखाधड़ी

डीसीपी के अनुसार शातिर विभिन्न प्रदेशों में लोगों को अपना निशाना बनाते थे। आम लोग जिन्होंने ग्रीन गैस, इंद्रप्रस्थ गैस व इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन ले रखे हैं, उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से विशेष रूप से बनाई गई एपीके फाइल को भेज कर उनसे संबंधित महत्वपूर्ण डाटा प्राप्त कर उनके बैंक खातों से ऑनलाइन बैंकिंग तथा पेमेंट वॉलेट एप की मदद से उनके सारे रुपये धोखाधड़ी करके निकाल लिए जाते हैं। ठगी से प्राप्त रुपयों को बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम स्थित विभिन्न एटीएम से कैश निकासी कर लेते हैं।

# सड़क किनारे मिले दो अधेड़ के शव

कानपुर। कल्याणपुर और अर्मापुर थानाक्षेत्र में घर से निकले दो अधेड़ सड़क किनारे पड़े मिले। परिजनों ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस को सूचना दी गई है।

गनेश नगर रावतपुर गांव निवासी 48 वर्षीय अखिलेश शुक्ला मजदूरी करता था। वह आशा देवी मंदिर के पास अचेत पड़ा मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इसी तरह एम ब्लॉक काकादेव निवासी सुरेंद्र कुमार विजय नगर चौराहे के पास सड़क किनारे पड़ा मिला था। परिजनों ने बताया कि वह टेंपो चलाता था। परिजन ढूंढते हुए वहां पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# चंद्रयान-3 सड़क के गड्ढों पर धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता पूर्वी वार्ड-63 के पार्षद पति धरने पर बैठे
- की नारेबाजी, सड़क को जल्द बनाने की मांग



सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चंद्रयान-3 के नाम से चर्चित करही-खाड़ेपुर मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढों को भरने की मांग को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय पार्षद पति ने स्थानीय लोगों के साथ धरना दिया। तालाब बनी सड़क पर बैठकर पार्षद पति ने नगर निगम मुर्दाबाद, मुख्य अभियंता मुर्दाबाद के नारे लगाये और जल्द सड़क के निर्माण की मांग की।

धरना दे रहे लोगों ने कहा कि नगर निगम सिर्फ स्थानीय जनता को बेवकूफ बना रहा है। वर्षों से सड़क पर गड्ढों और जलभराव की समस्या है। नगर निगम वादे तो करता है लेकिन, कोई ठोस उपाय नहीं कर रहा है।

नगर निगम सदन में पूर्व में दक्षिण क्षेत्र के करही मार्ग को चंद्रयान-3 के नाम पर करने का प्रस्ताव पास हुआ था। जिसके बाद बनाने को लेकर बजट भी एलॉट किया गया। लेकिन, चंद दिनों बाद ही सड़क का निर्माण सीएम ग्रिड योजना के तहत कराये जाने को लेकर योजना तैयार की गई। टेंडर भी कराने की तैयारी है। जोन 3 बर्रा बाईपास करही रोड से रामबाग तिराहा होते हुये हमीरपुर मुख्य मार्ग मेट्रो लाइन तक 61.51 करोड़ रुपये से सड़क बनाई जानी है। लेकिन, पिछले दो वर्ष से जनता इस योजनाओं के बीच गड्ढों, जलभराव से जूझ रही है। नौबस्ता पूर्वी वार्ड-63 के पार्षद पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने धरने के दौरान बताया कि सड़क की हालत मानो ऐसी है कि जैसे कि चंद्रयान-3 के गड्ढे हों। नगर निगम सड़क को बनाने में देरी कर रहा है।

# अब यूपीआई से यात्री लेंगे अनारक्षित टिकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों को सहूलियत देने के लिए यूपीआई का बारकोड लगाया गया है। जिससे यात्री भीड़-भाड़ से बचकर अब अनारक्षित टिकट खरीद सकेंगे।

सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे ने टिकट काउंटरों पर भीड़भाड़ और फुटकर रुपयों की दिक्कत को देखते हुए यूपीआई से टिकट दिलाने की सुविधा चालू करा दी है। एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि काउंटर पर लगे बार कोड को यात्री मोबाइल से स्कैन करेगा और टिकट की निर्धारित राशि आ जाएगी। इसके बाद पिन नंबर डालते ही स्वीकृति मिल जाएगी और टिकट की निर्धारित धनराशि कट जाएगी। कई बार लाइन लंबी होने के कारण यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। अब यात्री चटपट अनारक्षित टिकट ले सेकेंगे।

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811




Follow us: YouTube hitranindustriesindiapvt.ltd.
9650677862, 6389489489, 9555580327

# जंग-ए-आजादी में 51000 उलेमा शहीद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मस्जिद मोतीमोहाल में जलसे को खिताब करते मुफ्ती शहबाज कासमी। अमृत विचार

- मुल्क की तरक्की और भाईचारा मजबूत करने के बारे में उलेमा करते हैं फिक्र

**अमृत विचार।** मुल्क को आजाद कराने में उलेमा का रोल बहुत महत्वपूर्ण रहा था। जंग-ए-आजादी में शहीद होने वाले 2 लाख मुसलमानों में 51000 उलेमा थे। इन सभी का रिकार्ड तारीख में मिलता है। उलेमा ने अंग्रेजों के खिलाफ फतवा देकर उनकी नींद हराम कर रखी थी। भारत के उलेमा ने हमेशा अपने मुल्क की तरक्की के लिए अनेक काम किये और फिक्रमंद रहते हैं।

मंगलवार को सुतरखाना स्थित मस्जिद मोतीमोहाल में शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की सरपरस्ती में यौमे आजादी के मद्देनजर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलसे आयोजित करके लोगों को ये बताने का अभियान शुरु किया है कि जंगे आजादी में मुसलमानों का क्या रोल रहा है। मुस्लिम युवाओं को पता होना चाहिए कि उनके बुजुर्गों ने इस मुल्क के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं। इसी क्रम में पहला जलसा मोती मोहाल मस्जिद सुतरखाना में हुआ जिसमें मुफ्ती शहबाज कासमी ने कहा कि आजादी इंसान का फितरी और बुनियादी हक है।

मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ फतवा देने वाले शाह अब्दुल अजीज थे। शाह के फतवे ने अंग्रेजों की नींद हराम कर दी। हर तरफ आजादी के नगमे गूंजने लगे। मुल्क की तरक्की के लिए दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ।

# बहन रोकती रही, भाई ने लगा ली फांसी

कानपुर। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के बसंत बिहार इलाके में रहने वाले 34 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन राहुल गुप्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पत्नी सोनी, बच्चे अंशु व गुल्लू बेहाल हैं। साले सानू ने बताया कि रात में वह घर आया इसके बाद अपने को कमरे में बंद कर लिया। इस दौरान उनकी बहन झरोखे से देखकर घटना को अंजाम देने से मना करती रहीं लेकिन उसने एक न सुनी। परिजनों का कहना था कि दो माह पूर्व उनकी गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें 20 हजार रुपये में समझौता हो गया था। राहुल गुप्ता को पीड़ित को रुपये देने थे। जिसको लेकर वह परेशान थे। रात में पंखे के सहारे उसने फांसी लगा ली।

**तकनीक** आईआईटी ने डिवाइस को स्कैन्जनी साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड को किया हस्तांतरित

# आईआईटी की डिवाइस बताएगी मुख कैंसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समझौते के दौरान मौजूद आईआईटी डीन प्रो. तरुण गुप्ता व धीरेंद्र सिंह। अमृत विचार



मुंह परीक्षक डिवाइस।

- इससे क्लिनिकल सेटिंग्स में 90 फीसदी सटीकता के साथ त्वरित व दर्द रहित होगी जांच

**अमृत विचार।** मुंह के कैंसर का पता लगाने के लिए अब मुंह परीक्षक डिवाइस का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पोर्टेबल डिवाइस है, जिसका आविष्कार आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर जयंत कुमार सिंह ने टीम के साथ किया है। डिवाइस मुंह की जांच करने के लिए विशेष रोशनी और कैमरे का उपयोग करती है। मुंह की फोटो का विश्लेषण कर उन्हें सामान्य, कैंसर से पहले या कैंसर के रूप में वर्गीकृत कर तत्काल परिणाम देगी। आईआईटी कानपुर ने मुंह परीक्षक को स्कैन्जनी साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित किया है, दोनों के बीच प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए।

प्रोफेसर जयंत कुमार सिंह के मुताबिक डिवाइस स्मार्टफोन, टैबलेट, आईपैड आदि से वायरलेस तरीके से जुड़ती है। यह उपकरण क्लिनिकल सेटिंग्स में 90 फीसदी सटीकता के साथ त्वरित और दर्द रहित जांच प्रदान करता है। यह सुरक्षित, विकिरण-मुक्त है और इसके लिए किसी अतिरिक्त रसायन या प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होती है। आईआईटी निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि इस तकनीक से मुंह के कैंसर का जल्द पता कर उसका समय पर निस्तारण किया जा सकता है। आईआईटी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो.तरुण गुप्ता ने कहा कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आविष्कार को प्रभावी ढंग से बाजार में उतारना है। जो सभी के लिए किफायती और लाभकारी हो।

आईआईटी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन प्रो.तरुण गुप्ता, आईआईटी के एसआईआईसी के प्रभारी प्रो. अंकुश शर्मा, बीएसबीई विभाग के प्रमुख प्रो. अमिताभ बंद्योपाध्याय, एमपीडीसी में ओरल पैथोलॉजी की प्रमुख और सह-आविष्कारक डॉ. प्रेरणा सिंह, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख और आविष्कारक प्रो. जयंत कुमार सिंह और स्कैनजनी साइंटिफिक के लाइसेंसधारी और निदेशक धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# लेटकर जिलाधिकारी के पास चला पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांशीराम कालोनी अपात्रों को देने की शिकायत करने पहुंचा ऑटो चालक

**अमृत विचार।** सनिगवां में अपात्रों को कांशीराम कालोनी आवंटित कराने का आरोप लगाकर एक ऑटो चालक जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचा लेकिन चालक जमीन पर लेट-लेटकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचना चाहता था। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो चालक की वीडियो बना रही महिला से पूरा वीडियो डिलीट करा दिया और ऑटो चालक को जमीन से उठा दिया।

मंगलवार को ऑटो चालक राकेश सोनी कचहरी पहुंचा और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व जब जिलाधिकारी कार्यालय थोड़ी दूर रह गया तो ऑटो चालक जमीन पर लेट गया और इसी हालत में धीरे धीरे लेटे-लेटे जिलाधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ने लगा। इस दौरान एक महिला उसका पूरा वीडियो भी बना रही थी। पुलिस ने ऑटो चालक को जमीन से उठा दिया। वीडियो डिलीट करा दिया। ऑटो चालक ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाये हैं, उसका कहना है कि सनिगवां के सजारी स्थित कांशीराम कालोनी फेस 1 और फेस 2 में अवैध तरीके से कालोनी बिक्री व किराये पर कालोनी उठाई गई है। कई अपात्र लोग कालोनी को अपने नाम कराकर उसे हजारों रुपये किराये पर उठाये हुए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार वर्मा पुत्र राम जीवन वर्मा निवासी रुदही बाजार, तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ।** मेरा हाईस्कूल जिसका रोल नं0-0414075 वर्ष 1988 तथा इण्टरमीडिएट जिसका रोल नं0-247453 वर्ष 1991 है। उपरोक्त दोनो परीक्षाएँ बी0के0टी0 इण्टर कालेज, बख्शी का तालाब, लखनऊ से उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के प्रमाण-पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने छोटे बेटे नदीम हुसैन को गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल -अचल संपत्तियों व संबंधों से बेदखल करती हूं। इनसे अब मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **-जन्नतुन निशा पत्नी स्व. इनामुल हक ग्राम -हाशिमपारा जिला -बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मै शोएब खान (SHOEB KHAN) पुत्र श्री शकील खान, निवासी - 134 ए, आईआईएम रोड, अल्लू नगर डिगुरिया, लखनऊ-उत्तर प्रदेश-226020 जिसका पासपोर्ट पर जन्मतिथि 15-08-1983 अंकित है जबकि आधार व अन्य दस्तावेजों पर जन्मतिथि 01-01-1972 अंकित है। भविष्य में मेरी जन्मतिथि 01-01-1972 ही जानी जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र अरुण कुमार व उसकी पत्नी कृष्णा के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **-विश्राम सिंह पुत्र स्वर्गीय मुंशीलाल, निवासी- नारायनपुर भानू, थाना बिधूना, तहसील -बिधूना, जनपद- औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र सचिन कुमार उर्फ सर्वेश मोदनवाल की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **-राजकुमार पुत्र हरिमोहन, निवासी- ग्राम टेकारी दांदू, जिला- रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **परवीन ( PARVEEN ) पत्नी श्री शकील निवासिनी - 134 डिगुरिया, अल्लू नगर डिगुरिया, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226020** जिसका पासपोर्ट पर जन्मतिथि 10-04-1957 अंकित है जबकि आधार व अन्य दस्तावेजों पर जन्मतिथि 01-01-1957 अंकित है। भविष्य में मेरी जन्मतिथि 01-01-1957 ही जानी जाएगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **फहमीदा खान** (FEHMEEDA KHAN) **पत्नी श्री शोएब खान निवासिनी- अल्लू नगर डिगुरिया, आईआईएम रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226020** जिसका नाम पासपोर्ट पर (FAHMIDA KHAN) व जन्मतिथि 12-02-1986 अंकित है जबकि आधार व अन्य दस्तावेजों पर नाम (FEHMEEDA KHAN) व जन्मतिथि 01-01-1990 अंकित है। भविष्य में मेरा नाम (FEHMEEDA KHAN) व जन्मतिथि 01-01-1990 ही जानी जाएगी

**आज का मौसम**

मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

| 34.6° | 26.4° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 37 | सूर्यास्त 06 : 52 |

# पावर ऑफ अटार्नी लेने के लिए 25 लाख रुपये दिए, खाता फ्रीज

## सिविल लाइंस में 1700 करोड़ कीमत की नजूल की जमीन कब्जाने का मामला



**जमीन का जुर्म**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में करोड़ों की बेशकीमती नजूल की जमीन कब्जाने के मामले में एसआईटी की जांच में खुलासा हुआ है कि नामजद आरोपी हरेंद्र मसीह ने अवनीश दीक्षित को नजूल की जमीन का पॉवर ऑफ अटार्नी देने के लिए 25 लाख रुपये लिए थे। यह रुपये आनंदेश्वर एसोसिएट फर्म के खाते से हरेंद्र मसीह की संस्था के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद अवनीश दीक्षित ने नजूल की जमीन की देखरेख की जिम्मेदारी जीतेश झा को दे दी थी। पुलिस ने जीतेश झा की फर्म का खाता फ्रीज कर दिया है। इसमें 23 लाख से अधिक की रकम जमा है।

### 639.37 स्क्वायर मीटर भूखंड गायब

केडीए ने नजूल की जमीन का सर्वे पूरा कर मंगलवार को अपनी रिपोर्ट एसआईटी को सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार अवनीश दीक्षित व उसके गिरोह के लोगों ने जिस नजूल के भूखंडों (ब्लॉक-15, भूखंड संख्या-69, 69 ए 69बी ) पर कब्जे का प्रयास किया वह 5 .89 एकड़ यानि 23858 .29 स्क्वायर मीटर था। लेकिन जब केडीए और राजस्व की टीम ने मौके का मुआयना कर जमीन का सर्वे किया तो वहां मौजूदा समय में भूखंड संख्या 69 में 15688 .11 स्क्वायर मीटर, 69ए में 1665 .57 स्क्वायर मीटर व 69 बी में 5865 .24 स्क्वायर मीटर ही मिला। सर्वे टीम के अनुसार वर्तमान में मौके पर 639 .37 स्क्वायर मीटर भूखंड कम मिला। ऐसे में पुलिस विभाग उक्त जमीन को राजस्व विभाग से दोबारा जांच करने की संस्तुति करेगा। इस बात का भी पता लगाया जाएगा कि बाकी भूखंड को किस प्रयोग में लाया गया।




### डीआईओएस को दी थी जमीन की जिम्मेदारी

- एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं क्राइम विपिन मिश्रा के अनुसार नजूल की जमीन पर कब्जे का विवाद काफी पुराना है। वर्ष 2010 में तत्कालीन डीएम रौशन जैकब ने मामले की जांच तत्कालीन एसडीएम को सौंपी थी। एसडीएम ने अपनी जांच में लिखा था कि आजादी से पहले वर्ष 1810 में वूमेंस यूनियन मिशनरी को उक्त जमीन 99 वर्ष फिर यूनाइटेड फॉलोशिप ऑफ क्रिश्चियन सर्विस को लीज पर दी गई थी। इसमें एक गुट इमेनुअल और दूसरा गुट सैमुअल का था। इन दोनों के बीच जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दोनों पक्ष अवैध रूप से अपना दावा कर रहे हैं। नजूल की जमीन को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज करा रहे हैं। वहीं नजूल की जमीन पर जो मैरी एंड मैरी स्कूल संचालित हो रहा है वह भी अनैतिक रूप से संचालित किया जा रहा है। उसमें महज 38 बच्चे ही पढ़ते हैं। लिहाजा नजूल की जमीन की जिम्मेदारी तत्कालीन डीआईओएस को दी जाती है। एडिशनल सीपी का कहना है कि ऐसे में नजूल की जमीन पर दावा करने वाले जालसाज झांसी निवासी हरेंद्र मसीह, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित और जीतेश झा फर्जी तरीके से जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे।

## एक नजर

### बाबूपुरवा में कटखने बंदरों को पकड़ा

**कानपुर।** बाबूपुरवा में कटखने बंदरों का आतंक है। मंगलवार को क्षेत्रीय लोगों ने इसको लेकर हंगामा किया। वार्ड 80 के पार्षद की सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम ने बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया और कई बंदरों को पकड़ लिया।

### रूट मार्च कर सुरक्षा का अहसास दिलाया

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने रावतपुर थानाक्षेत्र में स्थित रामलला मंदिर, बर्तन वाली गली, बकरमंडी, एकता स्वीट हाउस तक आम जनमानस और व्यापारियों मे शांति, सुरक्षा का वातावरण देने के लिए पैदल गश्त की। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक पांडेय, थाना प्रभारी रावतपुर अशोक सरोज मौजूद रहे।

# फरार 12 आरोपियों का वारंट जारी

- रिमांड के लिए पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष को कोर्ट लाया गया
- फर्द की कॉपी न मिलने के कारण टली रिमांड, 9 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजूल की जमीन कब्जाने के प्रयास व डकैती के मामले में फरार 12 आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी कर दिया। पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की रिमांड पुलिस को नहीं मिल सकी। अवनीश के अधिवक्ता ने कोर्ट में आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिस पर 9 अगस्त को सुनवाई की जाएगी।

सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन कब्जाने को लेकर 28 जुलाई को लेखपाल विपिन कुमार की ओर से प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, हरेंद्र मसीह, राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल समेत 13 नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं जमीन पर कब्जेदार रहे सैमुएल गुरुदेव की ओर से 12 नामजद व 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ डकैती, रंगदारी समेत अन्य संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कोतवाली पुलिस ने अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट ने फरार चल रहे हरेंद्र मसीह, राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, जीतेश झा, मोहित बाजपेई, संदीप, विक्की चार्ल्स, अब्बास व जितेंद्र के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया। वहीं मंगलवार को पुलिस अवनीश दीक्षित को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए सीजेएम कोर्ट पहुंची। भारी पुलिस फोर्स के साथ अवनीश को सीजेएम सूरज मिश्रा की कोर्ट में पेश किया गया। अवनीश के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहा उन्हें अब तक फर्द की कॉपी नहीं उपलब्ध कराई गई। अधिवक्ता ने कोर्ट में आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने 9 अगस्त तक का समय दिया। रिमांड के मामले में 9 अगस्त को सुनवाई की जाएगी।

### प्लॉट पर अधिवक्ता का भी कब्जा, रिपोर्ट

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र में आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर के करोड़ों रुपये कीमत के प्लॉट पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के साथी अधिवक्ता मोहित बाजपेई पर कब्जा करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस कमिश्नर को दी। उनके आदेश पर अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने प्लॉट का ताला तोड़ दिया इसके बाद उनका नाम मिटाकर अपना नाम लिख दिया। जिला लखनऊ के आलमबाग हरिहर प्रसाद नगर निवासिनी आईआईटी कानपुर से सेवानिवृत्त वीना काकरिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि अपने रिश्तेदार के साथ बिठूर के बगदौधी कछार परगही कछार नारामऊ में 10-10 बिस्वा जमीन खरीदी थी। संबंध होने के चलते दोनों जमीनों पर एक साथ बाउंड्री करा ली थी। 21 अक्तूबर 2023 को यशोदा नगर निवासी अधिवक्ता मोहित बाजपेई ने पूरी जमीन पर कब्जा कर लिया इसमें सिर्फ मोहित ही नहीं उसका पूरा गिरोह सक्रिय था। आरोप लगाया कि अधिवक्ता होने के कारण पुलिस ने भी सहयोग नहीं किया। अधिवक्ता ने फर्जी दस्तावेज के सहारे कोर्ट से स्टे भी हासिल कर लिया।

### एक करोड़ के प्रस्ताव को ठुकरा दिया

इस मामले में बीच में पड़े एक विधायक और कई अधिवक्ताओं के बीच बैठक की गई। जिसमें मोहित बाजपेई की ओर से 1 करोड़ रुपये में जमीन छोड़ने की बात कही गई। महिला प्रोफेसर ने उसके इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। महिला प्रोफेसर का आरोप है कि किसी तरह पुलिस अफसरों ने जमीन पर कब्जा तो दिलवा दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# करोड़ों की नजूल भूमि सरकारी खाते में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित नजूल की 1700 करोड़ रुपये की जमीन सरकार के खाते में दर्ज हो गई है। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित कमेटी ने इसकी संस्तुति की थी। टीम ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट भेजी, जिस पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने निर्णय लिया।

हडर्ड स्कूल के सामने नजूल की जमीन पर कब्जे का मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर, अपर नगर मजिस्ट्रेट की जांच टीम गठित की थी। टीम ने दस्तावेज की पड़ताल की। मौजूदा समय में उक्त जमीन पर रहने वालों के बयान दर्ज किए। जांच में पता चला कि जमीन की लीज खत्म हो चुकी है। जमीन की लीज को 25 साल के लिए बढ़ाया गया था, जिसकी समयावधि भी समाप्त हो चुकी है। मिशन कंपाउंड के रूप में जमीन का प्रयोग किया जाना था, मगर मौजूदा समय में भवन जर्जर है। इसके अलावा वहां कोई स्कूल भी नहीं चल रहा है। जमीन को शादी-विवाह के लिए किराए पर उठाने की बात भी जांच में सामने आई है। नजूल विभाग के अनुसार जमीन का लीज रेंट जमा करने के लिए कोई आवेदन भी नहीं आया है और न ही कोई दस्तावेज मिला। लीज रेंट भी किसी ने नहीं जमा किया।

# दीवार गिरने से घायल महिला की मौत

- चमनगंज में हुआ था हादसा, तीन अन्य घायलों का हैलट अस्पताल में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में रविवार को जर्जर मकान की गिरी दीवार में दबकर अधेड़ महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मलबे से निकालकर चारों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान हैलट अस्पताल में महिला ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। वहीं तीन अन्य का उपचार अभी चल रहा है।

चमनगंज में मोहम्मद अली पार्क के पास निवासी मोहम्मद शकील ने बताया कि मोहम्मद रहीस की पत्नी 55 वर्षीय रफीका बेगम, भांजी 18 वर्षीय अलीशा, बहू 30 वर्षीय मिसवा, नौ माह का पोता मोहम्मद साथ में रहते हैं। उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित मुन्ना मारूति का घर है। जो काफी समय से जर्जर हालत में पड़ा है। उसके मकान में विशाल बरगद का पेड़ निकला है। जर्जर होने के कारण हादसे के अंदेशे को देखते हुए इलाकाई लोगों ने नगर निगम से घर गिराने के लिए कहा था। लेकिन उन लोगों ने एक नहीं सुनी। बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे वह चारों गली से होते हुए जा रहे थे, तभी उसके जर्जर मकान की दीवार उन लोगों पर ही गिर गई। चारों लोग मलबे में दब गए। सबको हैलट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां रफीका बेगम ने मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। लापरवाही से हुए हादसे में महिला के मौत के कारण परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने मामले की जांच की। उन लोगों का कहना है कि वह लोग थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।



चमनगंज इलाके में गिरी पड़ी दीवार।

# आधे पार्षद नहीं पहुंचे अधिकार जानने

**कानपुर।** शहर के 110 पार्षदों के लिये कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एक्सपर्ट ने 'जनता के मुद्दों' को उठाना सिखाया। कार्यशाला में आधे भी पार्षद नहीं पहुंचे।

कार्यशाला को 2 स्तर में बांटा गया । 74वां संविधान संशोधन और इसकी स्थिति तथा भूमिकाओं के साथ ही पार्षदों के उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में नगरपालिका वित्त, भारतीय शहरों में सर्वोत्तम प्रथाएं, नगर निगम से जुड़े विभागों की जानकारी व कार्य की सीख दी गई। बैठक में पार्षद विकास जायसवाल, अभिषेक गुप्ता मोनू, नीरज बाजपेई, लियाकत अली, अभय ऋचा शुक्ला रहे।

# इंडिगो ने मांगा नाइट हैंगर सुबह की फ्लाइट मिलेगी

- रात में विमान रोककर सुबह दिल्ली के लिए उड़ान शुरू की जाएगी
- सुबह 9 बजे कानपुर से टेकआफ, शाम 4.30 बजे दिल्ली से उड़ान

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिगो एयरलाइंस ने कानपुर एयरपोर्ट के प्रबंधन से रात में हैंगर (विमान रुकने का स्थान) मांगा है ताकि रात में विमान को यहां रोका जा सके और सुबह 9 बजे दिल्ली के लिये उड़ान हो सके।

इंडिगो एयरलाइंस ने विमान पत्तन प्राधिकरण और कानपुर एयरपोर्ट के जिम्मेदारों को मेल के माध्यम से कहा है कि कानपुर से सुबह दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरु होनी है, ऐसे में विमान को कानपुर में ही रात के समय रोकने की जरूरत पड़ेगी। कानपुर में ऐसी कोई व्यवस्था फिलहाल नहीं है, जहां विमान को रोका जा सके। कानपुर से दिल्ली के लिये सुबह 9 बजे उड़ान की काफी समय से व्यापारी मांग कर रहे हैं। व्यापारी चाहते हैं कि सुबह दिल्ली जायें और दिनभर दिल्ली में अपना काम करने के बाद शाम को ही दिल्ली से कानपुर वापस आ जायें। अब इंडिगो एयरलाइंस भी व्यापारियों के बताये रास्ते पर चलने की कोशिश कर रहा है।

कानपुर से दिल्ली पहुंचने में फ्लाइट को 1 घंटा लगता है। व्यापारियों का कहना है कि सुबह 9 बजे कानपुर से उड़ान भरकर विमान दिल्ली में सुबह 10 बजे लैंड करे। दिल्ली से शाम 4.30 बजे उड़ान भरे और शाम 5.30 बजे कानपुर में लैंड करे।




### आकाशा को फिर आने का न्यौता दिया

- कानपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिये एक बार फिर आकाशा एयरलाइंस को न्यौता भेजा गया है। आकाशा ने कानपुर से उड़ान के लिये हामी भर ली थी लेकिन फिलहाल कानपुर के बजाय अयोध्या से उड़ान भरने लगा है। उम्मीद है कि जल्द ही आकाशा कानपुर से उड़ान भरने लगेगा। कानपुर एयरपोर्ट से फिलहाल तीन फ्लाइट हैं। कानपुर से मुंबई और कानपुर से दिल्ली के लिए प्रतिदिन फ्लाइट है जबकि सप्ताह में तीन दिन बेंगलुरु के लिए उड़ान है।

> आकाशा एयरलाइंस से फिर संपर्क साधा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही आकाशा का विमान कानपुर से उड़ान भरने लगेगा।
>
> -संजय कुमार, निदेशक, कानपुर एयरपोर्ट

# हाईकोर्ट ने उम्रकैद को 10 साल के कारावास में बदला

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने हत्या में सुनाई थी उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 50 रुपये के विवाद में पार्टनर की चाकू मार कर हत्या करने वाले युवक को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कानपुर की कोर्ट में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषी ने फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के दो सदस्यीय न्यायाधीश की खंडपीठ ने दोषी को गैरइरादतन हत्या की धारा में दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई।

अजीज व सलीम गोश्त बेचने का काम करते थे। दोनों के बीच 50 रुपये को लेकर विवाद हो गया था। मामले को सुलझाने के लिए सलीम ने अजीज को अपने घर बुलाया। बातचीत के दौरान सलीम ने अजीज पर घर में रखी चाकू से वार दिया था, जिसमें अजीज की मौत हो गई थी। अजीज के परिजनों ने सलीम पर हत्या में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सलीम को हत्या में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

सलीम ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता व मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ में हो रही थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व में कोई दुश्मनी नहीं थी। बातचीत के दौरान केवल क्षण भर के आवेश और उकसावे में बिना परिणाम जाने अपीलकर्ता ने पेट में चाकू घोंप दी। जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि आवेश के एक क्षण में घटी घटना से अपीलकर्ता के पास हत्या करने का कोई पूर्व नियोजित इरादा नहीं था और हो सकता है कि उसे अपने कार्यों के घातक परिणामों की ऐसी उम्मीद ना रही हो। जिस पर यहां आईपीसी की धारा 302 के अंतर्गत कोई अपराध नहीं बनता है। अपीलकर्ता का इरादा संभवतः मृतक पर दबाव डालना था, न कि उसे शारीरिक चोट पहुंचाना। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपीलकर्ता के इरादे, घटना के तरीके, प्रयुक्त हथियार और चोट की प्रकृति को देखते हुए अभियुक्त के कृत्य को आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के अंतर्गत रखा जा सकता है। खंडपीठ ने अपीलकर्ता को 10 साल की सजा सुनाई।

# चरस तस्कर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख जुर्माना

- नेपाल से चरस लाकर शहर व आसपास के जिलों में बेचता था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नेपाल से चरस लाकर शहर व आसपास के जनपदों में सप्लाई करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गैंग के तस्कर को एडीजे-11 की कोर्ट ने 15 साल कैद की सजा सुनाई। एसटीएफ कानपुर की टीम ने अक्टूबर 2021 में दोषी को यशोदा नगर स्थित शराब ठेके पास से गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से 25 किलो से अधिक चरस बरामद की गई थी।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 28 अक्टूबर 2021 को एसटीएफ इंस्पेक्टर लान सिंह को सूचना मिली कि चरस तस्कर गैंग के सदस्य ने शुक्लागंज में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। मौके पर टीम पहुंची तो पता चला कि तस्कर चरस की डिलीवरी के लिए यशोदा नगर गया हुआ है। एसटीएफ नौबस्ता पुलिस के साथ यशोदा नगर स्थित वृंदावन लॉन के पास स्थित शराब ठेके पास पहुंची तो एक संदिग्ध हाथ में बैग लिए हुए खड़ा था। टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर बैग की तलाशी ली, जिसमें 25.300 किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय कुमार अग्रवाल उर्फ राजन मूल निवासी नेपाल, जिला परसा वीरगंज थाना व हाल पता उन्नाव, गंगाघाट, आदर्श नगर निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। मामला एडीजे-11 सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि अभियोजन की ओर से 7 गवाह पेश किए गए थे।






पुलिस की गिरफ्त में जुआरी। अमृत विचार

# लाजपत नगर में घर से पकड़ा जुआ

**कानपुर।** नजीराबाद पुलिस ने सोमवार देर रात पॉश इलाके लाजपत नगर में एक घर पर छापा मारकर जुआखाना पकड़ा। जुआ खिला रहे युवक समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। फड़ से 2.03 लाख रुपये व आरोपियों की तलाशी में 2,7,875 रुपये बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया सोमवार देर रात लाजपत नगर निवासी दलजीत सिंह के घर पर जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने दलजीत सिंह के घर पर छापा मारा। वहां से कौशलपुरी निवासी रमनदीप, सुमित आहुजा, तरनदीप सिंह उर्फ हनी, गगन दीप सिंह, हरप्रीत सिंह, कार्तिक लखवानी, गोविंद नगर निवासी गुरदीप सिंह उर्फ निक्कू, लाजपत नगर निवासी अभिषेक पांडेय उर्फ ओमजी समेत दलजीत को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। जुआरियों के पास से कैश भी बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**राष्ट्र प्रेम** | 11,12 और 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालेगी

# भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हर घर तिरंगा अभियान के जरिये भाजपा राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने में जुट गई है। पार्टी 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन करेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर, दुकान, फैक्ट्री, अस्पताल, कारखाना, स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान आदि जगहों पर तिरंगा फहराने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 11, 12 और 13 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। पार्टी कार्यकर्ता 12, 13 और 14 अगस्त को स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम के तहत अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको नमन करेंगे। 13, 14 और 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता शहर वासियों से संपर्क करके प्रत्येक घर और व्यावसायिक केंद्रों में हर घर तिरंगा फहराएंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पार्टी मौन जुलूस निकालेगी और पार्टी कार्यालय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन करेगी। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि विभाजन विभीषिका दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मंडल स्तर पर 8 से 10 अगस्त और उसके बाद बूथ स्तर तक बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक कार्यक्रम से स्थानीय नागरिकों को जोड़ना है। इस मौके पर महापौर प्रमिला पांडेय, पं बाल चंद्र मिश्र, विधायक महेश त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजन चौहान, विनोद मिश्रा, शिवपूजन सविता, अनुराग शुक्ला, विनय मिश्रा, अमन शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण रहे।



कार्यशाला का उद्घाटन करते महापौर प्रमिला पांडेय, प्रकाश पाल। अमृत विचार



# नगर आयुक्त दफ्तर में जबरन घुसे, हंगामा

## मिलने से रोकने पर एबीवीपी कार्यकर्ता हुए आग-बबूला, बैठक में घुसने से नाराज नगर आयुक्त बोले-पीएसी बुलाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार शाम नगर आयुक्त सुधीर कुमार से मिलने पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओं को इंतजार कराने पर जमकर हंगामा हुआ। नगर आयुक्त के दफ्तर में जबरन घुसकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों के साथ बदतमीजी की। बीच बैठक पहुंचे कार्यकर्ताओं से नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जब समस्या पूछी तो कार्यकर्ता न मिलने को लेकर बहस करने लगे। नगर आयुक्त ने पीएसी बुलाने की चेतावनी दी। इस पर कार्यकर्ता और आग-बबूला हो गए और कहने लगे कि बुला लीजिए पीएसी, इस दौरान अफसरों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच 15 मिनट तक हंगामा हुआ, बाद में सुरक्षा गार्डों और अधिकारियों के समझाने पर बाहर निकले। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

एबीपीवी विभाग संगठन मंत्री आशुतोष सिंह की अगुवाई में मंगलवार शाम करीब 5 बजे 2 दर्जन से अधिक कार्यकर्ता नगर आयुक्त से मिलने नगर निगम पहुंचे थे। इस दौरान नगर आयुक्त अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में बैठक कर रहे थे तो उन्होंने कार्यकर्ताओं को रुकने के लिये संदेश भिजवाया। इस पर भड़के कार्यकर्ता नगर आयुक्त के कमरे के अंदर घुस गये। नगर आयुक्त ने समस्याएं पूछीं तो उल्टा नगर आयुक्त से पूछने लगे कि आपने बीते 10 दिनों में शहर के लिए क्या किया। नगर आयुक्त के ऑफिस में हंगामा होता देख कर्मचारी नेता भी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने भी एबीवीपी कार्यकर्ताओं को हटाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। इस पर कर्मचारी नेता भी विरोध में उतर आए। उन्होंने हंगामे में शामिल एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग की है।

### पार्षदों से भी कार्यकर्ताओं ने की बदतमीजी

नगर निगम मुख्यालय में मौजूद भाजपा पार्षद भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पार्षदों ने हंगामा न करने के लिए कहा। इस पर कार्यकर्ता पार्षदों से ही भिड़ गए। इस रवैये को देखकर पार्षद भी किनारे खड़े हो गए। इस दौरान बैठक में मौजूद कई जोनल अधिकारियों की भी कार्यकर्ताओं से बहस हुई। करीब आधा घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई।



नगर आयुक्त के आफिस के बाहर हंगामा करते दुकानदार। अमृत विचार

# नगर निगम में स्ट्रीट वेंडर्स का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोतीझील के आसपास से दुकानों को हटाने का विरोध
- अपर नगर आयुक्त ने समस्याएं सुनीं, कमेटी गठित

**अमृत विचार।** मोतीझील से हटाए गये स्ट्रीट वेंडर्स ने नगर निगम मुख्यालय में हंगामा किया। स्ट्रीट वेंडर्स ने नगर आयुक्त के कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। जिसके बाद अपर नगर आयुक्त ने उनकी बात सुनी। उन्होंने कहा कि नियम के विपरीत दुकानें नहीं लगेंगी। नगर निगम द्वारा मोतीझील के आस-पास अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। इस पर मोतीझील के आसपास फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर बड़ी संख्या में नगर निगम मुख्यालय पहुंच गए। काफी देर तक नगर आयुक्त के कमरे के बाहर मौजूद वेंडर ने जमकर नारेबाजी की। अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया। स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन की कार्यक्रम संयोजिका आभा चतुर्वेदी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगों के घरों के चूल्हे उजाड़े जा रहे हैं। जब तक दुकानें नहीं लगेंगी तब तक दुकानदारों के साथ वह प्रदर्शन करेंगी।

## पेट्रोल पंप पर बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में स्थित रायपुर बॉर्डर पर पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने के लिए खड़े बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

कटरा भैंसोर निवासी 23 वर्षीय विवेक कुमार दोस्त गोलू शर्मा के साथ मंगलवार सुबह बाइक में पेट्रोल भरवाने गया था। वह पंप पर पेट्रोल भरा रहा था कि इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पीछे बैठा गोलू किनारे जा गिरा, जबकि विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। इस बीच ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। विवेक को हैलट ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चाचा शिवप्रकाश ने बताया वह बीएससी के बाद फौज में जाने की तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। फुटेज में सचेंडी पुलिस को दिखा कि टक्कर मारने वाला ट्रक कुछ देर पहले खड़ा था। जब विवेक पेट्रोल भरवाने लगा तभी चालक ट्रक ले आया और विवेक की तरफ मोड़ दिया। इससे पीछे बैठा गोलू उछलकर गिर गया वहीं विवेक ट्रक और पंप के बीच दब गया। आरोप है कि चालक ने ट्रक बैक कर फिर से उसे टक्कर मारी।

# रिंग रोड की कार्यदायी संस्था का चयन 18 को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पैकेज-2 (ए) महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी को जल्द मिलेगी पर्यावरण एनओसी

**अमृत विचार।** 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना के पैकेज-2(ए) की कार्यदायी संस्था का चयन 18 जुलाई को होगा। परियोजना को कैबिनेट से मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया में तेजी कर दी गई है। जल्द ही पर्यावरण मंजूरी भी मिलने की एनएचएआई को संभावना है।

7800 करोड़ की लागत से रिंग रोड परियोजना तैयार की गई है। 1754 करोड़ की लागत से बनने वाले 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज एक मंधना से सचेंडी व 1604 करोड़ की धनराशि से तैयार होने वाले पैकेज चार मंधना से रमईपुर का टेंडर राज कारपोरेशन लिमिटेड को दिया गया है। वहीं ऋषिकेश की हिलवेज कंपनी को 613 करोड़ की लागत से 19.235 किलोमीटर लंबे पैकेज तीन रमईपुर से आटा तक के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं पैकेज टू (ए) महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी व पैकेज टू (बी) ट्रांसगंगा सिटी से आटा में बांटा गया है। जिसकी कुल लंबाई 27.900 किलोमीटर है। तीन पैकेजों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पैकेज दो की टेंडर प्रक्रिया काफी समय से लंबित पड़ी हुई थी। जिसके प्रस्ताव पर मुहर के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने रिंग रोड परियोजना की फाइल कैबिनेट में भेजी थी। पूरे देश से कुल 8 प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में शामिल किए गए थे। रिंग रोड के प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। परियोजना निदेशक अमन रोहिला ने बताया कि कैबिनेट से प्रस्ताव पर मुहर के बाद जल्द ही पर्यावरण मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने वाली है। एनएचएआई मुख्यालय ने टेंडर जारी करने की तिथि 18 जुलाई निर्धारित की है।

## सार-संक्षेप



कुछ इस तरह से गंगा में छलांग लगाई युवक ने। अमृत विचार

### बिजली के खंभे से गंगा में मौत की छलांग

**कानपुर।** मंगलवार को भैरव घाट स्थित बिजली के पोल पर चढ़कर युवक का गंगा में छलांग लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घाट पर एक युवक बिजली के खंभे पर बैठा है, फिर खड़ा हुआ इसके बाद गंगा में मौत का खतरनाक स्टंट करते हुए कूद गया। इसी तरह अन्य युवकों का भी स्टंट दिनभर चलता रहा। खतरनाक स्टंट देखकर वहां मौजूद लोग ताली बजाकर पैसे फेंकते नजर आए। भैरव घाट पर कई वर्षों से ऐसा खतरनाक स्टंट होता चला आ रहा है। इसके बाद बावजूद पुलिस ने आज तक कोई सख्ती नहीं दिखाई।

### रुपया मांगने पर महिला दुकानदार को पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एक दुकान में सामान खरीदने के बाद रुपये मांगने पर आरोपी ने महिला दुकानदार को पीट दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जाजमऊ निवासी पूजा गुप्ता के अनुसार उनकी चुंगी पर पान मसाले की दुकान है। उन्होंने बताया कि चार जुलाई की दोपहर को उनकी दुकान पर रेहान नाम का युवक आया। उसने दुकान से कोल्डड्रिंक और चिप्स लिए। जब उन्होंने रुपये मांगे तो आरोपी धौंस दिखाने लगा। साथ ही पीड़िता समेत उनकी सास निशा गुप्ता से मारपीट की। उन्होंने जाजमऊ थाने में शिकायत की। इस संबंध थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### एसडीएम ने 28 लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदले

**कानपुर।** एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने मंगलवार को 28 लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदल दिए। एसडीएम सदर ने बताया कि आठ लेखपाल नए हैं, जिनको क्षेत्र आवंटित किया गया है। वहीं लंबे समय से एक क्षेत्र में तैनात अनेक लेखपाल का कार्यक्षेत्र बदला गया है। लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, आलोक तिवारी, प्रतीक शुक्ला, स्नेहस शुक्ला, मुजफ्फर हुसैन, शरद शुक्ला, अरविंद तिवारी और कुलदीप गुप्ता समेत कई के तबादले किए गए हैं।

### स्वर्ण शताब्दी में यात्री को पड़ा दिल का दौरा

**कानपुर।** स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस के सी-5 कोच में सफर कर रहे यात्री को दिल का दौरा पड़ गया। कोच कंडक्टर ने एनाउंसमेंट कराया तो ट्रेन में सफर कर रहे दो डाक्टरों ने मदद की। सेंट्रल पर ट्रेन पहुंचते ही यात्री को जिला अस्पताल भेजा गया। यात्री एसएस इकबाल (62) मंगलवार को पत्नी तहसीन, बेटी आयशा, मां कैसर के साथ स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे। ट्रेन दिन में करीब दस बजे इटावा से चली तो एसएस इकबाल को अचानक दिल का दौरा पड़ा। उनके बेहोश होने पर बेटी और पत्नी ने कोच कंडक्टर जितेंद्र कुमार से मदद मांगी। जितेंद्र ने चलती ट्रेन में कोच में एनाउंसमेंट कराया तो ट्रेन में सफर कर रहे दो डाक्टर तत्काल मौके पर पहुंचे और मरीज को एक दवा दी। जिससे उन्हें राहत मिली। इसके बाद सेंट्रल पर जैसे ही ट्रेन 11.20 बजे पहुंची, रेलवे डाक्टरों ने एसएस इकबाल को उतारकर चेकअप किया और जिला अस्पताल ले जाने को कहा। लेकिन परिजन उन्हें एक नर्सिंगहोम ले गए।

## एक नजर

### ट्रेनों में हो रही फायर उपकरणों की जांच

**कानपुर।** रेलवे अधिकारियों व आरपीएफ ने ट्रेनों में फायर उपकरणों की जांच शुरू की है। मंगलवार को कई ट्रेनों में चेकिंग की गई। चार ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चला और कई प्रकार की कमियों को दूर किया गया। ट्रेनों के अंदर अग्निशमन यंत्र, लूज कनेक्शन, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एसी पैनल, पेंट्रीकार एलपीजी सिलिंडर के रखरखाव को देखा। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी सिंह ने बताया कि यह अभियान सेंट्रल से निकलने वाली हर ट्रेन में चलाया जाएगा।

### मुरी के पेंट्रीकार में अवैध वेंडर पकड़ा

**कानपुर।** मंगलवार को अधिकारियों ने कई ट्रेनों में चेकिंग की। मुरी एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में एक अवैध वेंडर को पकड़ा। बिना टिकट यात्रा करने वालों से 15600 रुपये वसूले गए। रेलवे अधिकारी और आरपीएफ स्टाफ ने लंबी रूट की कई ट्रेनों में चेकिंग की। मुरी एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में अवैध वेंडर मिले। पेंट्रीकार में दूसरी कंपनी की पानी की बोतलें बिक्री होते मिली। चेकिंग टीम ने बोतलों को कब्जे में लेकर आईआरसीटीसी को शिकायत भेजी।

# डाकघर में एफडी खुलवाकर धोखाधड़ी, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेकनगंज थानाक्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** अपने परिचित से डाकघर में एफडी खुलवाना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोपियों ने पीड़ित की दो एफडी खुलवाईं। जिसमें एक नौ लाख तो दूसरी तीन लाख की थी। पीड़ित के ज्यादा ध्यान देने पर आरोपियों ने रुपये निकाल लिए। रुपये कटने का मैसेज आने पर पीड़ित को जानकारी हुई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हूलागंज कछियाना निवासी मनोज कुमार द्विवेदी के अनुसार उनके पिता शिव शंकर द्विवेदी पोस्टल विभाग के पेंशनर हैं। वह अपना सारा पैसा डाकघर में ही जमा करते थे। अक्टूबर 2020 में उनके पुराने परिचित राजाराम दिवाकर व भाई लक्ष्मी शंकर के कहने पर पिता ने दो एफडी एक नौ लाख रुपये की व दूसरी साढ़े तीन लाख रुपये की करवा दी। आरोप लगाया कि फरवरी 2024 में लक्ष्मी शंकर का बेटा छोटू घर आया और पासबुक दे गया। जिसके कुछ समय बाद 50 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। आरोपी के बेटे से पूछने पर उसने बताया कि पापा गांव में हैं और उनकी तबियत खराब है। इसलिए रुपयों की जरूरत थी निकाले हैं, बाद में दे दूंगा। आरोप है कि इसके बाद छानबीन की तो नौ लाख रुपये की एफडी की जगह नौ हजार लिखा था, जबकि साढ़े तीन लाख रुपये वाली एफडी की जगह साढ़े तीन हजार रुपये लिखे थे। उन्हें शक है कि पोस्ट आफिस कर्मियों ने आरोपियों के साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। बेकनगंज थाना प्रभारी मतीन ने बताया कि राजाराम दिवाकर, लक्ष्मीशंकर दिवाकर, छोटू के खिलाफ अमानत में खयानत, धोखाखड़ी, कूटचरित दस्तावेज में रिपोर्ट दर्ज की है।

## मुकदमा वापस न लेने पर डॉक्टर ने पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस से आरोप लगाया कि दुष्कर्म का मुकदमा वापस न लेने पर आरोपी डॉक्टर ने उनके साथ मारपीट की और मोबाइल तोड़कर धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

रेलबाजार में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे रामादेवी स्थित एक नर्सिंग होम में कार्यरत थीं। जहां डॉ शोएब आलम ने उन्हें झांसे में लेकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ फरवरी 2024 में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद चकेरी पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। बाद में आरोपी जमानत पर बाहर आ गया और 16 जुलाई को बातचीत करने के लिए उसे नर्सिंग होम के पास बुलाया। आरोप है कि जहां पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल भी तोड़ दिया। उन्हें मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की।

# सामूहिक विवाह योजना से वंचित न रहे कोई पात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- योजना की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पात्र लाभार्थी सामूहिक विवाह योजना से वंचित न रहें। इसके लिए खुद पात्र लाभार्थी का सर्वे करें। ग्राम पंचायत सचिव को 5-5 आवेदन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। मंगलवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने यह आदेश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वधर्म समभाव व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की प्रेरणा से सामूहिक विवाह योजना संचालित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की बेटियों की शादी के लिए प्रति युगल 51000 रुपये व्यय किए जाने की व्यवस्था है। योजना के लाभ के लिए पात्र आवेदक पोर्टल, वेबसाइट के माध्यम से विवाह तिथि से एक सप्ताह पूर्व ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहें। इसके लिए खुद पात्र लाभार्थी का सर्वे करें। लाभार्थियों को समाज कल्याण विभाग के पोर्टल http://cmsvy.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कराएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि योजना के प्रचार-प्रसार की सामग्री संबंधित विकास खंड, स्थानीय निकाय को उपलब्ध कराएं। बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह व सभी खंड विकास अधिकारी व विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गौ आश्रय वाले जानवर नहीं ले रहे, फसलें बर्बाद

- नरवल के पनौरी गांव में किसान परेशान

**कानपुर।** ग्राम पनौरी नरवल के किसानों ने मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन से मुलाकात करके उन्हें बताया कि खेतों को बर्बाद कर रहे अन्ना जानवरों को पकड़कर गौ आश्रय ले जाकर किसान देने की कोशिश करते हैं तो वहां ये कहकर वापस कर दिया जाता है कि गौ आश्रय जानवरों से फुल है। ऐसे में किसान परेशान हैं।

नरवल के ग्राम पनौरी के रहने वाले रवि प्रताप सिंह की अगुवाई में किसानों ने विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन से मुलाकात की और उन्हें बताया कि गांव और आसपास के गांवों में अन्ना जानवर किसानों के लिए मुसीबत बने हैं। रात-रातभर किसान खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। किसानों ने सीडीओ से अनुरोध किया कि वे गौ आश्रय का हाल जरूर देखें ताकि उनके सामने सच्चाई आ सके।

# बांझपन के इलाज में रोबोटिक सर्जरी कारगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंफर्टिलिटी क्लब ऑफ कानपुर की बैठक में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** हर्ष नगर स्थित एक होटल में इंफर्टिलिटी क्लब आफ कानपुर की बैठक हुई, जिसमे बांझपन के इलाज में रोबोटिक सर्जरी की भूमिका पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी प्रजनन उपचार के परिदृश्य को बदलने का कार्य कर रहा है।

रीजेंसी आईवीएफ की रीप्रोडक्टिव मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ.यूथिका बाजपेई ने बताया कि बांझपन वैश्विक स्तर पर लाखों जोड़ों को प्रभावित करता है। रोबोटिक तकनीक को समाहित करने से उन लोगों को नई आशा मिलती है, जो प्रजनन स्वास्थ्य चुनौतियों का प्रभावी और कम आक्रामक समाधान खोज रहे हैं। रोबोटिक सर्जरी पारंपरिक सर्जिकल तरीकों की तुलना में कई लाभ प्रदान करती है। डॉ. मोनिका सचदेवा ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी से सभी रोग के अनुभव में सुधार आ रहा है। इससे दर्द कम और मरीज ठीक जल्द होता है। इस दौरान डॉ. ममता अग्निहोत्री, डॉ. कंचन शर्मा, डॉ. प्रीति निगम, डॉ. नीना गुप्ता व डॉ. प्रतिभा आदि डॉक्टर रहीं।




रोबोटिक सर्जरी की जानकारी देतीं डॉ.यूथिका बाजपेई। अमृत विचार

**विकास की ओर** — कानपुर मंडल में हथकरघा व वस्त्रोद्योग की 1341 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाएं

# 908 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर

**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौजूदा वित्तीय वर्ष में अब तक 32 करोड़ की परियोजनाओं का हो चुका है करार

**अमृत विचार।** हथकरघा व वस्त्रोद्योग विभाग की 908 करोड़ की परियोजनाएं अब तक जमीन पर उतर चुकी हैं। पिछली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले कानपुर मंडल के कारोबारियों ने 1,341 करोड़ रुपये का करार किया था। इनमें 40 परियोजनाएं शामिल थीं। इन परियोजनाओं में 22 परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाकी परियोजनाएं भी जल्द ही काम शुरू करेंगी।

इसमें निवेश करने वाली परियोजनाओं में टेक्सटाइल, टेक्निकल टेक्सटाइल और गारमेंटिंग एंड अपेरल की यूनिट सबसे अधिक हैं। अगली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तेजी से उद्यमी आकर्षित हो रहे हैं। कानपुर मंडल में अब तक इसके लिए 7 परियोजनाएं जुड़ चुकी हैं। यह परियोजनाएं 3250 करोड़ रुपये का नया निवेश करने जा रही हैं। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के संयुक्त आयुक्त केपी वर्मा ने बताया कि अगली ग्राउंड सेरेमनी के लिए पिछली बार से अधिक का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

### नई पीढ़ी छोड़ रही काम

जाजमऊ पोखरपुर की बुनकर अबीदा बानो व जुमराथन अंसारी ने बताया कि इस काम में छोटे कारीगर को अब ग्राहक नही मिलते। अधिक खर्चों और सीमित खरीदार की वजह से बाजार में प्रतियोगिता बहुत बढ़ गई है। शहर में लगभग 24 सौ हथकरघा उद्योग से जुड़े कारखाने हैं, जो अब हर साल कम हो रहे हैं। नई पीढ़ी अब इस उद्योग से नहीं जुड़ना चाहती।

### स्वदेशी आंदोलन से जुड़ा दिन

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस को 7 अगस्त को मनाए जाने के पीछे कारण काफी रोचक है। पूरे विश्व में सबसे बड़े हथकरघा उद्योग वाले भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हथकरघा का विशेष महत्व रहा है। हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं व वस्त्र के बहिष्कार के लिए स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत 7 अगस्त 1905 को की गई थी। इसी आंदोलन के चलते हथकरघा तत्कालीन भारत के लगभग हर घर में खादी बनाने की शुरूआत हुई थी। इसी कारण से भारत सरकार ने 7 अगस्त 2015 से राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाए जाने शुरूआत की है।

### समस्याएं जस की तस

हथकरघा से जुड़े कारोबारियों ने बताया कि एक ओर बड़ी यूनिट तेजी से विकास कर रहीं हैं। दूसरी ओर पॉवरलूम की सहायता से दरी, फर्श दरी सहित अन्य सामान बनाने वाले बुनकर परेशान हैं। जाजमऊ पोखरपुर में हथकरघा से जुड़े कारोबारी सदरुद्दीन अंसारी ने बताया कि वे लोग लंबे समय से बिजली सहित अन्य सब्सिडी की मांग कर रहे हैं। उन लोगों की आज तक सुनवाई नहीं हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी वि0ख0 बिधनू कानपुर नगर

पत्रांक – मेमो/2024–25 दिनांक 06.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओ / रजि0 ठेकेदार को एतदद्धारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्योरी वि0ख0 विधनू कानपुर नगर के वार्षिक कार्ययोजना मे सम्मिलित पंचम वित्त आयोग, पन्द्हवा वित्त आयोग, मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 की धनराशि से प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, मौरग, बालू सरिया, ईट गिट्टी आदि की निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुसार सामग्री हेतु मोहरबन्द निविदाए आंमत्रित की जाती है। निविदा 07.08.2024 से 14.08.2024 तक निशुल्क किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी के पंचायत भवन में जमा की जा सकती है। व निविदा दिनांक 14.08.2024 को समय अपरान्ह 02 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन न्योरी में समिति के समक्ष खोली जायेगी। आयकर कटौती व जीएसटी का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार रहेगा कि वह बिना बताये ये निविदा निरस्त कर सकती है। दर्शाये गये कार्यो को ग्राम पंचायत न्योरी धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने के निर्देश दिये जायेगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनु0लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | भुगतान प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमित प्रजापति के दरवाजे से मेन डामर रोड तक नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण। | 1.98 | 100 रू0 | 07 दिन | FFC/SFC |
| 2 | कम्पोजिट विद्यालय मेन गेट से महेश प्रजापति के दरवाजे तक नाली निर्माण कार्य। | 1.25 | 100 रू0 | 07 दिन | FFC/SFC |

नियम व शर्ते (1) उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है।(2) निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।(3) निविदा दाताओं की जीएसटी / पैन / फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर देना होगा।(4) निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा।(5) सामग्री घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार होगा।(6) आइटम रेट प्राक्कलन कि दशा में 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर/ बैकडाफट् / के रूप में ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी। व निविदा स्वीकृत के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी।(7) प्रत्येक कार्य के लिये अलग से आवेदन करना होगा।(8) यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।(9) ठेकेदार को नियत समय में कार्य को समाप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा ग्राम पंचायत विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– न्योरी, वि0ख0 बिधनू
कानपुर नगर

सचिव
ग्राम पंचायत– न्योरी, वि0ख0 बिधनू
कानपुर नगर

## एक नजर

### सीएसजेएमयू में हुआ महा रुद्राभिषेक

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को सावन मास में द्वादश पार्थिव ज्योतिर्लिंगों का प्रस्थापन हुआ। इसके बाद दीनदयाल शोध केंद्र में महा रुद्राभिषेक समारोह का आयोजन कर्मकांड के छात्रों व आचार्यों ने कराया। महारुद्राभिषेक समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .विनय कुमार पाठक ने सपरिवार, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो . सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ . अनिल कुमार यादव ने मुख्य जजमान की भूमिका निभायी। द्वादश पार्थिव ज्योतिर्लिंग पीठों में विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षकों व कर्मचारियों ने जजमान की भूमिका निभायी।

### गृहकर के बड़े बकायेदारों की कुर्की होगी

**कानपुर।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने गृहकर वसूली की समीक्षा बैठक में कम से कम 2 करोड़ रुपये प्रतिदिन की वसूली के निर्देश दिये। अब तक 98 करोड़ की वसूली की गई है। निर्देश दिये कि वार्षिक लक्ष्य 500 करोड़ रुपये निर्धारित करते हुए वसूली की जाये। बड़े बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की की जाये। सरकारी भवनों पर बकायेदारी के लिये पत्र भेजा जाये। नगर आयुक्त ने जोन-4 की वसूली सबसे कम पाये जाने पर रोष व्यक्त किया।

### अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की ओर से 150 संस्थाओं का किया गया सम्मान

# समाजसेवियों की एकजुटता से देश व प्रदेश का विकास

- फाउंडेशन के पांचवें स्थापना दिवस पर प्रथम एनजीओ सम्मेलन वर्कशाप का आयोजन
- शहर में पहली बार एक छत के नीचे इतने समाजसेवी इकट्ठा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट चेंबर हॉल में पांचवें स्थापना दिवस पर प्रथम एनजीओ सम्मेलन वर्कशॉप का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सभी समाज के लोगों व समाजसेवियों को आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इससे समाज में आपसी समरसता में वृद्धि होती है और लोगों में समाजसेवा की भावना पैदा होती है। हमारी यही शक्ति प्रदेश व देश के विकास में मददगार साबित होती है।

अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने वरिष्ठ समाजसेवी राकेश अग्रवाल, हरि तोषनीवाल, सीताराम खत्री, मनोज सेंगर, सुशील चक, तरनजीत सिंह, निर्मल कपूर, मनप्रीत कौर, उमा शुक्ला व डॉ.अनुपम जैन को सेवा श्री रत्न सम्मान से सम्मानित किया। 150 अन्य संस्थाओं के



मंच पर उपस्थित फाउंडेशन से सम्मानित समाजसेवी व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

अध्यक्ष व पदाधिकारी के साथ डॉ. हेमंत मोहन, डॉ. आरती मोहन को भी सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि समाजसेवियों के आगे आने पर शहर का विकास भी जल्द होगा। अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया कि पहली बार कानपुर में एक ही छत के नीचे इतने समाज सेवी एकत्र हुए। अगर सभी संस्थाएं मिलकर बड़े कार्य करें तो देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। महासचिव सुरभि द्विवेदी ने बताया कि आज के समय में शहर, प्रदेश व देश को ऐसे समाज सेवियों की जरूरत है, जो समाज की सेवा के लिए आगे आएं। विनायक पोद्दार ने कहा कि समाजसेवियों को हमेशा जरूरतमंद लोगों के लिए तत्पर रहना चाहिए और उनकी समस्याओं को दूर कराने का प्रयास करना चाहिए। प्रमुख सचिव विनीता अग्रवाल ने सभी संस्थाओं को जागरूक किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल, सुपर्णा, विशिष्ट अतिथि आईएम रोहतगी, उमेश पालीवाल, एसएन अग्रवाल, गिरिराज अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, राम गोपाल तुलस्यान, श्रीगोपाल तुलस्यान, अनिरुद्ध पोद्दार, नरेंद्र कुमार ओमर, अशोक अग्रवाल, गौरी गुप्ता, जया शुक्ला समेत आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का प्रयास बचाने पर पति व भाई की पिटाई

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। बीच बचाव करने आए पति और भाई की आरोपियों ने पिटाई कर दी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चकेरी निवासिनी महिला ने पुलिस को बताया कि चकेरी सब्जी मंडी में चाय की दुकान है। 29 जुलाई की रात चकेरी लाला पुरवा निवासी अंशु यादव, रामचन्द्र चार अन्य साथियों के साथ उनकी दुकान के अंदर घुस आये और उनके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर पति व भाई बचाने आए तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पीटा। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी मौके से भाग निकले। मारपीट में पति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने शिकायत अहिरवां चौकी व चकेरी थाने में की। सुनवाई न होने पर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक दुबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दिखेंगे जापानी कंपनियों के मॉडल फार्म प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में मंगलवार को जापानी कंपनी के 15 अधिकारी पहुंचे। कंपनियों ने सीएसए के वीडियो कांफ्रेंस हाल में देश में अपनी दक्षता के अनुसार मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों पर तकनीकी प्रदर्शन सहभागिता पर प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू ने इस परियोजना की महत्ता व क्रियान्वयन पर चर्चा की।

अपर मुख्य सचिव डॉ.सुधीर एम बोबडे ने परियोजना को शीघ्र शुरू करने के साथ ही छात्रों के कौशल विकास, दक्षता व इंडस्ट्रियल क्षेत्र में प्रयोगात्मक इंटर्नशिप और छात्रों के एक्सचेंज के लिए विशेष बल देने को कहा। साथ ही प्रदेश के औद्योगिक विकास में जापानी तकनीक कैसे सहायक हो सकती है, इसपर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। जापान में कृषि एवं वानिकी विभाग की सलाहकार डॉ. सुशील यामामोटो ने विश्वविद्यालय व जापानी प्रतिनिधियों के मध्य समन्वय और मॉडल फार्म प्रोजेक्ट


कृषि एवं वानिकी विभाग की सलाहकार डॉ.सुशील यामामोटो का स्वागत करते सीएसए कुलपति।

को सितंबर से लेकर मार्च तक की कार्ययोजना के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के लिए विचार विमर्श किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे, मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू व छह सदस्यीय जापानी प्रतिनिधि मंडल, डॉ. पीके सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. विजय यादव, डॉ.मुनीश कुमार व डॉ. आरबी सिंह मौजूद रहे।

# दूसरे चरण में बनने वाली सड़कों को टीम ने देखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएम ग्रिड योजना के तहत बननी हैं चार सड़कें
- पहले चरण की चार सड़कों के लिये 9 को टेंडर

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत पहले चरण में बनने वाली चार सड़कों के टेंडर अब 9 अगस्त को खुलेंगे। पहले 6 अगस्त को खुलने थे। पहले दूसरे चरण में प्रस्तावित 5 सड़कों को बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को अरबन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) की टीम ने शहर आकर चार सड़कों के निर्माण के लिए निरीक्षण किया। दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र की सड़कों पर अधिकारी पहुंचे और बारीकियां जानीं। टीम की हरी झंडी के बाद ही सड़कों को बनाने की कागजी प्रक्रिया शुरू होगी।

कानपुर नगर निगम को गृहकर के लक्ष्य से ज्यादा वसूली पर मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड योजना) के तहत 100 करोड़ रुपये पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवंटित किए गए हैं।

इस धन से इस योजना की गाइडलाइन के अनुसार निर्माण के लिए चार सड़कें चयनित की गईं। इनके निर्माण के लिए टेंडर 6 अगस्त को दोपहर तक पड़ने थे और शाम को खुलने थे। लेकिन, अधिकारियों ने 3 दिन की मोहलत और दे दी है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी पूर्व नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में नगर निगम ने लगातार दूसरी बार निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा गृहकर वसूला। इस बार भी इसी योजना के दूसरे चरण के तहत भी चालू वित्तीय वर्ष में कानपुर नगर निगम को 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी धन से नई सड़कें बनाई जानी हैं। मंगलवार को यूरिडा टीम के सदस्य अद्वितीय जानी और सागर कुमार ने प्रस्तावित अलग-अलग सड़कों का निरीक्षण किया।

टीम के सदस्य डबल पुलिया से शन्नेश्वर चौराहा होते हुए कल्याणपुर-पनकी रोड पुलिस चौकी तक, यशोदानगर बाईपास से श्रीराम चौक होते हुए पेट्रोल लाइन तक, फजलगंज फायर स्टेशन से बैंक ऑफ बड़ौदा होते हुए केसा तिराहा तक, दीप सिनेमा तिराहा से सोंटे बाबा मंदिर चौराहा होते हुए एच-ब्लॉक चौराहे तक का निरीक्षण किया। अब टीम की हरी झंडी के बाद ही सड़कों को बनाने के लिये सभी प्रक्रियाएं पूरी कर टेंडर जारी किये जायेंगे।



करपात्री जयंती के अवसर पर मौजूद अतिथियों को स्मृति चिह्न दिया गया। अमृत विचार

# गौ रक्षा और राम राज्य स्थापना का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वामी करपात्री जी महाराज की धूमधाम से मनाई गई 117 वीं जयंती

**अमृत विचार।** रामराज परिषद् के तत्वावधान में बाबू ओंकारनाथ चतुर्वेदी धर्मशाला में स्वामी करपात्री जी महाराज का 117 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें गौ रक्षा व राम राज्य स्थापना का संकल्प लिया गया।

दीप प्रज्वलन ज्योतिषाचार्य पंडित के ए दुबे पद्मेश ने किया। उन्होंने करपात्री जी महाराज के बारे में कहा कि वह एक युग पुरुष थे और उन्होंने भारतीय संस्कृति सनातन धर्म और गौ रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर के महंत गोविंद दास ने करपात्री जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि करपात्री जी महाराज का जीवन कर्म भक्ति और ज्ञान का संगम था। उन्होंने धर्म रक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। डॉ जी डी खेड़िया ने बताया कि वह उच्च कोटि के संत थे। पूजा पाठ आदि के बाद वह समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के कार्यों में जुट जाते थे। पंडित सुधीर मिश्रा ने बताया कि देश में गौ हत्या बंद करने के लिए महाराज ने अथक परिश्रम किया। उन्होंने बड़े-बड़े आंदोलन किये, सत्याग्रह किया और जेल की यात्राएं कीं। उन्होंने अखिल भारतीय गोरक्षण अहिंसा धर्म युद्ध समिति की स्थापना भी की थी। डॉ उमेश पालीवाल ने बताया कि महाराज श्री चाहते थे कि देश के बच्चों को भारतीय संस्कृति और पुरातन परंपराओं के अंतर्गत देववाणी संस्कृत में शिक्षा दी जाए। वह इसके लिए धर्म संघ शिक्षा मंडल की स्थापना भी करने में सफल हुए। बृजेश्वरी उमा माताजी ने बताया कि वह निर्जल एकादशी रहते थे। रामराज परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि महाराज का विचार था कि शासन के धार्मिक और अनैतिक प्रवाह को बिना राजनीति में प्रवेश किया रोक नहीं जा सकता। तब महाराज ने अखिल भारतीय रामराज परिषद की स्थापना की जो पूर्ण रूप से राजनीतिक संस्था थी। राम के राज्य में जो नियम और कानून थे वहीं संस्था के नीतिगत सिद्धांत बना गए। उनका यह विचार था कि भारत विश्व का हृदय स्थल है और यहां पर रामराज जैसा शासन होना चाहिए जहां सबको न्याय सुलभ हो और जनता सर्वविध सुखी हो। रामराज परिषद उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर भारत में रामराज जैसी शासन प्रणाली लाना चाहती है। अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी करपात्री जी का यह जन्म दिवस गौ रक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में बलराम मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, राजीव अग्निहोत्री, विनीत मिश्र, रजनीकांत चतुर्वेदी, प्रवेश चतुर्वेदी, नवीन चतुर्वेदी, रमेश चंद दीक्षित, रमेश चंद पांडे के आर तिवारी, बृजेश दीक्षित, अभिषेक दीक्षित रहे।

## सार-संक्षेप

### फुटबाल प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी शहर की लड़कियां

**कानपुर ।** स्टेट लेवल सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन व ट्रायल ग्रीनपार्क स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता जौनपुर इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टडियम में होगी। उप खेल निदेशक आरएन सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय की ओर से स्टेट लेवर समन्वय सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता 11 से 18 अगस्त तक आयोजित होनी है। जिसमें कानपुर मंडल की टीम भी भाग लेगी। स्टेट लेवर सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता से पूर्व जिला व मंडल स्तरीय ट्रायल्स व चयन प्रक्रिया ग्रीनपार्क स्टेडियम में होगी। जिसमें खिलाड़ियों को आयु प्रमाणपत्र लाना जरूरी है। प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी पात्र होगा, जिसका जन्म एक जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 के बीच हुआ है। सब-जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल्स 8 अगस्त को शाम तीन बजे व मंडल स्तरीय ट्रायल्स 9 अगस्त को शाम तीन बजे से ग्रीनपार्क में होगा।

### खो-खो में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**कानपुर।** बर्रा-दो स्थित पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन स्कूल में दो दिवसीय अंतर पब्लिक स्कूल खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को हुआ। बालिका वर्ग के मैच में सरसैयद स्कूल ने श्रीराम पब्लिक स्कूल को पराजित किया। मरियमपुर स्कूल ने गौरव इंटरनेशनल स्कूल को व पूर्णचंद्र स्कूल ने पं . दीनदयाल उपाध्याय स्कूल को पराजित किया। सीएचएस ने सरदार पटेल स्कूल को हराया। बालक वर्ग में जीएचएस ने सरसैयद स्कूल को, पूर्णचंद्र ने सरदार पटेल पब्लिक स्कूल को पराजित किया। गौरव इंटरनेशनल स्कूल ने श्रीराम एजुकेशन को, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन ने पं . दीनदयाल स्कूल को हराया।

### सर्वोदय नगर में फिर फटी पेयजल लाइन

**कानपुर।** पिछले दिनों सर्वोदय नगर में तेज धमाके के साथ फटी पेयजल लाइन मंगलवार को फिर से फट गई। अभी यहां गड्ढे को भरा भी नहीं गया है। शाम पांच बजे पेयजल लाइन से फव्वारा निकलने लगा। देखते ही देखते गड्ढे में पानी भरने लगा। सूचना पर जलकल ने पेयजल लाइन से सप्लाई बंद कराई है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता अजमल हुसैन के अनुसार पेयजल लाइन में बड़ा लीकेज नहीं है। इससे पानी की सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को लीकेज ठीक कर लिया जायेगा। लो प्रेशर से पानी की सप्लाई जारी रहेगी। पिछले दिनों पेयजल लाइन फटने से पांच दिन पानी की समस्या रही थी। करीब 40 मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी थी।


पाइप लाइन फट गई। अमृत विचार

### स्तनपान से निमोनिया का खतरा 4 गुना होता कम

**कानपुर।** भारतीय बाल रोग अकादमी ने विश्व स्तनपान सप्ताह पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थिएटर-वन में कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो . संजय काला ने बताया कि मां का दूध बच्चे के लिए अमृत के समान होता है। जन्म के पहले घंटे से ही दूध पिलाने से बच्चे का मानसिक व शारीरिक विकास अच्छी तरह होता है। छह माह तक मां के दूध के अतिरिक्त कुछ भी नहीं देना चाहिए। छह माह के बाद मां के दूध के साथ पूरक आहार शुरू करना अति आवश्यक है। डॉ .यशवंत राव ने बताया कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे पांच के अनुसार भारत में पहले घंटे में केवल 42 फीसदी माताएं ही नवजात को अपना दूध पिलाना शुरू करती हैं। जबकि केवल 62 फीसदी माताएं ही लगातार छह माह तक अपना दूध पिलाती हैं। डॉ . अमितेश यादव ने बताया कि मां का दूध पीने वाले बच्चों में डिब्बे का दूध पीने वाले बच्चों की तुलना में डायरिया 15 गुना व निमोनिया चार गुना कम होता है। मृत्यु की संभावना तीन गुना कम रहती है। बच्चों में आगे चलकर डायबिटीज, मोटापा, हाइपरटेंशन, एलर्जिक बीमारियां आदि की संभावना काफी कम रहती है। वही, बाल रोग सभागार में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ .रेनू गुप्ता ने बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं में स्तन व अंडाशय का कैंसर होने की संभावना काफी कम हो जाती है। साथ ही प्रेगनेंसी के दौरान बढे वजन को कम करने में मदद मिलती है। इस दौरान बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ .एके आर्या, डॉ .एसके बर्मन, डॉ .नेहा अग्रवाल, डॉ .शैलेंद्र गौतम, डॉ .प्रतिभा सिंह डॉ .राखी जैन आदि रहे।

### हरियाली तीज महोत्सव मनाया


**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे महिला वेलफेयर की ओर से मंगलवार को हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिविका सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद गणेश वंदना व स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति डॉ . सविता त्रिपाठी ने दी। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न गीतों पर नृत्य किए, झूला झूले और गेम के साथ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम का संचालन संगठन की सचिव मोनिका शर्मा ने किया।

# डीएम ने कई मामलों पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में लाभ न मिलने पर कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचार।** जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कई मामलों पर नाराजगी जताई। लोकतंत्र सेनानी के कई चक्कर लगाने के बावजूद सुनवाई न होने पर त्वरित समस्या निरस्तारण के आदेश दिए।

लाल बंगला के काजीखेड़ा निवासी रामकुमार सक्सेना ने जिलाधिकारी को बताया कि उनकी छह साल की बेटी दीपाली न्यूरो की समस्या से पीड़ित है। उसे लगातार इंजेक्शन लगेगा तभी जीवन की रक्षा होगी। रामकुमार ने आर्थिक कमजोरी भी बताई। इस पर तत्काल हैलट के चिकित्सकों को कहा गया तो जानकारी हुई कि वह कुछ दिन पहले आए थे, पर काम नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए पीआरओ से कहा कि लगातार निगरानी की जाए और रिपोर्ट दें। वहीं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ वर्ष 2021 से न मिलने पर जिलाधिकारी संबंधित अफसरों पर नाराज हुए। घाटमपुर गोपालपुर निवासी उमेश ने बताया कि उनके भतीजे अवधेश की मृत्यु 2021 में हुई थी। तीन साल से लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन लाभ नहीं मिला है। इस पर जिलाधिकारी ने योजना का लाभ दिलाने व संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। शिवराजपुर के राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आपातकाल में पांच साथियों समेत जेल में रहे। कई बार लोकतंत्र सेनानी घोषित किए जाने के लिए चक्कर लगाए, मगर सुनवाई नहीं हुई। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त राजेश कुमार को पत्र लिखकर निराकरण के निर्देश दिए।

**जनसमस्या** पैदल रास्ते पर भी निकलना दुश्वार, जाम से जूझते रहते हैं व्यापारी

# कल्याणपुर क्रॉसिंग अतिक्रमण का अड्डा, राहगीर बेहाल

संवाददाता, कल्याणपुर

- क्रॉसिंग के सामने सवारी बैठाते हैं आटो व ई-रिक्शा चालक
- पैदल रास्तों पर सब्जी दुकानों का फैला है अतिक्रमण

**अमृत विचार।** कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास अतिक्रमण और उसके कारण लगने वाला जाम व्यापारियों, राहगीरों के लिए ही नहीं, पैदल लोगों के लिए भी मुसीबत बनी है। क्रॉसिंग के पास पानी भरा होने से दोपहिया वाहन रपट जाते हैं। लोग जख्मी होते हैं। पैदल रास्ते पर अतिक्रमण के कारण लोग बेहाल होते हैं। क्रॉसिंग के सामने ही आटो व ई-रिक्शा चालक वाहन खड़ा करके सवारियां बैठाते हैं। जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, मगर कोई देखने वाला नहीं है।

कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास जिस रास्ते दोपहिया वाहन प्रवेश करते हैं, उसी स्थान पर पानी भरा है। दोपहिया वाहन रपट जाते हैं। कई राहगीर जख्मी हो चुके हैं। पैदल रास्ते पर अवैध सब्जी की दुकानों का अतिक्रमण है। क्रॉसिंग के पास डिवाइडर की दो सरिया निकली हैं, जो राहगीरों को चोट पहुंचा सकती हैं। रेलवे लाइन से लेकर मार्केट तक ई-रिक्शा, आटो, फल के ठेला व काम की तलाश में निकले मजदूरों से जाम की स्थिति बनी रहती है। क्रॉसिंग के पास ही पनकी रोड पर दीवार पर चश्मे वाले अपनी दुकानें सजाए बैठे रहते हैं। सबकुछ देखें तो कल्याणपुर क्रासिंग इस समय अतिक्रमण का अड्डा बनी है। यहां से हर विभाग के अधिकारी रोज गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं है।



फुटपाथ पर दुकानों का कब्जा। अमृत विचार


क्रासिंग के पास भरा पानी। अमृत विचार

## बोली जनता


दुकानों के बाहर अनेक ठेले वाले व ई-रिक्शा जमावड़ा लगा लेते हैं। जिससे ग्राहकों को अपने वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती है।
-अनुज राजावत, चेयरमैन कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल


व्यापारियों को अतिक्रमण व जाम से परेशानी हो रही है। व्यापारी व आने वाले ग्राहकों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही शासन व प्रशासन अपनी बात पहुंचाई जाएगी।
-बब्बन शर्मा, महामंत्री


कल्याणपुर क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम परेशानी का सबब बना है। आटो व ई-रिक्शा वालों के लिए निश्चित स्थान भी नहीं है।
-राहुल शुक्ला, जिला अध्यक्ष कल्याणपुर ग्रामीण व्यापार मंडल


व्यापारियों व क्रासिंग से होकर आने-जाने वाले राहगीरों की समस्या जटिल होती जा रही है। अतिक्रमण व आटो, ई-रिक्शा वाले मनमानी पर उतारू हैं।
-राजेश चंदेल, जिला अध्यक्ष

# हादसे में अधेड़ की मौत, मुगल रोड पर लगा जाम

**रेउना थाना क्षेत्र के श्रीनगर में हुआ दर्दनाक हादसा ● गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन, एसीपी पहुंचे**

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** रेउना थाना क्षेत्र के श्रीनगर में मुगल रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। ट्रक में फंसकर वह करीब 50 मीटर घिसटता चला गया। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। जाम लगने से मुगल रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के समझाने के बाद जाम खुल सका।

रेउना थाना क्षेत्र के दुबाई गांव निवासी रामसिंह (50) मंगलवार को तेल पिराई कराने के लिए श्रीनगर के कारखाने आया था। यहां उसका नम्बर काफी बाद था। विलंब होने के कारण वह दवा लेने चला गया। मेडिकल स्टोर से दवा लेने के बाद वह सड़क पार कर कारखाना लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वह घिसटता हुआ करीब 50 मीटर तक चला गया, जिससे उसके चीथड़े उड़ गए। घटना से गुस्साए लोगों ने घाटमपुर-भोगनीपुर मुगल रोड पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे रेउना थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद घाटमपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पहुंचे और उन्होंने भी समझाने का प्रयास किया, परंतु परिजन नहीं माने। इसके बाद एसीपी रंजीत कुमार सिंह पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।


मुगल रोड पर जाम से भारी वाहनों की कतार लगी रही। अमृत विचार


श्रीनगर में अधेड़ की मौत के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, पुलिस समझाने की कोशिश करती रही। अमृत विचार

- **ट्रक में फंसकर 50 मीटर घिसटता चला गया अधेड़**
- **जाम से मुगल रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी**

### चार घंटे ठप रहा यातायात

चार घंटे बाद जाम खोला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बकरियों से लदे ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक भोगनीपुर के चौरा बकरी बाजार से बकरियां लादकर कोलकाता जा रहा था। उसमें लगभग एक हजार बकरियां भरी थीं।

### कानपुर-सागर हाईवे पर अन्ना मवेशी से टकराई कार, घाटमपुर इंस्पेक्टर घायल


अन्ना मवेशी से टकराने के बाद कार पलट गई।

**घाटमपुर।** कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की कार अन्ना मवेशी से टकराने के बाद पलट गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त होने के साथ वह घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज किया गया। घाटमपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह प्रयागराज निवासी एक रिश्तेदार के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से सोमवार देर रात लगभग 12 बजे वह अपनी कार से घाटमपुर लौट रहे थे। कानपुर-सागर हाइवे पर जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी अचानक उनकी कार के सामने अन्ना मवेशी आ गया। उसे बचाने के लिए उन्होंने अचानक ब्रेक लगाई तो कार अन्ना मवेशी से टकराकर अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इंस्पेक्टर को सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने इलाज किया।

## सीधी भिड़ंत के बाद धू-धूकर जलीं बाइकें

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** साढ़ में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद दोनों बाइकों में आग लग गई। साढ़ पुलिस ने घायल बाइक सवार को भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हैलट रेफर कर दिया। फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

साढ़ थाना क्षेत्र के नसड़ा गांव निवासी दीपक राठौर जरूरी काम से फतेहपुर जिले के अमौली गया था। वहां से देर रात अपने घर लौट रहा था, तभी साढ़ थाना क्षेत्र के नेवादा गांव के पास सामने से आए बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में शार्ट सर्किट के बाद आग लग गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक भाग निकला। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घायल को भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है।


साढ़ में हादसे के बाद धू-धूकर जलती बाइक। अमृत विचार


मकरंदपुर बांगर मं मतदान के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। अमृत विचार

## प्रधान के उपचुनाव में 53 फीसदी मतदान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकरंदपुर बांगर में मंगलवार को ग्राम प्रधान पद के लिए उप चुनाव हुआ। ग्राम पंचायत के कुल 4312 मतदाताओं में से 53.13 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। एआरओ राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मतदान सकुशल हुआ।

ग्राम पंचायत मकरंदपुर बांगर में मंगलवार को ग्राम प्रधान पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसमें 53.13 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए कुल 6 प्रत्याशी हैं, जिनमें अंकित, अंजू, जगजीवनराम, नवल किशोर, पुष्पेंद्र और मोहित कुमार शामिल हैं। मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। एआरओ राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि उपचुनाव सकुशल संपन्न कराया गया है। ग्राम पंचायत में कुल 4265 मतदाता हैं, जिनमें से कुल 53.13% मतदाताओं ने वोट डाले हैं। मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र से घाटमपुर ब्लॉक परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम भेजा गया है।

## दरोगा की कार में पीछे से घुसा ऑटो

**घाटमपुर।** दरोगा की कार में तेज रफ्तार ऑटो पीछे से जा घुसा। हादसे में ऑटो चालक समेत कार सवार दरोगा को चोट आई है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दरोगा चित्रकूट से लखनऊ जा रहा था। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है।

चित्रकूट निवासी दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि वह दरोगा के पद पर कार्यरत है। सोमवार देर रात वह चित्रकूट से अपनी कार से लखनऊ लौट रहे थे, तभी कानपुर-सागर हाइवे पर घाटमपुर क्षेत्र के चीनी मिल मोड़ के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ऑटो ने कार में पीछे से टक्कर मार दी और सड़क पर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक फतेहपुर जिले के कोड़ा जहानाबाद निवासी बैजनाथ का बेटा कुलदीप समेत कार सवार दरोगा दिनेश चंद्र तिवारी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# गंगा में डूबा युवक बरामद नहीं

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** सोमवार सुबह सरैया के खेरेश्वर घाट पर स्नान करते समय गंगा में डूबे युवक की मंगलवार को भी दिन भर तलाश जारी रही। स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम स्टीमर के जरिए सर्च ऑपरेशन चलाती रही, लेकिन शाम तक बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल सकी।

स्नान के दौरान गहरे पानी में डूब जाने के बाद सोमवार को गोताखोरों ने युवक को बचाने का प्रयास किया था, लेकिन उसे बरामद करने में कोई कामयाबी नहीं मिल सकी थी। पुलिस की सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम लगातार युवक की तलाश करती रही, लेकिन सोमवार देर शाम तक कोई कामयाबी नहीं मिली। मंगलवार सुबह से शाम तक फिर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

कानपुर, कल्यानपुर के गोबा गार्डन निवासी हाकिम सिंह का बेटा अभिषेक यादव उर्फ गोविंद (28) अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने सरैया घाट आया था। स्नान के दौरान वह डूब गया। पास नहा रहे श्रद्धालुओं के शोर मचाने पर गोताखोरों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया, किंतु कोई पता नहीं चल सका था। इसके बाद पहुंची एनडीआरफ टीम मंगलवार को भी गंगा नदी में स्टीमर से युवक की तलाश में तलाश करती रही, किंतु सफलता नहीं मिली। देर शाम तक युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम लगी रही, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। अब तो परिवार वालों की भी सांस की आस टूट रही है। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम लगी है।


मंगलवार को युवक की तलाश में जुटी रही एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

- **दिन भर युवक की तलाश में जुटी रही एनडीआरएफ टीम**
- **घाट पर मौजूद रहे परिवार के लोग, टूट रही सांस की आस**

## सार-संक्षेप

### ससुरारीजनों ने महिला को पीटा, एफआईआर दर्ज

**घाटमपुर।** क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी सुशीला ने बताया कि मंगलवार को उसने अपने पति सुशील कुमार को सूतफेनी लेने दुकान भेजा था। पति के जाते ही ससुर विजय पाल घर आया और गालियां देने लगा। उसने विरोध किया तो ससुर ने दूसरे पुत्र शनि को बुलाकर घसीटकर लाठी-डन्डो से पीटा। पति जब दुकान से आया तो घटना की जानकारी दी। ससुर कई बार मारपीट कर चुका है। शरीर में अन्दरूनी व बाहरी चोटें आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### डीसीपी ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक रूल समझाए

**बिठूर।** सिंहपुर के गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि 18 वर्ष की आयु से कम वाले बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। अपने अभिभावकों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर एसीपी कल्याणपुर और ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


छात्रों को जागरूक करते डीसीपी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बिधनू में प्रधानों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** मंगलवार को विकास खंड सभागार में ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन और बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार पटेल ने प्रधानों और सचिवों को ग्राम स्तरीय योजनाओं के विषय में बहुपयोगी जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. नीरज सचान ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों और प्रधानों को आगामी 10 अगस्त से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के बारे में जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेश चंद निगम ने ग्राम प्रधानों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

कार्यशाला में डिस्टिक प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु सक्सेना, डीसी विक्रम शर्मा, नैंसी शुक्ला, पूजा तिवारी, वर्षा शुक्ला, अजीत सिंह, नीरज, मनीष, रामपाल, शेषनारायण, दीपा, लवकुश कुमार, रिचा उमराव, अनिल शर्मा, पीएन गोस्वामी, जीतेन्द्र मिश्रा, अनुज मिश्रा, जनार्दन सिंह चंदेल, अरविंद कुशवाहा, संग्राम सिंह, सहित 59 ग्राम प्रधानों में से 53 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद डीपीआरओ मनोज कुमार पटेल। अमृत विचार

- **ग्राम स्तरीय योजनाओं के बारे में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

## अश्लील वीडियो वायरल करने की एफआईआर दर्ज

**घाटमपुर।** लड़कियों की इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड करने और लड़कियों को बदनाम करने की साजिश रचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। भदरस गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी लड़कियां व पत्नी गृहकार्य करती हैं। कुछ अराजकतत्व फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम में अश्लील फोटो और अभद्र शब्द लिखकर अपलोड कर दिया है। इसकी जब बेटियों को जानकारी हुई तो दोनों बदहवाश हो गईं। दोनों बेटियों का मानसिक सन्तुलन खराब हो गया है। परिवार बहुत ही परेशान है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दूसरी शादी की खुशी में लड्डू बांटते समय मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** ककवन कस्बे में मंगलवार को एक अजीबो गरीब वाक्या हुआ। तीन महीने पहले पत्नी के साथ छोड़कर चली जाने के बाद अवशाद में डूबे युवक ने मंगलवार को दूसरी महिला से शादी की। शादी की खुशी में वह मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद लड्डू बांट रहा था, तभी उसकी सांसें थम गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ककवन निवासी ललित दुबे उर्फ पटोले पुत्र रामआसरे (35) की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताते हैं कि ललित दुबे थाने के पास किराए पर रहता था। तीन महीने पहले उसकी पत्नी दूसरे युवक के साथ दो बच्चे लेकर रहने चली गई थी, जिसके बाद से युवक अवसादग्रस्त था। बताते हैं कि मंगलवार को उसने एक महिला से दूसरी शादी रचाई। शादी के बाद वह शाम को ही मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद लड्डू बांट रहा था। इसी बीच सीने में अचानक दर्द हुआ और वह गिर पड़ा। पल भर में ही उसकी सांसें थम गईं। मोहल्ले के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

- **तीन महीने पहले पत्नी छोड़ कर दूसरे के साथ चली गई थी**

**निरीक्षण** गायों के लिए हरे चारे की मुकम्मल व्यवस्था करने के निर्देश, ग्राम विकास अधिकारी का रोका गया वेतन

# सीडीओ ने गौशाला और आवासीय विद्यालय का देखा हाल

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** शिवराजपुर ब्लॉक क्षेत्र के खोदन गांव के गौशाला का मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में फैली गंदगी देखकर नाराजगी जताई और गौशाला के बाहर नल की जगह पक्का निर्माण कराने के लिए सचिव को निर्देश दिए। उन्होंने गायों के लिए हरा चारा और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की हिदायत दी। इसके बाद उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की।

मंगलवार दोपहर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन खोदन गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान गौशाला में फैली गंदगी देखकर सीडीओ ने सफाई करने के निर्देश दिए, साथ ही गोपालकों को गायों के चारे के साथ ही देखभाल के निर्देश दिए। गौशाला के बाहर से कच्चे नल के आसपास गंदगी देख उन्होंने पक्का निर्माण कराने के लिए कहा, जिस पर ग्राम प्रधान ने बजट न होने की बात कही। सीडीओ ने क्षेत्र पंचायत निधि से पक्के नाले का निर्माण कराने के निर्देश दिए। गौशाला में गंदगी देख सीडीओ ने नाराजगी जताई और ग्राम विकास अधिकारी रवि वर्मा का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। इसके बाद रामपुर नरुआ स्थित अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों से वार्ता की। कंपोजिट विद्यालय नधिया में सीडीओ ने बच्चों को परोसे गए मिडडे मील का स्वाद चखा। स्कूल में हैंडवॉश यूनिट खराब देख ग्राम पंचायत सचिव अंजलि से स्पष्टीकरण मांगा है।


मंगलवार को खोदन गौशाला का निरीक्षण करतीं सीडीओ दीक्षा जैन। अमृत विचार

### मिड्डे मील की गुणवत्ता से कतई न करें समझौता : सीडीओ

**बिल्हौर :** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने शिवराजपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नदीहा खुर्द का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। सबसे पहले कक्षा 6 का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चे विज्ञान विषय में सजीव-निर्जीव के बारे में पढ़ रहे थे। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से सजीव-निर्जीव और छांटने की विधि के बारे में पूछा तो बच्चों ने सही उत्तर दिया। कक्षा 7 में बच्चे रेशम के बारे में अध्ययन कर रहे थे। सीडीओ के कोकून के बारे में पूछे जाने पर बच्चों ने सही जवाब दिया। इसके बाद स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। कक्षा एक के बच्चों से बिना मात्रा वाले और कक्षा 2 में उच्चारण वाले शब्दों को पढ़ने के लिए कहा गया, जिसे बच्चों ने पढ़ा। सीडीओ ने रसोई का निरीक्षण किया और मिड-डे मील का स्वाद चखा। मिड्डे मील की गुणवत्ता पर कोई समझौता न करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में ही आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप टॉफी एवं पेन दिए।

**कार्यालय ग्रा.पं. कोरियां, वि.ख.घाटमपुर, कानपुर नगर**

पत्रांक: मेमो/निविदा/राज्य/पंचम/15वां वित्त आयोग/आर.बी.एस./2024–25 दिनांक: 03.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कोरियां, घाटमपुर, कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ पंचम वित्त/मनरेगा/आर.बी.एस./15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आइटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मुहरबन्द निविदा दिनांक 07.08.2024 से 09.08.2024 को अपराहन 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि को 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 100 के नान जूडिशियल स्टेम्प व 1/– का रसीदी हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मनोज के घर से बरातीलाल के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 2. | अरविन्द्र के घर से श्यामसुंदर के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 3. | नौमीपाल के घर से मैयादीन के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 4. | गुरु कुरील के घर से कामता के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 5. | पूसुपुर में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 6. | सोनू के घर से दर्शन के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |
| 7. | धर्मेन्द्र के घर से सुरेश वर्मा के घर इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | प्राकलन के अनुसार | 30 दिन |

**अन्य शर्तें :–** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्मे कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 3. नियमानुसार जीएसटी आदि की कटौती की जायेगी। 4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के बाद योग भी नही होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
ग्रा.पं. कोरियां,
वि.ख.घाटमपुर, कानपुर नगर

**सचिव**
ग्रा.पं. कोरियां,
वि.ख.घाटमपुर, कानपुर नगर

# अपहरण में ढाबा मालिक, पत्नी को 10 साल सजा

## घटना के 15 साल बाद डेरापुर थाने में दर्ज हुई थी अपहरण की एफआईआर, पुलिस ने अदालत में लगाई थी चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- युवक को गायब कर उसकी पत्नी को बनाया जीवनसाथी

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के फौजी ढाबा से एक युवक के अपहरण के मामले में अदालत ने फौजी ढाबा के मालिक और उसकी कथित पत्नी को 10 साल की सजा सुनाई है। 15 साल बाद दर्ज हुई एफआईआर के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके आधार पर अपर जिला जज पंचम ने मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को 10-10 साल कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है।


सुरेश यादव।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के माती किशुनपुर निवासी सूरजदेई ने 2 सितंबर 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका पुत्र मनोज डेरापुर थाना क्षेत्र के सेंगुर नदी के पास स्थित फौजी ढाबा के मालिक सुरेश चंद्र यादव के यहां करीब 2000-2001 से गाड़ी चलाता था। इसी बीच मनोज की शादी घाटमपुर क्षेत्र के रंजधामी निवासी सीमा के साथ हुई थी। मनोज फौजी ढाबा में ही पत्नी के साथ रहता था।

कुछ समय बाद जब पुत्र उससे मिलने गांव आया तो उसने बताया कि पत्नी के संबंध ढाबा मालिक सुरेश चंद्र से हो गए हैं। विरोध करने पर वे लोग धमकी देते हैं। इसके बाद काफी समय तक मनोज उनसे मिलने नहीं आया। वह पता लगाने के लिए 18 दिसंबर 2003 को ढाबा पहुंची, जहां सुरेश ने बताया कि मनोज को काम से दिल्ली भेजा है, जल्द ही आ जाएगा। काफी समय बाद भी जब पुत्र नहीं आया तो वह दोबारा फौजी ढाबा गई, जहां सीमा और सुरेश ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए मनोज के इस दुनिया में नहीं होने की बात कही और दोबारा आने पर दूसरे लड़के को भी खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने वर्ष 2018 में यह मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की और सीमा व सुरेश चंद्र यादव के खिलाफ मनोज के अपहरण का अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इसकी सुनवाई अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी सुरेश चंद्र यादव व सीमा को दोषी करार दिया था। सजा के बिंदु पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुरेश और सीमा को 10-10 साल कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की 80 प्रतिशत राशि वादिनी को देने के आदेश दिए हैं।


सजा होने के बाद जेल जाती ढाबा मालिक की पत्नी सीमा यादव। अमृत विचार


एडीजीसी प्रदीप पाण्डेय के साथ लड़ाई लड़ने वाली मां सूरजदेई। अमृत विचार

## ट्रक चालक व खलासी की हत्या में जेल गया था सुरेश

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाना क्षेत्र के बिहार घाट के फौजी ढाभा का मालिक सुरेश यादव को वर्ष 2006 में ढाबा पर रुके ट्रक चालक और खलासी की हत्या कर शव सेंगुर नदी में फेंकने और ट्रक से चाय की पत्ती लूटने के मामले में जेल भेजा गया था।

डेरापुर थाना क्षेत्र के बिहार घाट निवासी बलवान सिंह यादव के ढाबे पर कब्जा कर सुरेश यादव इलाके का नेता बन गया था। सपा सरकार में वह लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी था। ढाबा में अपराधिक गतिविधियां होने की आसपास के गांवों में खूब चर्चाएं होती थीं, लेकिन तब उसके खिलाफ कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करता था। फौजी ढाबा मालिक सपा शासन काल में थाने में बैठकर पंचायतें निपटाता था, लेकिन वर्ष 2006 में चाय पत्ती लदा ट्रक लेकर ढाबे में रुके चालक और खलासी की हत्या के बाद वह पहली बार गिरफ्तार हुआ। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चालक व खलासी को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया था और फिर दोनों की हत्या कर शवों को सेंगुर नदी में फेंक दिया था। चाय की पत्ती कानपुर नगर में बेची जा रही थी। वहीं से सुराग मिलने पर पुलिस सुरेश और उसके गिरोह तक पहुंची थी। सुरेश को जेल भेजने के साथ पुलिस ने गैंगेस्टर भी लगाया था। करीब डेढ़ साल जेल में रहने के बाद वह जमानत पर बाहर आया। इसके बाद भी उसके अपराधिक कृत्यों पर लगाम नहीं लगी। डेरापुर थाने में उसके खिलाफ एक और ट्रक लूट और हत्या कर साक्ष्य छिपाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई। इसके बाद तीन बार वह जेल भेजा गया।



बिहार घाट स्थित फौजी ढाबा में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### अपराधों से बदनाम हुआ तो ढाबा का बदला नाम

पूर्व सैनिक बलवान सिंह यादव के ढाबे पर कब्जा करने के बाद अपराधिक गतिविधियों से वह बदनाम हुआ तो सुरेश यादव ने गैंगेस्टर के मुकदमे में जेल से बाहर आने के बाद ढाबा का नाम बदल दिया। उसने फौजी ढाबा की जगह ढाबा का नाम मां वैष्णो ढाबा कर लिया था।

### हिस्ट्रीशीटर सुरेश यादव पर 19 मुकदमे दर्ज

वर्ष 2006 में पहली बार बड़ी आपराधिक वारदात में पकड़े जाने के बाद सुरेश यादव पर अब तक 19 मुकदमे दर्ज हुए हैं। उसकी हिस्ट्रीशीट भी खुली है और गैंगेस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है। ट्रक लूट और हत्या का खुलासा होने के बाद पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद से उस पर मुकदमे दर्ज होते गए। डेरापुर थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट एचएच 44ए खुली है।

# 80 बरस की उम्र में भी हिम्मत नहीं हारीं सूरजदेई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अकेले लड़कर सूरजदेई ने बेटे को दिलाया इंसाफ
- गवाही देने पर मिली थी जान से मारने की धमकी
- बोली, दोनों ही अपराधियों को फांसी होनी चाहिए थी

**अमृत विचार।** न आर्थिक रूप से सम्पन्न, न शारीरिक रूप से मजबूत और न ही कोई राजनीतिक ताकत थी, लेकिन मन में बेटे को इंसाफ दिलाने का जज्बा था। यही वजह रही कि 80 वर्ष की उम्र में भी मां सूरजदेई ने हिम्मत नहीं हारी और डीजीपी दफ्तर तक पहुंची। इसके बाद पुलिस का सहारा मिला तो वह न्याय के मंदिर (कोर्ट) में आंसुओं के साथ बेटे के लिए इंसाफ मांगती रही। मंगलवार को जब बेटे को गायब करने वाले सुरेश और उसकी कथित पत्नी सीमा को सजा हुई तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।

सूरजदेई के पति बैजनाथ की मौत बहुत पहले हो गई थी। बेटे के गायब होने के बाद वह टूट सी गई थी, लेकिन दोनों बेटियों ने उन्हें सहारा दिया। बेटी सरोजनी ससुराल से आकर भाई को न्याय दिलाने के लिए मां का हौसला बढ़ाती रही। भाई रघुवीर ने भी मदद की। वर्ष 2003 में बेटे के गायब होने के बाद जब वह ढाबे पर गई तो सुरेश और सीमा ने उन्हें बेटे की तरह मारकर फेंकने की धमकी दी। इसके बाद वह डेरापुर थाने से लेकर अकबरपुर और एसपी कार्यालय तक चक्कर काटती रही, लेकिन सुरेश के प्रभाव के आगे उसकी कहीं भी सुनवाई नहीं हुई।

बेटे को याद कर वह हर दिन आंसू बहाती रहीं। सूरजदेई बताती हैं कि उन्हें लग रहा था कि वह कुछ नहीं कर पाएंगी। वर्ष 2017 में प्रदेश की सरकार बदली तो बिहारी गांव के पूर्व फौजी स्व. बलवान सिंह की जमीन व ढाबा हड़प कर खुद को फौजी कहलाने वाले सुरेश यादव के खिलाफ बलवान सिंह का बेटा अजय सिंह खड़ा हुआ। उसने अपनी जमीन खाली कराने की लड़ाई के साथ सूरजदेई को भी सहारा दिया। अजय ही उन्हें लेकर एडीजी के पास तक गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की।

### सीमा ने भतीजे पर दर्ज कराई थी छेड़खानी की रिपोर्ट

- मुकदमा दर्ज होने के बाद सूरजदेई के साथ उनकी बहन का लड़का दीपू रहने लगा था। कहीं आने-जाने में दीपू ही उनके साथ रहता था। पैरवी कमजोर करने के लिए सुरेश की पत्नी सीमा ने दीपू पर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी, जिसमें उसे जमानत करानी पड़ी थी, लेकिन बेटे के खातिर लड़ रही मां को वह ताकत मिल चुकी थी, जिससे वह डिगी नहीं और उसी के परिणाम स्वरूप आज सुरेश और सीमा को सजा हुई।

### सूरजदेई को अगवा करने की दी गई थी धमकी

सूरजदेई की गवाही की पहली तारीख 25 जुलाई 2022 को थी। उससे पहले ही सूरजदेई को सुरेश यादव ने कोर्ट के बाहर से अगवा कर हत्या करने की धमकी दी गई थी। सूरजदेई बताती हैं कि सुरेश अपराधी है, उन्हें डर था कि वह अपने बेटे को न्याय नहीं दिलवा पाएंगी, लेकिन बलवान सिंह का बेटा अजय सिंह फौजी उन्हें लेकर लखनऊ डीजीपी कार्यालय पहुंचा। इसके बाद जब कोर्ट में गवाही होती तो पुलिस की स्कोर्ट सूरजदेई को लेकर कोर्ट आती और फिर उन्हें घर छोड़ जाती थी। जब उन्हें पुलिस की सुरक्षा मिली तो उन्होंने बेटे के लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ी। दूसरे गवाह के रूप में उनकी बेटी सरोजनी ने कोर्ट में सुरेश और सीमा के खिलाफ गवाही दी थी।

#### दूसरे बेटे की जान बचाने को कभी नहीं लाई सामने

- सूरजदेई के अंदर सुरेश का इस कदर डर था कि वह अपने बड़े बेटे अशोक को सामने तक नहीं लाई। वह कानपुर में रहता है, जबकि दूसरी बेटी विमला से भी कोई मतलब नहीं है। अधिकांश लोगों को सूरजदेई बड़े बेटे अशोक के बारे में कोई जानकारी नहीं देती हैं।

#### 15 साल बाद लिखा मुकदमा और छह वर्ष में फैसला

- मनोज के गायब होने में सूरजदेई को मुकदमा लिखाने में 15 वर्ष लग गए थे। वर्ष 2003 में घटना होने के बाद उसने भागदौड़ की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। 2017 में सूरजदेई मुकदमा दर्ज करवाने डीजीपी कार्यालय तक पहुंची। इसके बाद एडीजी जोन के निर्देश पर 2 सितंबर 2018 को मुकदमा दर्ज हुआ था।

# सिपाही पर झांसा देकर दुराचार की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शिवली

- दुष्कर्म के बाद गर्भपात भी कराने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस के सिपाही पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव की युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पांच वर्ष पूर्व फेकबुक से उसकी दोस्ती इटावा के बहादुरपुर निवासी जगपाल सिंह से हुई थी। उस समय वह कल्याणपुर में किराए पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। जगपाल उसके कमरे आता था और बताता था कि वह पुलिस में है। शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पिता शादी के लिए गए तो उसके पिता और भाई कुछ दिन बाद शादी की बात कहकर टालते रहे। इस बीच आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच वह गर्भवती हो गई तो उसने गर्भपात करा दिया।

# खेत पर मिला अधेड़ का शव

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के फरीदापुर गांव के समीप अडरेपुर निवासी एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना पहुंचाई और घटना की वजह जानने के लिए जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

रूरा थाना क्षेत्र के अडरेपुरवा निवासी हरपाल (55)सोमवार को सावन के महीने के चलते अपनी बेटी सुरभि के यहां मुजफ्फरपुर की मढैया माजरा बलियापुर में सावनी देने के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह मुजफ्फरपुर की मढैया माजरा बलियापुर गांव से पुलिस सूचना प्राप्त हुई कि बालक राम निवासी ग्राम फरीदापुर के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची मंगलपुर पुलिस ने शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना पहुंचाई। शव को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने घटना की वजह जानने के लिए जांच-पड़ताल शुरू की। साथ ही कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मंगलपुर थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया जा रहा है। बेटी के यहां के जाते समय खेत पर गिरने से मौत हुई है।


मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## कमजोरों की मदद कर जीतें दिल

**राजपुर।** अपने ईमान पर साबित कदम रहना और इंसानियत की बुनियाद पर सभी के काम आना मुसलमान की जिम्मेदारी है। मजलूमों की हिमायत, कमजोरों की मदद करके ही किसी का दिल जीता जा सकता है। ये बात मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी ने पयामे नबी कांफ्रेंस में कही।

सोमवार देर रात नूरगंज पुखरायां के मदरसा अरबिया मदीना तुल उलूम में पयामें नबी कॉन्फ्रेंस में शोरा ने पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में कलाम पेश किया। अध्यक्षता अब्दुल मजीद कासमी ने की। यहां शाहिद कासमी, कारी मुहिउद्दीन, नेमतुल्लाह, इनामुल्लाह, तारिक जमील, फजले रब रहे।

निगरानी शुरू | पथार गांव की पुलिया तक पहुंचा पानी, जलस्तर बढ़ता देख लोगों की धड़कन तेज

# तेजी से बढ़ रहा यमुना नदी का जलस्तर

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** यमुना नदी में बढ़ रहे पानी को लेकर तटवर्तीय गांवों के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें। बाढ़ की आशंका से तटवर्तीय गांवों के लोगों की भी चिंता बढ़ने लगी है। प्रशासन ने यमुना नदी के पानी पर निगरानी रखना शुरू कर दिया है।

मंगलवार की देर शाम तक यमुना का पानी पथार गांव के बाहर बनी पुलिया तक पहुंच गया। एसडीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेजी से बढ़ रहे जलस्तर को देखकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा। बारिश के मौसम में यमुना नदी के उफनाने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इन गांवों के किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न होकर चैपट हो जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

बाढ़ से सेंगुर नदी भी उफनाकर रौद्र रूप धारण कर लेती है। क्योंटरा बांगर, पथार, मुसरिया, चपरघटा, नयापुरवा, नगीना बांगर, बम्हरौली घाट, देवराहट समेत अन्य गांव के लोगों का कहना है कि लगभग हर वर्ष बरसात में यमुना नदी में बाढ़ आने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। मवेशियों के लिए चारे का भीषण संकट उत्पन्न हो जाता है। फिलहाल अभी यमुना नदी का जलस्तर सामान्य है। केंद्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के शिफ्ट प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को यमुना नदी का जलस्तर दोपहर 12बजे तक 100.50 मीटर पर रहा। प्रति घंटे 15 सेंटीमीटर की रफ्तार से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि चंबल नदी में पानी बढ़ रहा है, जिससे यमुना में भी पानी बढ़ने लगा है। वहीं हमीरपुर में गिरी बेतवा नदी भी उफान पर है, जिसने यमुना के पानी को रोक रखा है। इससे यमुना का पानी बढ़ रहा है।


यमुना का बढ़ रहा जलस्तर। अमृत विचार


पथार गांव की पुलिया तक पहुंचा पानी। अमृत विचार

# अब मिड डे मील पर रहेगी 'मां' की नजर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को रोजाना स्कूलों में मिड-डे-मील परोसा जाता है। वह कैसा है इस बारे में परिजनों को खासकर माताओं को पता नहीं लगता है, लेकिन अब वे जान सकेंगी कि भोजन कैसा है भोजन पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण है या नहीं।

स्कूल में तय मीनू अनुसार भोजन दिया जा रहा है या नहीं। सरकारी स्कूलों में वैसे तो पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जाता है लेकिन कई जगह कोताही बरती जाती है। तय मीनू अनुसार भोजन नहीं परोसा जाता है। इस कारण यह नई व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें माताएं रोजाना आकर भोजन की जांच करेंगी। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके लिए मां समूह का गठन किया गया है और इस समूह को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मध्यान भोजन प्राधिकरण के निर्देश पर मिड डे मील दिए जाने वाले स्कूलों में मां समूह का गठन किया गया है। अब मिड डे मील में इस माह समूह की सक्रिय भागीदारी होगी। मिड डे मील की गुणवत्ता भी मां समूह की सदस्य परखेंगी। मकसद यह है कि मिड-डे-मील गुणवत्तापूर्ण हो और बच्चों को शासन के निर्देशों के अनुरूप खाद्य सामग्री दी जा सके।

## सार-संक्षेप

### गवाह नहीं आने से बलवंत हत्याकांड की सुनवाई टली

**कानपुर देहात।** बलवंत हत्याकांड मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। मंगलवार को गवाह के अदालत न आने से सुनवाई टल गई। अब अदालत ने मामले में 8 अगस्त की तिथि नियत की है। शिवली के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था, जिस पर एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। मामले में अभियोजन गवाह से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार को अभियोजन गवाह विवेचक शिव प्रताप सिंह के अदालत उपस्तिथि नहीं आने के कारण मामले में सुनवाई नहीं हो सकी है। अदालत ने अब 8 अगस्त की तिथि नियत की है।

### खारजा नहर में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**कानपुर देहात।** अकबरपुर थाना क्षेत्र के नरीहा गांव के पास खारजा नहर में एक युवक का शव उतराता मिला। डायल 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दरोगा मो . हासिक ने बताया कि युवक की उम्र करीब 40 वर्ष है। वह लाल रंग की शर्ट, काली पैंट व नीली अंडरवियर पहने था। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे रुपये

**रूरा।** क्षेत्र के भटौली गांव निवासी श्यामजी ने बताया कि वह शेखूपुर बाघपुर के निजी इंजीनियरिंग कालेज में नौकरी करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात मथुरा के आशीष बिष्ट से हुई। उसके साथ दोस्ती हो गई। 2021 में आशीष बिष्ट ने बताया कि उसका भाई सचिवालय में है। कुछ पैसे दो तो बाबू के पद की नौकरी दिला देंगे। नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपये में सौदा तय हुआ। एक लाख 64 हजार आशीष बिष्ट को गूगल पे के माध्यम से दिए। दिसंबर 2022 में घर जाकर तीन लाख रुपए नगद दिए। जब कुछ समय बाद आशीष बिष्ट का फोन बंद आने लगा तो ठगी का एहसास हुआ। अपराध निरीक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।


नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वगत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### कलाम व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने

**सिकंदरा।** कस्बे में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति कलाम कुरैशी को व्यापार मंडल का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सहीम अंसारी कोषाध्यक्ष, विनोद शुक्ला महामंत्री निर्वाचित किए गए। इस मौके पर चुनाव प्रभारी श्याम मोहन दुबे ने कहा कि सिकंदरा टीम से व्यापारियों व संगठन को काफी उम्मीदें हैं ।हमें पूरा विश्वासहै। कि नये पदाधिकारी व्यापारी एकता को मजबूत बनाए रखते हुए व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरें और व्यापारियों तथा समाज की इतनी सेवा करें कि वह अगले कई टर्म तक इन पदों पर बने रहें। इनसे अपेक्षा है। कि संगठन कार्यकारिणी बैठक माह में कम से कम एक बार तथा आम सभा तीन माह में एक बार अवश्य होनी चाहिए। वही व्यापारी समाज व पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कलाम कुरैशी ने निर्विरोध निर्वाचन के लिए व्यापारी समाज व पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। और कहा कि व्यापार मंडल अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसे अपनी मेहनत व ईमानदारी से निभाने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। इस दौरान समाजसेवी परवेज आलम, असलम राईन, नाजिर हुसैन, जय नारायण गुप्ता जय नारायण गुप्ता, शमशाद कुरैशी, दिलीप कटियार, शिवकुमार भारती, बबलू खान,संगठन के तमाम लोग मौजूद रहे।



मतदान के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

### अरिमल न्यायी में उप चुनाव के लिए हुआ मतदान

**रुरा।** विकास खंड अकबरपुर ग्राम सभा अरिमल न्यायी गांव में वर्तमान प्रधान पुत्तीलाल की मौत बीमारी के कारण हो गई थी जिसके बाद से ग्राम प्रधान का पद रिक्त था ।प्रशासन से उप चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद मंगलवार की सुबह 7 बजे प्रधान पद के उप-चुनाव का मतदान आरंभ हुआ ।जिसमें तीन प्रत्याशी राम श्री, चंद्र किशोर व कमल किशोर थे। वहीं शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान हुआ ।1182 कुल वोट में कुल 849 मत पड़े जिसका प्रतिशत 71 .8 रहा। एडीएम प्रशासन अमित राठौर ने मतदान स्थल जाकर स्थलीय निरीक्षण किया मतदाना शांति पूर्वक संपन्न हो जिसके लिए थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा, अपराध निरीक्षक सुरजीत सिंह, दरोगा आर पी सिंह, लक्ष्मण सिंह,राकेश सिंह कर्ण सिंह, रवि शकर मौजूद रहे। मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ

### अश्लीलता में दोषियों को चार साल का कारावास

**कानपुर देहात।** मंगलपुर क्षेत्र के एक गांव में करीब आठ साल पहले स्कूल जा रही नाबालिग के साथ अश्लीलता के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि मंगलपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 4 जनवरी 2016 की सुबह वह अपने गांव से झींझक स्तिथ एक विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रही थी जैसे ही वह गांव से बाहर आई तभी गांव के रहने वाले प्रदीप ,सत्येन्द्र व अशोक साइकिल से आए और उसका राह चलते हाथ पकड़ लिया और खेतों की ओर जबरन खींच ले गए और उसके साथ अश्लीलता की। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे। वहीं आरोपी सत्येन्द्र के घटना के समय उसके नाबालिग होने के कारण उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई थी। अन्य दोनों आरोपियों के मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13ध् पॉक्सो शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी ।मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी प्रदीप व अशोक को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें चार - चार साल के कारावास की सजा सुनाई इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर बीस - बीस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है वहीं अर्थदंड अदा न करने पर प्रत्येक दोषी को एक माह का अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

### भाकियू का रनियां बिजलीघर में हंगामा, ज्ञापन सौंपा

**रनियां।** लगातार विद्युत की बढ़ती समस्या को लेकर मंगलवार को भाकियू ने विद्युत वितरण खण्ड में धरना-प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। समस्याओं से अधिशासी अभियंता को अवगत कराया। इसके बाद भाकियू ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा। विद्युत वितरण खण्ड के अंतर्गत रायपुर, रनियां, न्यू रनियां आदि बिजलीघर आते हैं। इन बिजलीघरों से सैकड़ों गांवों में आपूर्ति होती है। मंगलवार को भाकियू के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चंदेल कार्यकर्ताओं के साथ विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एकजुट होकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कीरतपुर गांव में विद्युत पोल से बिजली के तार नीचे लटक रहे है। कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि चिरौरा में मीटर खराब हो गए है। सही कराने के लिए बिजलीघर में लंबी लाइन लगानी पड़ती है। जब गांव लाइन मैन पहुंचता है तो वह पैसे की मांग करता है। रूरवाहार गांव में कई महीनों से बिल निकालने के लिए कोई नहीं पहुंचा। कुरियनपुरवा की आधी बस्ती में लो वोल्टेज की समस्या है। पहाड़पुर में ट्रिपिंग की समस्या है। इन समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियंता सुमित व्यास को ज्ञापन दिया गया। अधिशाषी अभियंता सुमित व्यास ने कहा कि समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा।

अबन्धुर्बन्धुतामेति नैकट्याभ्यासयोगतः।
यात्यनभ्यासतो दूरात्स्नेहो बन्धुषु तानवम्॥

बार-बार मिलने से अपरिचित भी मित्र बन जाते हैं। दूरी के कारण न मिल पाने से बंधुओं में स्नेह कम हो जाता है।

## संपादकीय

# भारत की नजर

पड़ोस के देश बांग्लादेश के घटनाक्रम पर चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत इस पर नजर रखे हुए है। मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बताया कि सरकार बांग्लादेश की सेना के संपर्क में है। वहां की स्थिति लगातार बदल रही है। बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम में बाहरी हाथ के बारे में बात करना जल्दबाजी है। महत्वपूर्ण बात है कि बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता को लेकर भारत में सभी राजनीतिक दलों की चिंता समान है। वास्तव में अब वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। भारत की चिंता बांग्लादेश में रह रहे भारतीय लोगों की सुरक्षा को लेकर भी है। उनकी संख्या करीब 19,000 है, जिनमें 9,000 विद्यार्थी शामिल हैं। हालांकि अधिकांश छात्र पहले ही भारत वापस आ चुके हैं। अब जब बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंदन जाने की योजना कुछ अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। ऐसे में सरकार ने तय किया है कि उन्हें थोड़ा समय देना चाहिए। उन्हें स्वयं ही यह फैसला करना है कि वह कहां जाना चाहती हैं। भारत के लिए यह मामला बहुत महत्वपूर्ण है। जब सरकार ने पूरी तरह से हसीना को अपना समर्थन दिया हुआ है तो ऐसे में सवाल उठेंगे कि बांग्लादेश में होने वाले बदलावों के बीच सरकार अपने हितों की सुरक्षा कैसे करेगी। प्रदर्शनकारी बांग्लादेशी छात्रों की मांग है कि देश में नई अंतरिम सरकार बनाई जाए और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया जाए।

पिछले दिनों मोहम्मद यूनुस ने भारत सरकार के रवैये के प्रति नाराज़गी जताई थी। वे ढाका में पदस्थ भारतीय दूतावास के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के उस बयान से क्षुब्ध हैं जिसमें उन्होंने वहां के आंदोलन से उपजी स्थिति पर यह कहकर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया था कि यह बांग्लादेश का अंदरूनी मामला है। जबकि यूनुस चाहते थे कि भारत शेख हसीना सरकार की इस मामले को लेकर आलोचना करे। अब देखना यह है कि अंतरिम सरकार, कैसी बनती है, किस प्रकार से हालात को सुधारती है। उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नहीं देगी। उसका रुख पाकिस्तान और चीन समर्थक तो नहीं होगा? उसके रुख के आधार पर भारत को अपनी नई नीति बनानी होगी।

# विवादों और विरोधाभासों से घिरी रही है राजनीति



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

हाल के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में हुए तगड़े नुकसान के बाद भाजपा के मंचों से दोहराए जा रहे जुमले 'सत्ता नहीं संगठन सर्वोपरि' की खासी चर्चा है। असलियत में सत्ता और संगठन के बीच की खींचतान तो आजादी के फौरन बाद ही शुरू हो गई थी। बेशक मंचीय भाषणों में संगठन को सत्ता से ऊपर बताया जाता हो,लेकिन धरातल पर सत्ता ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। सत्ता-संगठन के पहले संघर्ष के लिए 1950 का कांग्रेस अध्यक्ष पद का वह चुनाव याद करना चाहिए जब टंडन की जीत के बाद भी नेहरू की सत्ता को टंडन कुबूल नहीं हुए और अगले कुछ दिनों में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। तब औपचारिक तौर पर कोई विपक्ष नहीं था। कांग्रेस ही पक्ष थी और उसी में विपक्ष भी था।

दिलचस्प है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री का पद पहली बार संगठन का मुखिया अर्थात कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते ही प्राप्त हुआ था। आजादी के पहले 1946 में अंग्रेजी वायसराय के अधीन अंतरिम सरकार की अगुवाई करने वाली उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस अध्यक्ष के लिए तय थी। तब कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए 16 में 14 राज्यों की पार्टी की कमेटियां सरदार पटेल और दो आचार्य कृपलानी के पक्ष में थीं, लेकिन गांधीजी की पसंद पंडित नेहरू थे। उनकी दखल से सरदार पटेल को अपना नाम वापस लेना पड़ा था। बाद में पंडित नेहरू सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। इसी के चलते आजादी के पहले अंतरिम सरकार और फिर आजादी के फौरन बाद उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश के नेतृत्व का अवसर मिला।

दिलचस्प है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री का पद पहली बार संगठन का मुखिया अर्थात कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते ही प्राप्त हुआ था। आजादी के पहले 1946 में अंग्रेजी वायसराय के अधीन अंतरिम सरकार की अगुवाई करने वाली उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस अध्यक्ष के लिए तय थी।

1950 में कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव पंडित नेहरू और सरदार पटेल के बीच शक्ति परीक्षण का जरिया बना। सरकार में रहते हुए सरदार पटेल के अनेक मसलों पर पंडित नेहरू से मतभेद थे। पंडित नेहरू की जनता पर पकड़ थी,लेकिन संगठन और क्षेत्रीय क्षत्रप सरदार पटेल के प्रभाव में थे। पंडित नेहरू ने महसूस करना शुरू कर दिया था कि बिना किसी अवरोध के सरकार के संचालन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष पद पर उनके अनुकूल अध्यक्ष का रहना जरूरी है। दूसरी ओर पटेल सरकार पर संगठन की निगरानी के कायल थे और

बेशक टंडन ने नेहरू के उम्मीदवार को शिकस्त दी थी, लेकिन उनकी जीत के असली सूत्रधार सरदार पटेल की 15 दिसंबर 1950 को मृत्यु के बाद संगठन पर सत्ता भारी पड़ने लगी। संगठन से जुड़े तमाम लोगों को सत्ता का साथ जरूरी लगने लगा। समाजवादी पहले ही कांग्रेस छोड़ चुके थे।

इसके लिए जरूरी था कि ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष पद पर रहे,जो सरकार से सवाल कर सके। पटेल की कसौटी पर पुरुषोत्तम दास टंडन खरे उतरते थे। टंडन का स्वतंत्र व्यक्तित्व था। सत्ता से निर्लिप्त थे। वे उन नेताओं में शामिल थे,जिन्होंने देश के विभाजन का हर स्तर पर विरोध किया था। उनकी सोच साफ थी। सिद्धांतों-वसूलों के लिए अडिग रहने वाले टंडन प्रधानमंत्री नेहरू के प्रति आदर और स्नेह का भाव रखते हुए भी उनकी नीतियों से असहमति की स्थिति में उन्हें प्रकट करने में निर्भीक थे। टंडन की तमाम खूबियां सरदार पटेल को भाती थीं। दूसरी ओर पंडित नेहरू की नजर में टंडन पुरातनपंथी थे। उनकी दाढ़ी,वेश भूषा, हिंदी के प्रति उत्कट प्रेम और विभाजन के प्रबल प्रतिरोध के चलते नेहरू की नजर में टंडन की छवि हिंदू समर्थक सांप्रदायिक नेता की थी।

नेहरू और पटेल के बीच अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। एक मौके पर दोनों सी. आर.राजगोपालचारी के नाम पर एक राय थे,लेकिन सी.आर.तैयार नहीं थे। शुरुआत में नेहरू-पटेल की सोच थी कि आचार्य जे. बी. कृपलानी को किसी दशा में उम्मीदवार नहीं बनाना है। सी.आर. ने सुझाव दिया कि सरदार पटेल अध्यक्ष पद की भी जिम्मेदारी संभालें। इस प्रस्ताव पर पंडित नेहरू ने खामोशी अख्तियार करके असहमति जाहिर कर दी। महाराष्ट्र के पैरोकार शंकर राव देव का भी नाम चला,लेकिन सरदार पटेल इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद पटेल ने हिंदी भाषी राज्यों में अच्छी पहचान रखने वाले पुरुषोत्तम दास टंडन का नाम आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। टंडन उस समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। 1948 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वे हार चुके थे। 1950 में एक बार फिर समर्थकों ने उन पर अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का दबाव बनाना शुरू किया। शुरुआत में टंडन अनिच्छुक थे,लेकिन पटेल के समर्थन ने उनका मन बदलना शुरू किया। उनके नाम की चर्चा शुरू होते ही पंडित नेहरू ने खुला विरोध शुरू कर दिया।

नेहरू ने मौलाना आजाद के घर वर्किंग कमेटी के सदस्यों की बैठक में साफ तौर पर कहा कि अध्यक्ष के पद पर टंडन उन्हें स्वीकार्य नही हैं। नेहरू यहीं नहीं थमे। 8 अगस्त 1950 को उन्होंने टंडन जी को सीधे पत्र लिखकर आशंका जाहिर की कि "आपके चुने जाने से उन ताकतों को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा,जिन्हें मैं देश के लिए नुकसानदेह मानता हूं। टंडन ने 12 अगस्त को पंडित नेहरू को काफी संयमित उत्तर दिया,"हम बहुत से सवालों पर एकमत रहे हैं। अनेक बड़ी समस्याओं पर साथ काम किया है। पर कुछ ऐसे विषय हैं,जिस पर हमारा दृष्टिकोण एक नहीं है। निजी पत्रों के आदान-प्रदान से आगे नेहरू इस मसले को अखबारों के जरिए आम जनता के बीच ले गए। टंडन के पत्र के एक दिन पहले ही 11 अगस्त को नेहरू ने एक बयान जारी किया, "जब तक वे प्रधानमंत्री हैं,उन्हें ( टंडन) अध्यक्ष स्वीकार करना उचित नही होगा।" टंडन की दावेदारी पर ऐतराज के कारणों का अपने बयान में यह कहते हुए उन्होने खुलासा किया," उम्मीद करनी चाहिए कि राजनीतिक, सांप्रदायिक और अन्य समस्याओं के बारे में फैसले कांग्रेस की पुरानी सोच के मुताबिक ही लिए जाएंगे।" इस चुनाव में रफी अहमद किदवई, पंडित नेहरू के सलाहकार की जिम्मेदारी निभा रहे थे। किदवई नेहरू को समझाने में सफल रहे कि गुजरात, बिहार और उत्तर प्रदेश में अर्से से सक्रिय रहे कृपलानी ही टंडन का मुकाबला कर सकते हैं।

सरकार के भीतर चल रहे नेहरू और पटेल के मतभेद इस चुनाव के कारण और सतह पर आ गए। सिर्फ कांग्रेसियों ही नहीं,बल्कि जनता के बीच संदेश पहुंच चुका था कि बेशक कृपलानी और टंडन उम्मीदवार हैं,लेकिन असलियत में यह नेहरू और पटेल के बीच का मुकाबला है। नेहरू ने इस चुनाव को सीधे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ दिया। 29 अगस्त को इस चुनाव का मतदान और 1 सितंबर को वोटों की गिनती हुई। टंडन को 1306, कृपलानी को 1092 और शंकर राव देव को 202 वोट मिले। उत्तर प्रदेश नेहरू और टंडन दोनों का ही गृह प्रदेश था,लेकिन वहां टंडन को अच्छी बढ़त मिली। सरदार पटेल के गृह राज्य गुजरात के सभी वोट भी टंडन को हासिल हुए। नतीजों के बाद पटेल ने राजगोपालाचारी से पूछा,"क्या वे नेहरू का इस्तीफा लाए हैं?" लेकिन नेहरू अपनी घोषणा से पीछे हट चुके थे। अपने उम्मीदवार कृपलानी की हार के बाद भी नेहरू टंडन की जीत स्वीकार नहीं कर पाए। 13 सितंबर को एक बयान के जरिए उन्होंने नतीजों पर अपना असंतोष जाहिर किया। कहा कि "टंडन की जीत पर सांप्रदायिक और प्रतिक्रियावादी तत्वों ने खुलकर खुशी का इजहार किया है।"

बेशक टंडन ने नेहरू के उम्मीदवार को शिकस्त दी थी, लेकिन उनकी जीत के असली सूत्रधार सरदार पटेल की 15 दिसंबर 1950 को मृत्यु के बाद संगठन पर सत्ता भारी पड़ने लगी। संगठन से जुड़े तमाम लोगों को सत्ता का साथ जरूरी लगने लगा। समाजवादी पहले ही कांग्रेस छोड़ चुके थे। जून 1951 में आचार्य कृपलानी भी कांग्रेस से अलग हो गए। उनके पार्टी छोड़ने के कारणों में टंडन की अगुवाई के चलते पार्टी के पुरातनपंथी बन जाने का आरोप भी शामिल था। नेहरू तो टंडन को कभी अध्यक्ष स्वीकार ही नहीं कर पाए। सितंबर 1951 में उन्होंने वर्किंग कमेटी से इस्तीफा देकर टंडन पर नए सिरे से दबाव बनाना शुरू किया। इसी महीने बंगलौर में एआईसीसी की बैठक थी, जहां शक्ति परीक्षण तय था।

पहला आम चुनाव भी पास था। पार्टी और सरकार के बीच कलह बढ़ रही थी। टंडन मजबूर हो चुके थे। उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर नेहरू की इच्छा पूरी कर दी। बंगलौर में नेहरू अध्यक्ष चुन लिए गए। अब पार्टी और सरकार दोनों की कमान नेहरू के हाथ में थी। देश की राजनीति में सत्ता पर संगठन के अंकुश के खात्मे का यह प्रस्थान बिंदु था। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं अन्य दल भी आगे इसी राह चले और चल रहे हैं।

## प्रसंगवश

# पड़ोस के संकेत: भारत रहे सचेत

बांग्लादेश में लोकतांत्रिक रीति से हाल ही में चुनी गई सरकार का तख्ता पलट हो गया। प्रधानमंत्री शेख हसीना जान बचाकर भारत आ गईं और उनका लड़का घोषणा कर रहा है कि वे अब राजनीति में नहीं लौटेंगी।

सेनापति वकार-उज-जमा,जिन्हें उन्होंने अपना वफादार मानकर पदारूढ़ किया था, उन्हीं ने रक्षा कवच बनने के बजाय उन्हें सलाह दी कि आप त्यागपत्र देकर देश छोड़ दें। वैसा ही हुआ और उन्हीं ने फिलहाल सत्ता संभाल ली है,फिर किसी अंतरिम सरकार का गठन करेंगे,जैसा कि उन्होंने कहा है। इस विद्रोह के मूल में आरक्षण ही था,हालांकि हाल ही में सुप्रीमकोर्ट के हस्तक्षेप से वह मुद्दा लगभग हल हो गया था। ऐसा होने के बावजूद आंदोलनकर्ता हसीना के इस्तीफे पर अड़े रहे और परिणति लोकतंत्र के खात्मे के रूप में हुई।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

समझा जाता है कि इसमें देश के अंदर के पाकिस्तान समर्थक तत्वों और चीन का हाथ है। यह घटना भारत के लिए भी काफी चिंताजनक है। बांग्लादेश से लगती हमारी थल सीमा में कई राज्य आते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिये पहले से हमारे लिए समस्याब ने हुए हैं,अब तो वहां माहौल अराजक है तथा यहां इस छोर पर केंद्र सरकार पहले की अपेक्षा कमजोर है। चीन-पाकिस्तान और मौजूदा बांग्लादेशी सरकार से निश्चित तौर पर हमारे सामने भारी समस्याएं खड़ी की जाएंगी। उधर हमारा मणिपुर पहले से जल रहा है तथा उससे मिला हुए म्यांमार की वही गति चीन कर चुका है, जो अब बांग्लादेश की की है। बस फर्क यह है कि शेख हसीना म्यांमार की सत्ता प्रमुख सू ची की तरह जेल में नहीं डाली गईं।

आरक्षण मुद्दा अपने देश में भी सुलग रहा है। विपक्ष केंद्रीय सत्ता से त्रस्त है और कोई भी अवसर उसे अस्थिर करने के लिए नहीं छोड़ेगा। चीन और पाकिस्तान तो हमारे सर्वकालिक शत्रु हैं ही। ऐसे में बैठे बैठाए एक नई समस्या और आ गई,जो काफी अशुभ संकेत है। इस पर बहुत सावधान हो जाने की जरूरत है, ताकि वहां की समस्या हमारा नासूर न बन जाए।

# भारत को चौकन्ना करता बांग्लादेश का घटनाक्रम

बांग्लादेश का दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम भारत के लिए बड़ा सबक है। यह भारत के लिए संभावित दुष्परिणामों से प्रभावी तौर पर निपटने की एक बहुफलकीय रणनीतिक कार्यवाही की पुरजोर मांग कर रहा है। यह एक ऐसे दुष्चक्र की देन है,जो दिखने में भले बांग्लादेश केंद्रित है मगर असली निशाना भारत ही है। यह एक ऐसा मंजर है,जो प्रकारांतर से भारत को भी इशारे कर रहा है कि घृणित शक्तियां इतनी पावरफुल हैं कि समान परिदृश्य यहां भी उपस्थित हो सकता है।

बांग्लादेश की तख्तापलट के पीछे जो ताकतें हैं,अनुभवी आंखों से छुपी नहीं हैं। वे भारत को भी अस्थिर करने पर लंबे समय से जुटी हैं और कई छोटी-मोटी घटनाओं को बानगी के तौर पर अंजाम भी दे चुकी हैं। शाहीन बाग, दिल्ली के लाल किले पर झंडा फहराने वाला किसान आंदोलन भला कैसे भुलाया जा सकता है? किंतु चिंताजनक यह है कि भारत सरकार को जितनी सख्ती और इच्छाशक्ति से इन पर प्रतिक्रिया करनी थी,वह दिखी नहीं और भारत की बहुसंख्यक जनता पर एक गहरी निराशा, हताशा तारी होती रही है। जिसे उसने हाल के चुनावों में अलग तरीके से अभिव्यक्त भी किया है।

तमाम सत्तालोलुप नेतागण,कट्टर इस्लामी और कथित साम्यवादी अपने टूल किटों,छुपे आतंकी प्रकोष्ठों के जरिए इसी कूटरचना में लगे हुए हैं कि भारत को कैसे अस्थिर और मोदी को अपदस्थ किया जाए और इसमें नेपथ्य से कुछ खाड़ी देश,पाकिस्तान और चीन योगदान कर रहे हैं और अब यह सब किसी से छिपा भी नहीं है। भारत को प्राथमिकता पर बांग्लादेश से जुड़ी अपनी सीमा पर संभावित घुसपैठ रोकना है। किंतु यथासंभव सीएए कानून की सीमा में



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनशक्ति है। माना कि एक तिहाई गद्दार यहां भी सक्रिय हैं,मगर सरकार यह क्यों नहीं समझ पाती कि देश की दो तिहाई जनशक्ति उनके साथ खड़ी है,जो आशा भरी निगाहों से उन्हें ऐसे अवसरों पर देखती है और अपेक्षित कदम न उठाए जाने पर हताश हो जाती है। आज सारे देश में योगी मॉडल की चर्चा है। ढुलमुल नीति की कतई जरूरत नहीं। शठे शाठ्यम समाचरेत।

प्रताड़ित हो रहे हिन्दुओं को शरण भी देनी है। यहां सक्रियता और तेजी से आवश्यक कदम उठाने का वक्त है और जो भी इसके आड़े आए सख्ती से निपटना है। ज्यादा विचार विमर्श और स्थगन केवल गंभीर परिणाम देगा।

आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनशक्ति है। माना कि एक तिहाई गद्दार यहां भी सक्रिय हैं,मगर सरकार यह क्यों नहीं समझ पाती कि देश की दो तिहाई जनशक्ति उनके साथ खड़ी है,जो आशा भरी निगाहों से उन्हें ऐसे अवसरों पर देखती है और अपेक्षित कदम न उठाए जाने पर हताश हो जाती है। आज सारे देश में योगी मॉडल की चर्चा है। ढुलमुल नीति की कतई जरूरत नहीं। शठे शाठ्यम समाचरेत। योगी जी के कतिपय गंभीर अर्थपूर्ण वक्तव्यों के पीछे छुपे मंतव्य को समझा जा सकता है-"उपद्रवियों को जेल ही नहीं,जरूरत पड़े तो यमराजपुरी का भी रास्ता दिखाया जाएगा"। "इनके लिए सद्भावना नहीं बुलेट ट्रेन चलेगी"। भारत की संप्रभुता,अमन चैन के साथ खिलवाड़ करने की तनिक भी गुंजाइश को रौंद देना होगा। जस्ट निप इन द बड। याद होगा,शाहीनबाग का नाटक लखनऊ में जैसे ही आरंभ हुआ, खाने-पीने की सामग्री, गैस सिलेंडर और ठेले आदि के साथ जैसे ही भीड़ जुटनी शुरु हुई योगी का वज्र टूट पड़ा। सभी भागे पराए। क्षणिक हो हल्ला किया गया,मगर फिर एक गहरी प्रशांति छा गई। यही इलाज है। न कोई नानसेंस न ही न्यूसेंस। कुछ भी कही भी और तनिक भी कानून व्यवस्था विरोधी पहल हो तो उसे आगे बढ़ने नहीं देना है,सख्ती से कुचल देना है। लोकतंत्र में भी डंडे की महत्ता है। बस सजग दृष्टि और पक्का इरादा चाहिए।

आज योगी जो को भारतीय जनमानस ऐसे ही नहीं भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है। उन्होंने बहुसंख्यक जनों का विश्वास जीता है। यदि उनका मॉडल केंद्र नहीं अपनाता तो देर सवेर बांग्लादेश जैसी स्थितियां यहां भी उत्पन्न किए जाने में राष्ट्र विरोधी नहीं चूंकेगे। बस मौके की ताक में हैं। दुरभिसंधिया रची जा रही हैं। बस एक ही मूलमंत्र है,जहां भी तनिक सी सुगबुगाहट दिखे, सौ पचास भी इकट्ठा दिखें भरपूर आवभगत हो उनकी। तनाव बढ़ने ही नहीं देना है। कहीं भी और कभी भी। यह आदेश सभी कानून व्यवस्था में लगी इकाईयों को हो। जैसे सेना को फ्री हैंड मिला हुआ है, वही गृहमंत्री आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी सुनिश्चित करें। हम यहां बांग्लादेश की पुनरावृत्ति नहीं चाहते।

## सोशल फोरम

# गुटनिरपेक्ष नीतियों ने की रक्षा

भारत में लोकतंत्र की प्राचीन परंपराएं और सांस्कृतिक सौहार्द का जीवन-अभ्यास सुदृढ़ है। 1947 की कांग्रेस 1977 में हारी तो जनता पार्टी में अगर जनसंघ शामिल थी तो सोशलिस्ट पार्टी भी शामिल थी,रजवाड़ों की स्वतंत्र पार्टी थी तो किसानों की लोकदल भी थी।

सन 2024 के बाद भी आरएसएस और भाजपा अकेले सत्ता पर काबिज होने की स्थिति में नहीं रहे। अपनी मूलभूत जनतांत्रिक आत्मा के साथ-साथ भारत में अमेरिका का एकांत दबदबा नहीं रहा है। पूर्व समाजवादी देशों से हमारे गहरे संबंधों ने आंतरिक प्रतिक्रियावाद को मिलने वाली बाहरी सहायता को नियंत्रित रखा। हमारी गुटनिरपेक्षता की नीतियों ने हमारी रक्षा की और अमेरिका-परस्ती के बावजूद तटस्थता बनी रही है। इसके लिए हमारा आर्थिक आधार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश आर्थिक आधार पर सुदृढ़ नहीं बन पाया है। अतः अमेरिका पर निर्भरता बहुत ज्यादा है,जो थोड़े साधन हैं उनकी लूट में सत्तारूढ़ दल अग्रणी भूमिका निभाता है। दूसरी ओर आजादी के आंदोलन के समय से ही पूर्वी बंगाल में मुस्लिम लीग की भूमिका के कारण सांप्रदायिक राजनीति का बोलबाला रहा है। 1971 की क्रांति ने सांप्रदायिकता को परास्त किया था,लेकिन पिछड़ी आर्थिक दशा और सांप्रदायिक राजनीतिक वातावरण के चलते प्रतिक्रांति की जमीन बनी रही है। जब जनअसंतोष विस्फोटक बिंदु पर पहुंचा, तब उसका फायदा कभी सेना ने,कभी दक्षिणपंथी दलों ने उठाया।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

अभी सेना की भूमिका निर्णायक नहीं है,लेकिन दक्षिणपंथी दल एकजुट होकर सत्ता पर कब्जा करने की तैयारी में हैं। मुजीब की बेटी को एक ओर अमेरिका-ब्रिटेन का समर्थन है, दूसरी ओर भारत की मोदी सरकार का। फिर भी यह आशंका बहुत व्यापक रूप में अभिव्यक्त हो रही है कि श्रीलंका (और फिलीपींस) की घटनाओं का असर भारत पर भी पड़ सकता है। यह सब इस पर निर्भर है कि वामपंथी और जनतांत्रिक शक्तियां किस सीमा तक जनअसंतोष को समाज के लिए संगठित कर पाती हैं। अन्यथा, पूंजीवादी वर्चस्व की उत्तर आधुनिक दुनिया में प्रतिक्रांति के लिए समर्थन की कमी नहीं है। वह सारे ताकतवर देशों से मिलेगा।

-फेसबुक वॉल से

# जब दिल्ली ने दी दलाई लामा, शेख हसीना और नजीबुल्लाह को शरण

शेख हसीना के लिए भारत और राजधानी दिल्ली अपने दूसरे घर जैसे हैं। उन्होंने यहां सन 1975-1981 के दौरान पंडारा पार्क में निर्वासित जीवन गुजारा था। शेख हसीना से पहले तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा 1959 में भारत आए तो कुछ महीनों तक हैदराबाद हाउस में रहे। अपनी आत्मकथा वन लाइफ इज नॉट एनफ में नटवर सिंह ने लिखा है कि दलाई लामा अपने दिल्ली प्रवास के दौरान हैदराबाद हाउस में रहते थे। वे वहां से देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गोविंद बल्लभ पंत सरीखे नेताओं से मिलने जाया करते थे। अफगानिस्तान के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद नजीबुल्लाह का परिवार 1990 के दशक में 5 कामराज मार्ग के बंगले में रहा करता था।

शेख हसीना अपने दिल्ली में बिताए दिनों को कैसे भूल सकतीं हैं? उनके साथ उनके पति डॉ. एमए वाजेद मियां और दोनों बच्चे भी थे। वह पंडारा पार्क के एक फ्लैट में रहती थीं। उस कठिन दौर में प्रणब कुमार मुखर्जी और उनकी पत्नी शुभ्रा मुखर्जी उनके साथ रहे। शेख हसीना और शुभ्रा मुखर्जी खूब करीब आ गए थे। दोनों परिवारों का लगातार मिलना-जुलना रहता था। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त 1975 को ढाका के धनमंडी स्थित आवास में कत्ल



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

शुभ्रा जी और शेख हसीना में कला, संगीत और बांग्ला साहित्य पर चर्चा होती थी। उनका 18 अगस्त 2015 को निधन हो गया था। शेख हसीना तब अपनी पुत्री पुतुल के साथ खासतौर पर प्रणव मुखर्जी से संवेदना व्यक्त करने आईं थीं।

कर दिया गया था। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। वाजिद न्यूक्लियरसाइंटिस्ट थे। वे जर्मनी में ही कार्यरत थे। शेख हसीना पंडारा पार्क में शिफ्ट करने से पहले कुछ सप्ताह तक राजधानी के 56 लाजपत नगर-पार्ट तीन में भी रही थीं। उधर से बाद के कई सालों तक बांग्लादेश का हाई कमीशन काम करता रहा। अब हाई कमीशन चाणक्यपुरी में है।

शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थीं। तब प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें भारत में राजनीतिक शरण देने का फैसला लिया था। श्रीमती इंदिरा गांधी और शेख मुजीब-उर-रहमान के निजी संबंध थे। शेख हसीना का उस हत्याकांड के बाद बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। दिल्ली में शेख हसीना अपने परिवार के साथ प्रणव मुखर्जी के तालकटोरा रोड वाले घर में लगातार जाती थीं। तब दोनों परिवारों के बच्चों भी करीब आए। कुछ समय के बाद उन्होंने आकाशवाणी की बांग्ला सेवा में काम करना भी शुरू कर दिया था ताकि समय बीत सके। शेख हसीना 1981 में स्वदेश वापस चली गईं, पर उनके मुखर्जी परिवार से संबंध अटूट रहे। वह जब भी दिल्ली आईं तो शुभ्रा जी और प्रणव मुखर्जी के साथ कुछ वक्त मिलने का अवश्य निकालती रहीं। शुभ्रा मुखर्जी शिक्षिका थीं। वह राजधानी के लेडी इरविन स्कूल में पढ़ाती थीं।

शुभ्रा जी और शेख हसीना में कला, संगीत और बांग्ला साहित्य पर चर्चा होती थी। उनका 18 अगस्त 2015 को निधन हो गया था। शेख हसीना तब अपनी पुत्री पुतुल के साथ खासतौर पर प्रणव मुखर्जी से संवेदना व्यक्त करने आईं थीं। उनका दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अगवानी करने प्रणव दा की पुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी पहुंची थीं। पुतुल और शर्मिष्ठा ने भी साथ-साथ इंडिया गेट में गुड़ियों के खेल-खेले थे। जब शेख हसीना दिल्ली में रहा करती थीं तब अवामी लीग के नेता लगातार उनसे मिलने के लिए आते थे। उनसे गुजारिश करते थे कि वे अपने देश की सियासत में एक्टिव हो जाएं। लंबे समय तक टाल-मटोल करने के बाद उन्होंने बांग्लादेश की राजनीति में कूदने का मन बनाया था। तब वह 1981 में स्वदेश लौट गईं थीं। अगर शेख हसीना फिर दिल्ली में रहीं तो उनकी आंखें तरसेंगी अपनी कष्ट के दिनों की सहेली को देखने के लिए। पर न उन्हें उनकी सहेली शुभ्रा मुखर्जी और न ही सहेली के पति और भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव कुमार मुखर्जी मिल सकेंगे। दोनों दिवंगत हो चुके हैं। बेशक,शेख हसीना को यहां अपने पिताशेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क देखने को मिल जाएगी। इसका नाम 2017 तक पार्क स्ट्रीट था। यह सड़क राम मनोहर लोहिया अस्पताल के करीब है।

शेख मुजीब-उर- रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। उनका हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। शेख हसीना का दिल्ली की सड़कों, पेड़ों, परिंदों वगैरह को प्यार करना समझ आता है।

# कुपोषित बच्चों की बढ़ती संख्या

कुपोषण एक ऐसा शब्द है,जिसके सुनते ही मन में कई तरह के विचार और चित्र आने लगते हैं। परंतु संसद में दी गई जानकारी के अनुसार हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के करीब 60 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित बताए गए हैं।

एनएफएचएच 5 के अनुसार पांच साल से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित 19.3 प्रतिशत दुर्बल तथा 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि हर साल कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों की संख्या दस लाख से ज्यादा हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में किए गए सर्वे में पाया गया कि देश में सबसे गरीब इलाकों में आज बच्चे भुखमरी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं,अगर इस ओर ध्यान दिया जाए तो इन मौतों को रोका जा सकता है। बच्चों में बौनेपन में यूपी नंबर एक है और कम वजन

आर्थिक असमानता भी भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रही है। बच्चों में कुपोषण कार्यक्रमों और गतिविधियों से नहीं रूक सकता है। एक मजबूत जन समर्पण और पहल जरूरी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वाले बच्चों में मध्य प्रदेश टॉप पर है। भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण के कारण एनीमिया, घेंघा, बच्चों की हड्डियों का कमजोर होना, बौनापन आदि समस्याएं होती हैं। बेहतर पोषण और इसलिए बेहतर संकेतकों का जवाब परिवार की आय बढ़ाना है।

आर्थिक असमानता भी भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रही है। बच्चों में कुपोषण कार्यक्रमों और गतिविधियों से नहीं रूक सकता है। एक मजबूत जन समर्पण और पहल जरूरी है। कुपोषित बच्चों को पोषित किए बिना कोई देश विश्व गुरु नहीं बन सकता।

## एक नजर

### मुठभेड़ में एक अपराधी घायल, दूसरा फरार

अमृत विचार, लखनऊ : जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक अपराधी घायल हो गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। यह कार्रवाई सिकरारा व बक्शा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। अपराधियों के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। एएसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सिकरारा थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता बीती रात बक्शा पुलिस के साथ जौनपुर-रायबरेली मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। पूराकलंदर अयोध्या निवासी रजनीश यादव व जलालपुर निवासी राजन सोनकर (जो कि विभिन्न थानों में वांछित थे) सई नदी पार कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के उद्देश्य से घेराबंदी की। दोनों अपराधियों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं तो बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान रजनीश यादव के पैर में गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि राजन सोनकर मौका देख कर फरार हो गया। घटना रात 12 बजे की है। रजनीश यादव के खिलाफ जौनपुर और अयोध्या के थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस रजनीश की तलाश कर रही थी।

### नोएडा में गीले कचरे से बनेगा बायो फ्यूल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में 50 टीडीपी गीले कचरे का निस्तारण करके उससे बायो सीएनजी में परिवर्तित करने संबंधी परियोजना जल्द शुरू करने जा रही है। इसमें 17 करोड़ रुपये की लागत आएगी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, पीपीपी मोड के तहत बनी योजना से करीब 12 लाख लोग लाभान्वित होंगे। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में भूमि पार्सल की पहचान की, जहां पर इकाई की स्थापना की जाएगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, 50 टीपीडी गीले कचरे का निस्तारण कर उससे बायो-सीएनजी के जरिए रोड रेडी बायो फ्यूल बनाने की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। परियोजना के अंतर्गत बनने वाली बायो-सीएनजी को सिटी बसों समेत विभिन्न वाहनों में प्रयुक्त किया जाएगा।

# कई इकाइयां ठप, बिजली संकट जारी

## उत्पादन कम होने व स्थानीय खराबी के कारण ज्यादातर इलाके बिजली किल्लत से जूझते रहे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इकाइयों के बंद होने से 1743 मेगावाट बिजली का उत्पादन घटा
- प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,489 मेगावाट दर्ज की गई

अमृत विचार : प्रदेश में करीब आधा दर्जन इकाइयों के बंद होने से बिजली संकट बरकरार है। उत्पादन कम होने व स्थानीय खराबी के कारण मंगलवार को ज्यादातर इलाके बिजली किल्लत से जूझते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा बिजलीघर की 660 मेगावाट, हरदुआगंज की 105 मेगावाट, ओबरा सी की 660 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट व पारीछा की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में उत्पादन ठप है। इससे 1743 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,489 मेगावाट दर्ज की गई। मांग व आपूर्ति के बीच अंतर होने के कारण एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जाती रही। सूत्रों ने बताया कि हरदुआगंज इकाई 10 अगस्त तक चालू होने की संभावना है, जबकि बाकी इकाइयां अगले दो दिन में चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि उमस के कारण बिजली की मांग लगातार ज्यादा बनी हुई है। इस कारण इकाइयों में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय खराबी के कारण उत्पादन में हो रहीं दिक्कतों को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सौर ऊर्जा के लिए निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरे किए जाएं : एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मंगलवार को यूपीनेडा मुख्यालय में समीक्षा बैठक करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

अमृत विचार : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए सौर ऊर्जा से जुड़ीं परियोजनाएं शीघ्र पूरी की जाएं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के साथ ही वाराणसी, प्रयागराज व गोरखपुर को विकसित करने की कार्रवाई तेज की जाए। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को यूपीनेडा मुख्यालय में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

ऊर्जा मंत्री ने शहरों में स्ट्रीट लाइट व अन्य संयंत्रों को भी सौर ऊर्जा से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा व सौर ऊर्जा की वृहद पैमाने पर आवश्यकता बढ़ेगी। इस क्षेत्र में प्रदेश

### ऊर्जा मंत्री ने दिये निर्देश

में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत घरों में रूफटॉप सोलर बिजली लगाने, उसमें मिलने वाली सब्सिडी की राशि व आर्थिक लाभ के बारे में लोगों को जानकारी मुहैया कराई जाए। ऊर्जा मंत्री ने पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को मिलने वाले सोलर पंप की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने व इस योजना से मिलने वाले लाभों को किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला आदि अधिकारी शामिल थे।

# बंद पड़े 31 जर्जर छात्रावासों के जल्द बहुरेंगे दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित हो रहे 230 छात्रावास
- 31 छात्रावास बेहद जर्जर हैं और लगा दिया गया ताला
- छात्रावासों का जीर्णोद्धार कराने के लिए करीब 25 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रावासों के दिन जल्द बहुर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने इनके जीर्णोद्धार के लिए शासन से करीब 25 करोड़ रुपये मांगे हैं।

प्रदेश में 261 छात्रावास हैं और इनमें 31 बंद पड़े हैं। जर्जर और काफी पुराना भवन होने के कारण इनका संचालन नहीं किया जा रहा है। जर्जर छात्रावासों से छात्र-छात्राओं को दूसरे छात्रावास में शिफ्ट किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 230 छात्रावास में लगभग 20 हजार छात्र-छात्राएं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। छात्रावासों का फर्नीचर लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना हो चुका है। छात्रावासों का उच्चीकरण करने के साथ ही इनमें फर्नीचर भी बदले जाने की योजना है। जर्जर छात्रावासों का जीर्णोद्धार कराने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।

शासन से भवन और फर्नीचर आदि के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये मांगे गए हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि शासन से बजट जल्द मिलने की उम्मीद है। बजट मिलते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

# पीजीआई में बनेगा रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 26 प्रकार की 280 आधुनिक मशीनों व उपकरणों की जल्द होगी स्थापना
- पोर्टेबल इको मशीन, हाई डेफिनेशन ड्यूडेनोस्कोप व हाई एंड अल्ट्रासाउंड मशीन भी लगेगी

अमृत विचार : उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) को आधुनिक मशीनों व उपकरणों से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही यहां रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर समेत 26 प्रकार की 280 आधुनिक मशीनों व उपकरणों की स्थापना से मरीजों को सुविधाएं मिलेंगी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक 26.84 करोड़ रुपये से मंगाए जा रहे आधुनिक उपकरणों में पोर्टेबल इको मशीन, हाई डेफिनेशन ड्यूडेनोस्कोप, हाई एंड अल्ट्रासाउंड मशीन व रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर जैसी विभिन्न मशीनें शामिल हैं। इसके साथ ही, परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत एनेस्थीसियोलॉजी में ट्रांसक्रेनियल ड्रॉपर, कार्डियोलॉजी में पोर्टेबल ईको मशीन, सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी (कोर लैब) में स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, सीवीटीएस में नाइट्रिक ऑक्साइड इनहेलेशन यूनिट, इमर्जेंसी में एयर-वे कार्ट व इंडोक्राइन सर्जरी में इलेक्ट्रो कॉटेरी मशीन स्थापित की जाएगी। वहीं, एंडोक्राइनोलॉजी में रेफ्रिजरेटेड बेंच टॉप सेंट्रीफ्यूग, डीएनए एस्टीमेशन के लिए फ्लॉरोमीटर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में एचडी ड्यूडेनोस्कोप समेत विभिन्न प्रकार की मशीनें लगाई जाएंगी। जनरल हॉस्पिटल में एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, हाई प्रेशर सक्शन मशीन, ओटी डबल डोम लाइट व मल्टीपैरा मॉनिटर्स लगाए जाएंगे।

इसी प्रकार, हेमैटॉलोजी में थ्री डी बायोप्रिंटर, ऑटोमेटेड न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रैक्शन युक्त हेप्टोलॉजी में बेंचटॉप कैपिलरी इलेक्ट्रोफोरेसिस सिस्टम समेत विभिन्न उपकरणों को स्थापित किया जाएगा। रोबोटिक ओटी भी इसमें शामिल है।

## राष्ट्रपति को फिजी का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर योगी ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिनंदन जताते हुए देशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से विभूषित किया जाना देश के लिए गौरव का पल है। यह सम्मान दोनों देशों के बीच अटूट ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो विश्व में शांति, सहयोग व सद्भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रपति का हार्दिक अभिनंदन और देश वासियों को बधाई।

# आवास निर्माण में लखनऊ समेत तीन जिले अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- मंडलीय प्रगति में लखनऊ, लखीमपुर व हरदोई को ए ग्रेड
- उन्नाव को बी, रायबरेली को सी व सीतापुर को ई ग्रेड मिला

अमृत विचार : मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लखनऊ मंडल में आवासों का निर्माण कराने में लखनऊ, लखीमपुर खीरी व हरदोई को ए ग्रेड मिला है। जबकि सीतापुर की प्रगति सबसे कम होने पर ई ग्रेड दिया गया है।

पिछले माह मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ मंडल के लखनऊ, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर व हरदोई में बने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की थी। इस दौरान हरदोई ने स्वीकृत आवास 2,263 के सापेक्ष 2,251 (99.47 फीसद), लखीमपुर खीरी ने 8,025 आवास के सापेक्ष 7,579 (99.18 फीसद) व लखनऊ ने 941 आवास के सापेक्ष 929 (98.73 फीसद) पूर्ण किए। इन जिलों की प्रगति बेहतर होने पर ए ग्रेड मिला है। जबकि उन्नाव को लक्ष्य 3,088 आवास के सापेक्ष तीन हजार (97.15 फीसद) पूर्ण करने पर बी ग्रेड व रायबरेली को 3,146 आवास के सापेक्ष 3,024 (96.12 फीसद) पूर्ण करने पर सी ग्रेड मिला है। सबसे खराब प्रगति सीतापुर की रही।

जहां, 2,992 आवास के सापेक्ष 2,656 (61.98 फीसद) पूर्ण करने पर ई ग्रेड दिया गया है। संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह ने संबंधित अधिकारियों को जल्द आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# महिलाओं के सशक्तिकरण से हासिल होगी एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था : ब्रजेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

- टीआरआई की ओर से एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने पर मंथन

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को लेकर हो रहे तमाम प्रयास भी गिनाए।

उप मुख्यमंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) की ओर से आयोजित इंडिया रूरल कोलोक्वी में एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जीवन में खास कर महिलाओं की सेहत पर सरकार का खासा जोर है, साथ ही उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं में नौकरी के अवसर भी सर्वाधिक हैं। आने वाले समय में पूरे देश में प्रदेश से प्रशिक्षित नर्स सेवाएं देगीं। कहा कि गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को सरकारी अस्पतालों में अब तुरंत इलाज मिल रहा है। जिला मुख्यालयों पर डायलसिस और सीटी स्कैन की सुविधा शुरू हो गई है। इससे पूर्व जिला स्तर पर डायलसिस की सुविधा मरीजों को नहीं मिलती थी।

### कृषि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : देवेश चतुर्वेदी

प्रथम सत्र में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को विकसित करने पर बल दिया। कहा कि सरकार सड़क, बिजली, सिंचाई, उर्वरक आदि कृषि से जुड़ीं सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है, लेकिन चुनौती कृषि में निजी क्षेत्र के अधिक निवेश को आकर्षित करने की है, ताकि कोल्ड चेन सुविधाएं और बॉयबैक व्यवस्थाएं बनाई जा सकें। विशेष सचिव गृह-गोपन योगेश कुमार और विशेष सचिव सिंचाई डॉ. हीरालाल ने परंपरागत के साथ वैज्ञानिक खेती से कमाई और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलसंग्रह और पेड़ लगाने पर जोर दिया।

फ्लिपकार्ट समूह में सस्टेनेबिलिटी प्रमुख व वॉलमार्ट के सामाजिक व पर्यावरण प्रभाव सलाहकार निशांत गुप्ता और निंजाकार्ट के सैंथिल कुमार नटराजन ने छोटे किसानों को बाजार से जोड़ने और उनके जीवन में बदलाव के बारे में जानकारी दी। विशेषकर महिलाओं को एफपीओ में संगठित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम चरण में चिन्हित 11 जनपदों में पीपीआईए फेलोशिप की भी शुरुआत की गई। टीआरआई के मिशन निदेशक पिंकी जोवेल ने जनपदों में संबंधित जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में चयनित लोगों को नियुक्ति-पत्र भी दिए।

# तेज गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए बनेगा सिटी हीट एक्शन प्लान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में लखनऊ, झांसी, आगरा व प्रयागराज पर फोकस

अमृत विचार : तेज गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान बनेगा। पहले चरण में लखनऊ, झांसी, आगरा व प्रयागराज में इसे लागू करने की तैयारी है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के बीच इस विषय पर चर्चा हुई।

बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, प्राधिकरण की परियोजना निदेशक (सूखा प्रबंधन) डॉ. कनीज फातिमा आदि शामिल हुईं। बैठक में बताया कि इस वर्ष अधिकतम तापमान झांसी में 49.0 डिग्री सेल्सियस, आगरा में 48.6 डिग्री सेल्सियस व प्रयागराज में 49.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बताया गया कि जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिससे सामान्य जन-जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

हीटवेव से बचाव व इसके दुष्प्रभावों को कम करने के लिए इन शहरों के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करना अति आवश्यक है।

### तीन चरणों में तैयार होगा प्लान

शासन के अधिकारियों के अनुसार, सिटी हीट एक्शन प्लान को तीन चरणों में तैयार किया जाएगा। प्रथम चरण (अगस्त-सितम्बर 2024) में नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की समीक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं का विवरण, स्लम क्षेत्र की जानकारी और आवश्यक डेटा एकत्र किया जाएगा। द्वितीय चरण (अक्टूबर-नवंबर 2024) में नगर निगम अधिकारियों के साथ क्षमता निर्माण और संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन, डेटा विश्लेषण, आईईसी सामग्री की तैयारी और इंटर-एजेंसी समन्वय का कार्य किया जाएगा। तृतीय चरण (दिसंबर-फरवरी 2025) में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन, सिटी हीट एक्शन प्लान की तैयारी की जाएगी।

## वर्ग पहेली-154

**बाएं से दाएं**

1. 1. ढंग 2. बनावट 3. रचना 4. अवस्था; दशा।
4. संस्तुति, सिफ़ारिश, (रिक्मेंडेशन)।
6. जो दूसरों के प्रति संवेदनशील हो, विशाल हृदय वाला, दानी, परोपकारी, मुक्तहस्त, फ़ैयाज़, उदारमना, सहायता करने वाला, परम उदार, दाता।
9. 1. वसंत का मौसम 2. मधुमास 3. प्रेम-ऋतु।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. संस्तुत 2. समर्थित 3. सम्मति-प्राप्त।
3. मौसा-मौसी का घर।
5. 1. किसी चीज़ का उबलते समय 'फद-फद' ध्वनि करना 2. शरीर में बहुत दाने या फुंसियां निकल आना 3. पेड़-पौधों में नई पत्तियां निकलना।
7. पानी रखने का धातु निर्मित चौड़े मुंह का एक बड़ा बरतन, कंडाल।
8. 1. लकड़ी या धातु का मज़बूत लट्ठा, शहतीर, कड़ी, धरन, आड़ा 2. प्रकाश किरणों का पुंज, प्रकाशरेखा



### वर्ग पहेली -153 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 म | स | 2 न | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | ज़ | ■ | 3 ची |
| ■ | ■ | ■ | र | ■ | ला |
| 4 न | ज़ | र | बा | ज़ | ■ |
| क | ■ | ■ | ग | ■ | 5 र |
| च | ■ | ■ | ■ | ■ | ट |
| ढ़ा | ■ | 6 चि | म | ट | ना |

### सुडोकू -67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 1 | | 9 | 7 | |
| | | 1 | | | 8 | | 4 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | | 8 | |
| | | | | 4 | 9 | | 2 | |
| | 9 | | 2 | | 6 | | 5 | |
| | 8 | | 5 | 3 | | | | |
| | 1 | | | 9 | 2 | | | 8 |
| | 3 | | 1 | | | 5 | | |
| | 6 | 4 | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 22.05 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 20.30 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर परेशानी दूर होगी। ऑनलाइन कारोबार में प्रगति होगी। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। आप काफी प्रसन्नता महसूस करेंगे। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। संपत्ति विवादों का निपटारा होगा।

**वृष** – आज एक साथ कई सारे काम न करें। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। गुप्त शत्रुओं को लेकर मन में भय हो सकता है। आपको परिजनों की अनावश्यक बातों को लेकर दबाव हो सकता है। प्रिय जनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**मिथुन** – आज स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठाएंगे। अपने लक्ष्यों के प्रति काफी गंभीर रहेंगे।

**कर्क** – आज आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में काफी ध्यान देना चाहिए। किसी पर ज्यादा विश्वास करना उचित नहीं है।

**सिंह** – आज उच्चाधिकारियों से ज्यादा बहस न करें। शेयर मार्केट आदि से आपको लाभ मिलेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। ज्यादा सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मत भिन्नता दूर होगी।

**कन्या** – आज अपेक्षित कार्य के समय से पूरे न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। किसी काम में मन नहीं लगेगा। किसी नए काम की योजना बना सकते हैं। आपके साथियों के बीच आपसी तनाव हो सकता है।

**तुला** – आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। संतान के भविष्य की चिंता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिए। घर का वातावरण सुखद रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज युवा नया कारोबार प्लान करने का विचार बना सकते हैं। माता-पिता से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। दांपत्य समस्याओं का समाधान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे।

**धनु** – आज कारोबार में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है। नई जॉब के लिए प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों में असावधानी रखनी उचित नहीं है।

**मकर** – आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा है। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आय के स्तोत्रों में वृद्धि होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**कुंभ** – आज व्यर्थ के झगड़ों के कारण आपका व्यवहार खराब हो सकता है। आध्यात्मिक विचारों और गुप्त साधनाओं के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। अपने महत्वपूर्ण सामानों को संभाल कर रखें। रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।

**मीन** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्यार के काबिल
सुबह : 09.57
सौगंध
शाम : 04.40

&pictures
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी
सुबह : 11.23
एनएच 10
रात : 08.00

SONY PIX
द कॉन्ज्यूरिंग
सुबह : 11.47
सैन एंड्रियास
रात : 09.00

ZEE CINEMA
गंगूबाई काठियावाड़ी
सुबह : 11.23
ड्रीम गर्ल
रात : 08.00

colors CINEPLEX
चेन्नई एक्सप्रेस
दोपहर : 12.10
द गार्डियन
रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जज साहब, मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वो बर्तन फेंक कर मारती है।
जज- बर्तन अभी मारना शुरू किया है या पहले से ही मार रही है।
पति- पहले से ही
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों लेना चाहते हो?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है।

चिंटू- अपने देश में मृत्यु की औसत दर क्या है?
मिंटू- सौ फीसदी।
चिंटू- सौ फीसदी... क्या मतलब?
मिंटू- मतलब यह कि जो भी जन्म लेता है, वह जरूर मरता है।

# नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नाबालिग की मां ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने 16 मई को पुलिस को दी तहरीर में उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में लखनऊ के थाना बक्सी तालाब के शिवपुरी गांव निवासी विपिन, उसके पिता नन्हू, उसके भाई शक्तिमान व जनाकी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी पुलिस जांच कर रही थी। नाबालिग की बरामदगी के बाद उसके मेडिकल व स्कूल के प्रमाणपत्रों के आधार पर पाक्सो व दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई थीं। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विपिन को गिरफ्तार किया और उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।


फतेहपुर चौरासी में मतदान करने जाती वृद्ध महिला। अमृत विचार

# उपचुनाव : प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में हुआ बंद

संवाददाता फतेहपुर चौरासी/ औरास उन्नाव

- औरास में 70 तो फतेहपुर चौरासी में 65% हुआ मतदान
- शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहा फोर्स

**अमृत विचार।** विकासखंड फतेहपुर चौरासी व औरास में ग्राम पंचायतों में रिक्त पड़े पदों में हुए उपचुनाव को लेकर मतदान में वोटरों ने जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें फतेहपुर चौरासी में करीब 65.49 तो औरास में 70.4 फीसद मतदाताओं ने वोट डाले।

बता दें कि विकासखंड फतेहपुर चौरासी की ग्राम पंचायत दबौली में बीते छह माह से रिक्त पड़े प्रधान पद के लिए मंगलवार को कराए गए उपचुनाव को लेकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। ग्राम पंचायत के प्रधान अजीत तिवारी का बीते जनवरी माह में गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था। तभी से यह पदा खाली पड़ा है। मंगलवार को हुए उपचुनाव के लिए बनाए गए पांच बूथों पर गांव के 3098 मतदाताओ में 2029 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।


औरास में मतदान करने जातीं महिलाएं। अमृत विचार

यह मतदान प्रतिशत करीब 65.49 फीसद रहा। उपचुनाव में गांव के वृद्ध व असहाय मतदाताओं को उनके परिजन व प्रत्याशियों के समर्थक गोद में उठाकर बूथ तक ले गए। उपचुनाव में शांति बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार फोर्स के साथ केंद्र पर मौजूद रहे।

वहीं, विकासखंड औरास के बछौली गांव में त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव में धर्मेंद्र, मनोज व रामदुलारी उम्मीदवार थीं। जिन्हें चुनने के लिए 8 मजरों की महिलाओं, पुरुषों व नौजवानों ने मतदान किया। जिसमें कुल मतदाताओं 3146 में 2216 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह करीब 70.4 प्रतिशत रहा। मतगणना आठ अगस्त को होगी।

## एक नजर

### चिकित्सकों को मिली जटिल सर्जरी में सफलता

**नवाबगंज।** जिले के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के जनरल सर्जरी विभाग ने एक जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। इसमें 19 वर्षीय एक युवती जिसे ब्रेस्ट में काफी बड़ा ट्यूमर था। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. सतेन्द्र सिंह और डॉ. आसिफ सईद की संयुक्त टीम ने किया। क्षेत्र में इसे लेकर खासी चर्चा है कि अब क्षेत्र में लोगों को इलाज मिल सकेगा।

### एसडीएम से की अधूरी पड़ी सड़क बनवाने की मांग

**नवाबगंज।** ग्राम सरौती में सासंद निधि से बनने वाली सड़क के कार्य को गांव के ही कुछ दंबगों द्वारा रुकवा दिया गया। जिसकी शिकायत गांव के लोगों ने भाजपा नेता प्रबोध अवस्थी की अगुवाई में एसडीएम हसनगंज से मिलकर की और सड़क का निर्माण शुरू कराने की मांग की। साथ ही बताया कि गांव में आधी सड़क बन चुकी है।

### गड्ढे में फंसा गोवंश निकाला

**हसनगंज।** लापरवाही से खोदे गए 7 फीट गहरे गड्ढे में एक गोवंश गिर गया। हसनगंज कोतवाली के पास कई दिन पहले किसी ने करीब 7 फीट गहरा गड्ढा खोद कर डाल दिया था। मंगलवार को एक अन्ना गोवंश गड्ढे में गिर गया। जिसे मशक्कत के बाद निकाला गया।

# सड़क हादसों में सीएचसी अधीक्षक सहित दो की मौत, दो लोग घायल

## एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, पुलिस ने किया रेस्क्यू

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भोरपहर चालक को झपकी आने के बाद कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर में घुस गई। इसमें चालक व उसके बगल में बैठे सीएचसी अधीक्षक उसी में फंस गए। पुलिस ने उन्हें रेस्क्यू कर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक्सप्रेस-वे पर हुए एक अन्य हादसे में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ आगे की कार्रवाई शुरू की है।

**कंटेनर में घुसी कार, अगले हिस्से के उड़ गए परखच्चे**

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह सिरधरपुर गांव के पास चालक को आई झपकी के बाद कार अनियंत्रित होकर साइड लेन में चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसी। इसमें कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए व इसमें सवार दो लोग उसी में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर प्रीतमपुरा चौकी पुलिस व यूपीडा की रेस्क्यू टीम पहुंची और किसी तरह दोनों को बाहर निकालकर बांगरमऊ सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जामातलाशी में पुलिस को उनकी जेब से मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। इसके बाद उनकी शिनाख्त हुई। मृतकों में शामिल रामनिवास (48) पुत्र बुधईराम निवासी कस्बा खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर सरकारी डॉक्टर थे। इस समय वह सिद्धार्थ नगर जिला की मिढवल सीएचसी में अधीक्षक के पद पर तैनात थे।


रामनिवास।


फियान।

बेटी मोनिका ने बताया पिता देररात आगरा में मंगलवार को होने वाली मीटिंग के सिलसिले में जा रहे थे। हादसे में उनके साथ रहे चालक सुफियान (25) पुत्र मो. फारुक निवासी बड़ी सरौली खलीलाबाद संत कबीरनगर की भी मौत हुई है। वह भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। वहीं सीएचसी अधीक्षक की मौत की सूचना पर सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ हरिनंदन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों से बात की। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। कंटेनर चालक वाहन छोड़कर भाग गया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

### डिवाइडर से टकरा गई कार

**गंजमुरादाबाद।** हरियाणा प्रांत के जिला हिसार के कस्बा व थाना नवनोन निवासी बादल सिंह (40) पुत्र राज कुमार व नरेश (39) पुत्र रामस्वरूप कार से लखनऊ जा रहे थे। तभी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे चालक को अचानक झपकी आने से तेज रफ्तार कार अस्थाई सीमेंटेड डिवाइडर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई और इसमें सवार दोनों युवक घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

# धरना सफल बनाने को विद्यालयों का किया भ्रमण

**उन्नाव।** एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के मंडलीय निदेशक कार्यालय पर आयोजित धरना सफल बनाने के लिए संगठन पदाधिकारियों ने आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान अलग-अलग माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक साथियों से मिलकर आंदोलन का सफल बनाने की अपील की गई।

रसूलाबाद, मियागंज, सफीपुर व ऊगू आदि में संचालित माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों को संबोधित करते हुए एमएलसी ने कहा लोकतांत्रिक व्यवस्था में संगठन की शक्ति के जरिए ही मांगों को पूरा कराया जा सकेगा। बताया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों सहित तदर्थ शिक्षकों की काफी लंबे समय से लंबित समस्याओं को भी आंदोलन का हिस्सा बनाया, इसलिए अधिक शिक्षकों को 9 अगस्त को लखनऊ में धरने में पहुंचना चाहिए। भ्रमण करने वालों में संघ के प्रांतीय मंत्री रमाशंकर मिश्र मुन्ना, जिलाध्यक्ष हरिहर दीक्षित, मंत्री राम शंकर व प्रशांत पाल आदि शामिल थे।

# शौचालयों सहित बेसिक स्कूलों की सफाई ग्राम पंचायत के भरोसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- राज्यमंत्री बेसिक शिक्षा ने सदन में पद सहित बजट न उपलब्ध होना स्वीकारा

**अमृत विचार।** शौचालयों सहित परिषदीय विद्यालय और आसपास इलाके में साफ-सफाई ग्राम पंचायतों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के जिम्मे है। हाल में संपंन विधानसभा सत्र के दौरान राज्यमंत्री बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है। वास्तविकता यह है कि शिक्षक-शिक्षिकाओं को निजी तौर पर लगाए गए श्रमिकों से साफ-सफाई करानी पड़ती है, जबकि गांवों में शौचालय साफ करने के लिए किसी को तैयार कर पाना टेढ़ी खीर साबित होता है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ग्राम पंचायतों में तय मानदेय पर सफाई कर्मचारियों की तैनाती शुरू कराई थी। इसके बाद सपा सरकार ने ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों का पारिश्रमिक बढ़ाया। देश में बीते करीब 10 साल से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई पर निरीक्षण करने पहुंचने वाले अधिकारियों द्वारा खास ध्यान दिया जाता है। इसके बावजूद परिषदीय विद्यालयों को सफाई मद का कोई बजट नहीं आवंटित होता है। बीते विधानसभा सत्र में विद्यालयों की साफ-सफाई संबंधी सवाल का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने सदन को बताया कि नौ अक्टूबर 2017 को निदेशक पंचायतीराज को संबोधित पत्र संख्या 2/2080/2017-2-143/विविध/33-1-2010 में शासनादेश संख्या 3173/33-1-2014-2014 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारी प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करेंगे। ग्राम पंचायत व जिला पंचायतराज अधिकारी ग्राम पंचायत के सफाईकर्मियों से यह दायित्व पूर्ण कराएंगे। टीकरगढ़ी, गजौली, हुसैननगर, मगरवारा, दोस्तीनगर, सैय्यद अब्बासपुर व सिंघुपर आदि विद्यालयों शिक्षासत्र की शुरुआत में उच्चाधिकारियों द्वारा एक बार जारी होने वाले आदेश पर अमल कराते हुए निजी श्रमिक बुलाकर साफ-सफाई करानी होती है।

# विश्विद्यालय में काम करते समय गिरकर श्रमिक की मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- शाहजहांपुर जिला के वरखेमई का निवासी है मृतक
- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन है विश्वविद्यालय

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत टोल प्लाजा के पास निर्माणाधीन विश्वविद्यालय में काम करने वाले श्रमिक की दूसरी मंजिल ने नीचे गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें सिर में चोटें मिली हैं। लेकिन मामला संदिग्ध दिखने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।


रामवीर।

बता दें कि शाहजहांपुर जिला के परौर थानाक्षेत्र के वरखेमई गांव निवासी रामवीर (28) पुत्र स्व. जसवंत अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर टोल प्लाजा के पास निर्माणाधीन चंडीगढ़ विवश् विद्यालय में शटरिंग श्रमिक था। वह वहीं पर बने अस्थाई क्वाटर में रहता था। मंगलवार सुबह सात बजे दूसरी मंजिल पर शटरिंग खोलते समय उसका पैर फिसला और वह नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। फोरमैन राकेश व साथी श्रमिक उसे नवाबगंज सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। दिवंगत रामवीर के माता-पिता की मौत हो चुकी है। उसका एक बड़ा भाई नन्हकू है जो फलीज के अटैक के बाद से बिस्तर पर है। उसकी कमाई से भाई की दवाई और घर का खर्च चलता था। अस्पताल के मेमो पर अजगैन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसके सिर के बाईं ओर चोटें मिली हैं। साथ ही विष के लक्षण मिलने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में मजदूर की मौत की सूचना मिली थी। आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# फंदे से लटककर विवाहिता ने दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप
- 25 फरवरी-2016 को हुई थी शादी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शिव सिंह खेड़ा गांव में जेठानी से हुए विवाद के बाद पति की पिटाई से छुब्ध विवाहिता ने फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। इसकी सूचना पर सीओ सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट ने भी साक्ष्य एकत्र किए। बहन की तहरीर पर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।


ज्योति।

बता दें कि शिवसिंह खेड़ा गांव निवासी ज्योति (26) पत्नी विशाल ने सोमवार शाम अपने पांच वर्षीय बेटे शौर्य व दो वर्षीय बेटी परी को मोबाइल देकर कमरे के बाहर लिटा दिया और दरवाजा अंदर से बंद कर दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। इसी दौरान छोटी बहन सोनम का फोन आने पर बेटे ने मां को आवाज दी लेकिन, कोई उत्तर न मिलने पर अन्य परिजन पहुंचे और झांक कर देखा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। घटना की जानकारी पर मायका पक्ष पहुंचा और प्रताड़ना का आरोप लगाया। सीओ सिटी सोनम सिंह ने फील्ड यूनिट से जांच करा शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ओसियां गांव निवासी बाबा ललऊ प्रसाद ने बताया कि ज्योति की शादी 25 फरवरी-2016 को हुई थी। वह रविवार को नागपंचमी (गुड़िया) के पर्व पर त्योहारी देने गया था। ज्योति की किसी बात को लेकर जेठानी आशा से कहासुनी हुई। इस पर पति ने उसकी पिटाई की थी। वहीं छोटी बहन सोनम ने बताया कि पति सहित जेठानी, ननद रूबी सहित अन्य ससुरालीजन बहन को प्रताड़ित करते थे। बेटी की मौत की खबर पर वह घर आने के लिए निकले हैं। वहीं पति विशाल ने मारपीट के आरोप को गलत बताते हुए कहा कि झाड़ू लगाने को लेकर भाभी से हुई कहासुनी पर उसे सिर्फ डांटा था। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि विवाहिता की बहन की सूचना पर कार्रवाई की गई है।


गमगीन परिजन। अमृत विचार

### संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर युवती ने की खुदकुशी

**सफीपुर उन्नाव।** संदिग्ध परिस्थिति में युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदाबाद माथर निवासी राम बाबू की 20 वर्षीय बेटी अंशु ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। बेटी को फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। जिसे फोन से परिजनों ने सूचना दी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मृतका की कहीं शादी की बात चल रही थी। वह चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसकी मौत के बारे में परिजन कुछ नहीं बता सके। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप


खाद व बीज दुकान में जांच करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

### खाद दुकानों पर छापा, 26 के नमूने लिए

**उन्नाव।** जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषकों को गुणवत्ता खाद उचित दर पर उपलब्ध करने हेतु गठित पांच टीमों ने बीज व खाद दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 68 दुकानों में जांच की गई और 26 दुकानों से खाद व बीज के नमूने लिए गए। दुकान बंद कर भागने वाले दो दुकानदारों को नोटिस दी गई। बता दें कि उप कृषि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी ने सदर क्षेत्र में, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बांगरमऊ व सफीपुर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने पुरवा, भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार ने हसनगंज व वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ने बीघापुर तहसील क्षेत्र की खाद व बीज दुकानों में छापा मारा। इससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने छह तहसीलों में दुकानें चेक की। इस दौरान संदिग्ध खाद व बीज मिलने पर 26 नमूने लिए गए। वहीं छापेमारी के दौरान सात दुकानदारों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह तय रेट पर ही गुणवत्तायुक्त बीजों की बिक्री करें।


बैठक में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत बच्चों को दी जाएगी दवा

**नवाबगंज उन्नाव।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत अभियान चलाकर 10 अगस्त को बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को दवाओं के सेवन को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक कर दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान में सरकारी, निजी विद्यालयों के अलावा एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर एक से 19 वर्ष के बच्चों व युवाओं को दवा खिलाएंगी। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि छह माह में एक बार हर व्यक्ति को एल्बेंडाजोल दवा का सेवन करना चाहिए। पेट में कीड़े होने के कारण जो ऊर्जा खानपान से व्यक्ति को मिलनी चाहिए वह उसे पूरी तरह से नहीं मिल पाती है। जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। ऐसे में बच्चों को निर्धारित समय पर एल्बेंडाजोल दवा जरूर लेनी चाहिए। यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ ने बताया कि एल्बेंडाजोल की दवा बच्चों को उम्र सीमा के हिसाब से देनी है। दो साल के बच्चों को आधी गोली, तीन से 19 साल के बच्चों को एक गोली दी जानी है। खांसी, बुखार, सांस फूलना व गंभीर बीमारी के ग्रसित बच्चों को दवा नहीं खिलानी चाहिये। दवा को हाथ से न खिलाएं। इसके लिए चम्मच का प्रयोग करें। कुछ बच्चों को अगर दवा खाने के बाद उल्टी, दस्त व पेट में हल्का दर्द हो तो उसे खुली हवा में छायादार स्थान पर लिटा दें। इस दौरान सीडीपीओ स्वप्निल पाल, बीपीएम मलखान सिंह, डब्लूएचओ मॉनिटर सौरभ बाजपेई, प्रशांत दीक्षित, विनोद दीक्षित समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

व्यवस्था — भाजपा जिलाध्यक्ष व सदर विधायक ने सेल्फी लेकर किया उद्घाटन

# तिरंगा यात्रा को स्थापित हुआ सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के तत्वावधान में बीते कई सालों से स्वतंत्रता दिवस से पहले 14 अगस्त को शहर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को निराला उद्यान के सामने बनाए गए सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार कटियार व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने संयुक्त रूप से बनाए गए अस्थाई सेल्फी प्वाइंट की शुरुआत कराई। इस दौरान तिरंगा यात्रा संयोजक आयोजन संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने अतिथियों को भरोसा दिलाया कि इस बार गत वर्षों की तुलना में अधिक भव्यता से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।



सेल्फी प्वाइंट पर खड़े भाजपा जिलाध्यक्ष, सदर विधायक व यात्रा संयोजक।

काय्रक्रम स्थल पहुंचे अतिथियों से पहले यहां रखे गए भारत माता के चित्र की आरती कराई गई। इसके बाद दोनो अतिथियों ने फीता काटकर सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन की रश्म पूरी कर अपने मोबाइल से स्वयं सहित अन्य लोगों की सेल्फी ली। तिरंगाया यात्रा के संयोजक ने कहा कि यात्रा में 151 मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज सहित आर्मी बैंड व विभिन्न झांकियां लोगों को आकर्षित करने में कामयाब रहेंगी। साथ ही मौजूद युवाओं से सेल्फी प्वाइंट से ली गई सेल्फी को अधिक से अधिक मित्रों तक पहुंचाते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल होने को प्रेरित करने की अपील की। तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि एक पखवाड़े से घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, शिव सेवक त्रिपाठी, पूर्व सैनिक परीक्षित अवस्थी, दीपू तिवारी, मनोज, मुकेश दीक्षित, मनीष अवस्थी, सुधीर तिवारी, निशांत शुक्ला, अवधेश दीक्षित, सुरेश सिंह सेंगर, राकेश राजपूत, अवनीश तिवारी, अमित तिवारी, विकास सिंह सेंगर, राघवेन्द्र पांडेय, सुनील भदौरिया, आरके मिश्रा, दीपू तिवारी, आलोक शक्ला, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, चहेल तिवारी, अभि तिवारी, मनोज, राम तिवारी, सूर्यम शुक्ला, आयुष सोनी व सुरेश वर्मा आदि मौजूद थे।


खाताधारक के बेटे को रुपये वापस देते रिटायर्ड फौजी।। अमृत विचार

# रिटायर्ड फौजी ने वापस कराये 30 हजार रुपये

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर गोलाघाट आजाद पार्क निवासी एक सख्श के रुपयों से भरा बैग ई रिक्शा में भूल गया। रिटायर्ड फौजी ने युवक को रुपये वापस दिलवाये।

छावनी के आजाद पार्क निवासी राजाराम गोलाघाट स्थित एक बैंक में पैसे निकालने गये थे, जहां झोले में पैसे रखकर ई रिक्शे से घर के पास उतर गये। चालक रुपये लेकर शुक्लागंज आ गया। जहां पालिका के सामने एक अन्य ई रिक्शा चालक में रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद होने लगा। जिस पर रिटायर्ड फौजी सतीश शुक्ला ने दोनों से पूछताछ की। जहां ई रिक्शा चालकों ने बताया कि कोई उनके ई रिक्शे में पैसा भूल गया है। उन्होंने बैग से निकली पासबुक से खाताधारक का पता लगाया। जिसके बाद राजाराम के बेटे को बुलाकर पैसे वापस कराये और हजार रुपये दोनों चालकों को दिए।

# उन्नाव से कई बार उठ चुकीं अव्यवस्थाओं की 'लपटें'

प्रकाश तिवारी उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ में मंगलवार को उन्नाव की पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला द्वारा सीएम के जनता दरबार से निकलने के बाद खुद को आग के हवाले करने के मामले ने जिले व राजधानी के अलावा पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया। इस मामले में जिला पुलिस के अलावा शासन तक से सवाल पूछे जाने लगे हैं। जवाब यह मिल रहा है कि महिला द्वारा ऐसा आत्मघाती कदम उठाने के बाद कार्रवाई तेज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मामले की सघन जांच की जा रही है। लेकिन, सवाल यह उठता है कि जिला पुलिस ऐसे मामलों में पहले सख्त कार्रवाई करने के बजाय सांठगांठ कर उन्हें निपटाने में क्यों लगी रहती है। पुलिस की इस कार्यशैली के चलते पीड़ितों को अपनी जान की परवाह किये बिना



खुद को आग में झोंकने को मजबूर होना पड़ता है। हालांकि, जिले के लिये यह पहला मामला नहीं है। ऐसे कई मामले पूर्व के वर्षों में भी हो चुके हैं। जिनमें लोगों ने आत्मघाती कदम उठाया और जिला पुलिस व प्रशासन की किरकिरी भी हुई। इसमें सबसे चर्चित माखी दुष्कर्म कांड रहा था। जिसके बाद ऐसे मामलों की जिले में बाढ़ सी आ गई है।

- स्थानीय स्तर पर न्याय न मिलने से कई लोग लखनऊ में कर चुके आत्मदाह का प्रयास
- पीड़ितों द्वारा ऐसा आत्मघाती कदम उठाने के बाद ही जिला पुलिस हरकत में आती है
- चर्चित माखी दुष्कर्म कांड के बाद से जिले में ऐसे में मामलों में हुआ जबरदस्त इजाफा

**पूर्व में यह हो चुके मामले :**

- अप्रैल-2018 में माखी कांड की दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसके पिता को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है और हत्या की साजिश रची जा रही है। इसके बाद उसने परिवार सहित लखनऊ में सीएम आवास के सामने आत्मदाह की कोशिश की थी।
- जनवरी-2022 में सदर कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासी दलित युवती का अपहरण कर हत्या करने के मामले में उसके परिजनों ने लखनऊ पहुंचकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की गाड़ी के सामने छलांग लगाई थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।
- वर्ष-2022 में पूर्व कैबिनेट मंत्री के भतीजे व सपा के पूर्व जिला महासचिव गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर निवासी सुरेश पाल, उनके साथी जितेंद्र, बाबूलाल, पप्पू, धीरज आदि पर मनोहरपुर की दलित महिला मूर्ति देवी ने जमीन कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भी पीड़िता ने मई-2022 में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में आत्मदाह करने का प्रयास किया था। आनन-फानन अधिकारियों ने उसकी जमीन पर जाकर जांच की थी और आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी।
- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चंपापुरवा निवासी सुरेश का 14 वर्षीय बेटा अरुण निषाद का 28 फरवरी-2022 को कटरी स्थित सरसों के खेत में रक्तरंजित शव मिला था। न्याय न मिलने पर पूरा परिवार लखनऊ में विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचा था। जहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने सभी को पकड़ा था और मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू कराई गई थी।
- 12 दिसंबर-2023 को सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हसनापुर गांव में हुए जमीनी विवाद में वीरेंद्र सिंह ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। इसमें कुछ दिनों के इलाज के बाद लखनऊ में उसकी मौत हो गई थी।
- 27 दिसंबर-2023 को एसपी कार्यालय परिसर में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव निवासी दलित श्रीचंद्र पुत्र रामस्वरूप ने आत्मदाह का प्रयास किया था। जिस पर परिवार के सदस्यों ने तत्कालीन सीओ व अन्य पर गंभीर आरोप लगाये थे।

# मारपीट के तीन दोषियों को 5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। मौरावां थानाक्षेत्र में साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के केस में कोर्ट ने तीन युवकों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र में 21 मई-2014 को गोगा निवासी कटरा थाना औरास ने अपने मौसेरे भाई मुकीम खां पर हुए जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि वह 21 मई-2014 को मुकीम निवासी साकिन कुदरा बाना मौरावां के साथ अरशद निवासी मुसंडी मौरावां के यहां से दावत से लौट रहा था। तभी गांव बहवा मोड पर पुरानी रंजिश को लेकर जमीरुल उसके भाई अमीरुल पुत्र जहीर, इरशाद व सगीर उनसे गालीगलौज करने लगे। विरोध करने उन्हें लाठी-डंडों से पीट दिया और उनके रुपये भी लूट लिए। एसआई रणजीत सिंह भदौरिया ने सभी आरोपियों के खिलाफ 31 जून-2015 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की दलीलों को सुनने के बाद एडीजे असलम सिद्दकी ने जमीरुल, अमीरुल व इरशाद को पांच-पांच साल की सजा सुनाई। वहीं कोर्ट ने पुलिस द्वारा आरोपपत्र में लूट व माल बरामदगी के दिखाए गए तथ्यों को सहीं नहीं माना। इसी मामले में एक आरोपी सगीर के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर उसे दोषमुक्त करार दिया।

### गैंगस्टर एक्ट में तीन को मिली सजा

उन्नाव। पुरवा कोतवाली पुलिस ने गैंग बनाकर क्षेत्र में अपराधिक वारादातों को अंजाम देने के आरोप में 30 जुलाई-2008 को कोतवाली क्षेत्र के बड़ा खेड़ा गांव निवासी लल्लेश, नन्हके व कैलाश पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ ब्रजेश सिंह ने उनके विरुद्ध साक्ष्य एकत्र किए और 23 जुलाई-2009 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। एडीजे जयवीर नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर तीनों को तीन-तीन साल की सजा और 10-10 हजार का जुर्माना लगाया।

### बाइक चोर को तीन साल की सजा

उन्नाव। असोहा थाना पुलिस ने सन-2023 में वाहन चेकिंग दौरान के लखनऊ के सरोजनी नगर थानाक्षेत्र के अमौसी निवासी कैफ पुत्र अब्दुल रशीद को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। जांच में उसके पास जो बाइक मिली थी वह चोरी की थी। एसआई बाबूलाल की तहरीर पर असोहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। एसआई रामऔतार ने 8 नवंबर-2023 को मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में एसीजेएम-4 रत्नेश दीप कमल ने कैफ को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

## एक नजर

### घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली के श्री नगर निवासी एक युवक सप्ताह भर पहले घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने खोजबीन की, पता न चलने पर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। श्री नगर खान कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय विपिन मिश्रा 31 जुलाई को कंपनी जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद वापस नहीं लौटा, परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की और कंपनी में भी पता किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

### युवती की तहरीर पर बहन से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

औरास। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी छोटी बहन गांव के पास धान के खेत की फसल देखने जा रही थी। तभी गांव के विनय व अभय सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह गलत नियत से जबरन उसका हाथ पकड़कर बाइक में बिठाने लगे। जिस पर बहन की आवाज सुन छोटा भाई बचाने दौड़ा तो उन लोगों ने भाई-बहन को लाठी-डंडों से पीट दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### ग्रामीणों ने रोका कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार्य

पुरवा। तहसील क्षेत्र से निकल रहे कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी भरान का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं कुछ स्थानों पर डामरीकरण का कार्य भी शुरू हो गया है। क्षेत्र के रसीदपुर गांव के पास रसीदपुर सहित चेतरा, सोहनखेड़ा, खत्रिनखेड़ा, इब्राहिमपुर आदि गावों के लोगों को आने जाने के लिए कोई निकास नहीं दिया गया है। ऐसे में बारिश में कार्यदायी संस्था द्वारा बनाए गए अस्थायी मार्ग में पानी भर गया है। जिससे ग्रामीणों को पांच किमी चक्कर काटकर आना जाना पड़ रहा है। मार्ग न बनने से नाराज एक सैकड़ा ग्रामीणों ने मंगलवार को रायपुर गांव के पास पीएनसी के डंपरों को रुकवाकर प्रदर्शन किया। कार्य रुकने की सूचना पर पहुंचे पीएनसी के प्रशासनिक अधिकारी उदित जैन ने ग्रामीणों को तत्काल अस्थायी मार्ग बनवाने व बारिश के बाद सर्विस लेन बनवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण माने और कार्य शुरू हो सका। इस दौरान एक घंटे तक कार्य प्रभावित रहा।

# दोबारा जनता दरबार पहुंची तो भेज देंगे जेल

## उपमुख्यमंत्री से शिकायत करने पहले पहुंची थी अंजलि , बेहोश होने पर उन्नाव ले जा रही पुलिस ने रास्तेभर धमकाया

**संवेदनहीनता**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास खुद को आग लगाने वाली अंजलि अपना दुखड़ा सुनाने दो-तीन दिन पहले उपमुख्यमंत्री भी गई थी। वहां बेसुध होने पर पुलिस ने उसे उन्नाव पहुंचाया था लेकिन रास्ते भर पुलिसकर्मी उसे धमकाते रहे कि दोबारा जनता दरबार में आने पर फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेज दी जाओगी। उपमुख्यमंत्री से शिकायत करने पहुंची अंजलि गुहार लगाने से पहले ही बेहोश हो गई थी।

उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था, जिसके बाद उसे उन्नाव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। टीम अंजलि को लेकर उन्नाव पहुंची। अंजली का आरोप है कि उसे लेने के लिए जो पुलिसकर्मी आए थे, उन्होंने रास्ते भर धमकाते हुए कहा कि समझौता कर लो नहीं तो मरवा दी जाओगी। दोबारा जनता दरबार में आने पर फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेज दी जाओगी। मामले की जानकारी सीओ से लेकर सभी पुलिसकर्मियों को थी। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता की मांग है कि सभी को निलंबित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### मिला पत्र, पुरवा थाने का दरोगा रिश्वतखोर है

अंजलि के बैग से पुलिस को एक पत्र मिला है। पत्र में लिखा कि पुरवा थाने का दरोगा राजेश यादव रिश्वतखोर है। वह उसके पति व ससुराल वालों को बचा रहा है। अंजलि इसकी शिकायत करने लखनऊ आई थी।

### बैग में लेकर आई थी पेट्रोल

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंजली आज भी जनता दरबार पहुंची थी, लेकिन अंदर नहीं जा सकी थी। वहीं जांच में सामने आया कि ज्वलनशील पदार्थ झोले में लेकर आई थी, जिसे उसने कहीं रख दिया था। यहां से जाने के बाद लिया और आत्मदाह का प्रयास किया।

### फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना के बाद गौतमपल्ली पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। मौके पर पहुंची टीम ने पेट्रोल समेत अन्य साक्ष्यों को एकत्रित कर जांच के लिए भेज दिया। अन्य बिंदु पर पुलिस जांच की जा रही है।

### सपा कार्यालय की तरफ से आती दिखी अंजलि

पुलिस के मुताबिक अंजलि सपा कार्यालय की तरफ से आती हुई दिखी है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे है ।पुलिस के मुताबिक अंजलि ऑटो से सपा कार्यालय के बाहर उतरी थी। वहां एक होटल पर चाय पी। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास की तरफ चली। पुलिस इस बिंदु पर जांच कर रही है कि कहीं रास्ते में किसी ने उसे आत्मदाह के लिए उकसाया तो नहीं है।

### नहीं पहुंची एंबुलेंस, पुलिस जीप से भेजा गया अस्पताल

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना होने के बाद पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस के लिए सूचना दी थी। करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान वह तड़प रही थी। बार-बार बच्चे को देखते हुए बचाने की गुहार लगा रही थी। इसके बाद पुलिस ने अपनी जीप से अंजलि को सिविल अस्पताल भेजा। जहां से केजीएमयू रेफर कर दिया गया।

### पिटाई कर लूट की दर्ज कराई थी एफआईआर

एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर अंजलि ने ससुराल वालों पर मारपीट, लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने दो अगस्त को एफआईआर दर्ज कर लिया था। पांच अगस्त को आरोपी पति और देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोप लगाया कि 30 जुलाई की शाम 4 बजे वह बच्चे के साथ मायके से ससुराल पहुंची। उसे देख सास राजकुमारी, देवरानी शालिनी, भांजा निर्मल गालियां देने लगे। घर के अंदर जाने से रोका। विरोध करने पर लाठी डंडे से पीटा। देवरानी ने बैग छीन लिया।

### जांच सीओ पुरवा को

एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि अंजलि ने जिस दरोगा पर आरोप लगाया है उसके खिलाफ सीओ पुरवा को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किया था प्रेम विवाह, ससुराल वाले अब करने लगे दहेज की मांग

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के छत्ता खेड़ा गांव निवासी महिला से पति समेत अन्य ससुरालीजन दहेज में एक लाख रुपये व बाइक की मांग कर रहे थे। इससे परेशान होकर पीड़िता ने मंगलवार को लखनऊ पहुंचकर खुद को आग के हवाले कर दिया।

कानपुर देहात के शिवराजपुर निवासी अंजलि ने पुरवा क्षेत्र के गांव छत्ताखेड़ा निवासी देशराज से ढाई वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। वह छत्ताखेड़ा में देशराज के साथ रह रही थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति, सास रामकुमारी, देवरानी शालिनी व 15 वर्षीय भांजा दहेज में एक लाख रुपये व बाइक के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। वह मायके चली गई। अंजलि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 30 जुलाई-2024 को एक वर्षीय बेटे के साथ ससुराल लौटी तो उससे दहेज को लेकर मारपीट की गई। देवरानी ने उसके पास से 4000 रुपये, सास ने मंगलसूत्र व भांजे ने मोबाइल फोन छीन लिया। शिकायत लेकर कोतवाली गई लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम व डीएम कार्यालय के चक्कर लगाती रही। सीओ सोमोनेंद्र विश्वास के निर्देश पर दो अगस्त को पुरवा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पति देशराज व देवर कुलदीप पर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया था। एसडीएम उदित नारायण सेंगर के निर्देश पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। लेकिन पीड़िता नामजद सभी आरोपियों को जेल भेजने की मांग करती रही। इसी के चलते उसने मंगलवार को लखनऊ पहुंचकर यह कदम उठा लिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला के शिकायती पत्र पर दहेज उत्पीड़न की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि सोमवार को दो आरोपियों को जेल भेजा गया था। घटना के बाद सभी ताला डालकर फरार हैं।

# नियम ताक पर रख नया समूह बनाकर किया कोटा का चयन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर विकासखंड के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी आदेशों को ताक पर रखते हुए फर्जी स्वयं सहायता समूह बनाकर अपने लोगों को लाभ देते हुए सरकारी राशन दुकान को चयनित करवा दिया। जिस पर पूर्व में गठित समूह के सदस्यों ने समाधान दिवस पर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाइ है।

विकासखंड सफीपुर के तहत मवईभान ग्राम पंचायत में सन-2017 में बने राधेश्याम महिला स्वयं सहायता समूह मवई भान की सदस्य कोमल देवी ने समाधान दिवस में प्रभारी को प्रार्थनापत्र देते हुए बताया था कि उनकी ग्राम पंचायत में मनमर्जी से नया समूह बनाकर समूह के सदस्य के नाम राशन का कोटा चयनित कर दिया है। जो नियमानुसार नहीं है।

### क्या है नियम

मिशन निदेशक सुजीत कुमार के 9 जुलाई-2020 को जारी आदेश के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन में स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं, 15 जुलाई-2020 तक चयनित स्वयं सहायता समूह की सूची को प्राथमिकता दी जाएगी और निर्माता कार्यकाल के बीच में नया समूह नहीं बनाया जा सकता है।

### बना दिया फर्जी समूह

ग्राम पंचायत मवईभान के प्रधान व विकासखंड सफीपुर के कर्मचारियों-अधिकारियों की मिलीभगत से गांव में एक फर्जी समूह बनाकर भ्रष्टाचार के पूरे खेल को अंजाम दे दिया गया। प्रधान ने गांव की पूनम, रोली सिंह, सरिता सिंह, शांति देवी, प्रीति सिंह सहित 23 महिलाओं को जोड़कर एक फर्जी समूह बनाकर उचित मूल्य की दुकान का आवंटन कर दिया।

# ओवरटेक करते समय टकराईं स्कूल बसें

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल की दो बस ओवरटेक करते समय आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। हालांकि संयोग रहा कि बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई। 41 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने पीछे से ओवरटेक करने वाले बस चालक व खलासी को पुलिस हिरासत में लिया। वहीं प्रबंधक को नोटिस जारी की है।

बता दें कि कस्बा स्थित रामकली बुद्धिलाल साहू शिक्षण संस्थान की एक बस मंगलवार दोपहर विद्यालय की छुट्टी होने के बाद बच्चों को छोड़ने मौरावां जा रही थी। इसी विद्यालय की दूसरी बस भी उसी मार्ग पर बच्चों को छोड़ने के लिए निकली थी। तभी सुब्बाखेड़ा गांव के पास पीछे से आई बस ने ओवरटेक के चक्कर में आगे चल रही बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बसों में बैठे करीब 80 बच्चों में चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर व एएसपी अखिलेश सिंह ने दोनों बसों में बैठे 41 बच्चों को सीएचसी भिजवाया। जहां मामूली चोटें होने पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया। एएसपी के निर्देश पर पुलिस पीछे से टक्कर मारने वाले बस चालक गोविंद निवासी खीरो रायबरेली व क्लीनर छेदीलाल निवासी तिवारी खेड़ा को हिरासत में लेकर थाने भिजवाया है। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने विद्यालय प्रबंधक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में घटना संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ जवाब देने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि चालक व क्लीनर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



घटनास्थल पर मौजूद एसडीएम उदित नारायण सेंगर व एएसपी अखिलेश सिंह।

- **41 बच्चों को आई मामूली चोटें स्कूल प्रबंधक को एसडीएम ने भेजा नोटिस**

## सार-संक्षेप

### विधायक ने सीएचसी में लगी एक्सरे मशीन का किया उद्घाटन

औरास उन्नाव। सीएचसी के वेटिंग हाल में एक्सरे मशीन का उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक ने फीता काटकर किया। इसके बाद दो लोगों का एक्सरे किया गया। नगर अध्यक्ष ने सड़क व महिला हॉस्पिटल कि मांग की। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास के वेटिंग हाल में एक्सरे मशीन का मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने फीता काटकर व पूजन कर शुभारंज किया। जिसमें सबसे पहला एक्सरे गढ़ी फतेहाबाद गांव निवासी 55 वर्षीय कल्लू पुत्र गंगू का टेक्नीशियन राजेश कुमार व सहायक टेक्नीशियन आशीष यादव ने किया। सीएचसी प्रभारी अनूप तिवारी ने विधायक को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यायक ने कहा कि इसमें रैन बसेरा की कमी है। इसे भी शासन को पत्र लिखकर मांग करुंगा। वहीं प्रभारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बने पांच वर्ष हो गये हैं। एक्सरे मशीन नहीं थी। लेकिन, अब विकासखंड के करीब 1.90 लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार ने एक महिला हॉस्पिटल की व अलीपुर मिचलौला सड़क, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाली गड्ढायुक्त सड़क बनवाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, एएनम, आशा बहू व तमाम लोग मौजूद रहे।



एक्सरे कक्ष का फीता काटते विधायक बृजेश रावत।

### दो घंटे के ब्लॉक में बदले स्लीपर हुई ओएचई की मरम्मत

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर जर्जर स्लीपर बदलने का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है। मंगलवार को रेल पथ विभाग ने दो घंटे का ब्लॉक लिया। इस दौरान डाउन लाइन के जर्जर स्लीपर बदले गये। इसी ब्लॉक अवधि के दौरान टॉवर वैगन से डाउन लाइन की ओएचई लाइन की मरम्मत की गई ।मंगलवार सुबह से ही रेल पथ विभाग की देख रेख में रेलवे पुल पर काम कराया गया। जिसके बाद रेल पथ विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक की मांग की। जिस पर दोपहर 01:45 बजे से 03:45 बजे तक दो घंटे का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलने के दौरान रेल कर्मियों ने पुराने जर्जर स्लीपर हटाये। जिसके बाद नये स्लीपर लगाने का काम किया गया। इसी ब्लॉक के चलते ओएचई विभाग ने भी टॉवर वैगन मंगाया। जहां डाउन लाइन पर ओएचई की मरम्मत कराई गई। जहां ओएचई में जमा कार्बन साफ करने के साथ ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत की गई। ब्लॉक के दौरान डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका। इस दौरान अप लाइन की ट्रेनें कॉसन से गुजारी गई।

### अभद्र टिप्पणी करने पर कानपुर के प्रधानाचार्य समेत 10 पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने कानपुर कैंट थाना में न्यायालय के माध्यम से धर्मान्तरण समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसी मामले को लेकर कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी भी कर रहे हैं। जिससे वह और उसका परिवार परेशान हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानाचार्य समेत छह नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने कानपुर कैंट थाना में न्यायालय के माध्यम से धर्मान्तरण समेत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था, उसी मामले को लेकर स्कूल के प्रबंधन बराबर उस पर दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं मुकदमा दर्ज होने के बावजूद वह लोग उसकी बेटी का पीछा करना और सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी कर फोन पर धमकी दे रहे हैं। जिसका उसने गंगाघाट कोतवाली में भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। उसका आरोप है कि क्रिश्चन कम्युनिटि के लोग इतने प्रभावशाली है कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी उसकी व उसके बच्चों की आईडी हैक कर नाबालिग बच्चों को गलत प्रचार प्रसार कर कर रहे हैं, जिससे उनके परिवारीजन मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर अवसाद ग्रसित है और परिवार के लोग परेशान चल रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कानपुर के एक स्कूल के प्रधानाचार्य वाल्टर डी सिल्वा, ऑलिव रोज क्लैब, रोहित क्लैब, लोकेश श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, देवेश शर्मा के अलावा तीन-चार अज्ञात के खिलाफ धमकाना और आईटी एक्ट की धारा में एफआईआर पंजीकृत किया है।

**चेतावनी बिंदु की ओर गंगा** | जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा

# 24 घंटे में 15 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही झमाझम बारिश के कारण पश्चिम के बांधों से प्रतिदिन कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर अब चेतावनी बिंदु की ओर रूख करने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ का एक बार फिर खतरा सताने लगा है।

केन्द्रीय आयोग के अनुसार सोमवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.330 मीटर दर्ज किया गया था। मंगलवार को भी जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज रही। सुबह आठ बजे 111.420 मीटर दर्ज किया गया। जिसके बाद दोपहर एक बजे 111.450 मीटर पहुंच गया। शाम पांच बजे 111.480 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 मीटर से 52 सेंटीमीटर दूर है।

वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि नरौरा 1 लाख 15 हजार 23 क्यूसेक, हरिद्वार 71 हजार 5 सौ 70 क्यूसेक, बैराज 2 लाख 45 हजार 9 सौ 48 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे अभी जलस्तर में बढ़ोत्तरी जारी रहेगी।



जलस्तर दर्शाता केन्द्रीय जल आयोग का मीटरगेज। अमृत विचार

### गंगा में गिरे युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर में रहने वाले दो युवक सोमवार को नवीन पुल से गंगा में गिर गये थे, जहां एक को बचा लिया गया था, वहीं दूसरा गहरे पानी में जाने के कारण उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार को भी उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। कानपुर के लालकुर्ती निवासी मोना अपने साथी जाजमऊ छबीलेपुरवा निवासी 22 वर्षीय बेटे शेरखान के साथ शुक्लागंज घूमने आये थे, जहां सोमवार दोपहर करीब बारह बजे पुल पर दोनों ने शराब पी। जिसके बाद शेरखान पुल की रेलिंग पर बैठ गया। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर गंगा में गिर गया। यह देख मोना ने भी गंगा में छलांग लगा दी। जिस पर मोना को गोताखोरों ने बचा लिया था लेकिन शेरखान को कहीं कोई पता नहीं चल सका।

# गंगाघाट में बंद शटर के नीचे से धड़ल्ले से बिक रही शराब

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देशी शराब ठेकों में समय अवधि के बाद भी खुलेआम शटर के नीचे से शराब की बिक्री की जा रही है।

कंचन नगर निवासी दीप चंद्र पांडेय, गणेश दत्त पांडेय, कृष्ण कांत शुक्ला, गोविंद तिवारी, ज्ञान प्रकाश, परशुराम, राजेश, अतुल तिवारी आदि ने तीन अगस्त को संपर्कण समाधान दिवस में पत्र देते हुये बताया था कि शराब ठेकों का सुबह और रात का समय निर्धारित है, इसके बावजूद लूलीपुरवा शराब ठेके पास देर रात तक शराब की बिक्री होती है। भोर पहर से पियक्कड़ों की शराब ठेके के बाहर लाइनें लगती हैं। बंद शटर के नीचे से शराब खरीदते हुये पियक्कड़ों को देखा जा सकता है। मंगलवार को भी सुबह के समय शराब ठेके से शराब की बिक्री हुई। मामले में उन्नाव सदर के आबकारी इंस्पेक्टर भवानी प्रताप सिंह ने कहा ग्रामीणों ने शिकायत की थी, ठेका संचालक को सख्त निर्देश दिये गये हैं। अगर समय अवधि के बाद भी शराब बिक्री पाई गई तो कार्रवाई की जायेगी।




लूलीपुरवा देशी शराब ठेके में सुबह छह बजे शराब खरीदता युवक।

❍ कजली मेले की शोभायात्रा व अन्य व्यवस्थाओं में किया जाएगा व्यय ❍ नगर पालिका बोर्ड बैठक में स्वीकृति

# बुंदेलखंड के ऐतिहासिक कजली मेले को 45 लाख रुपये का बजट मंजूर

संवाददाता कार्यालय महोबा


बैठक में मौजूद चेयरमैन, अधिकारी व सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर भारत के मशहूर ऐतिहासिक कजली मेले का बजट इस दफा 45 लाख रुपये बोर्ड की बैठक में स्वीकृत किया गया। कीरत सागर के तट पर एक सप्ताह तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कजली मेले की शोभायात्रा, टेंट, बिजली व अन्य व्यवस्थाओं में व्यय किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक कजली मेले को भव्य स्वरूप दिया जा सके। कजली मेला के दौरान शहर में जगह-जगह स्वागत द्वार, महापुरुषों की झांकियां और कार्यक्रम स्थल पर साउंड की व्यवस्था कराने के साथ-साथ दूर दराज से आने वाले कलाकारों पर भी खर्च किया जाएगा।

नगर पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चौरसिया की अध्यक्षता में कजली मेले के आयोजन को लेकर संपन्न हुई बैठक में कजली मेला का बजट सर्वसम्मति से 45 लाख रुपये मंजूर किया गया। बैठक में सभासदों ने मांग रखी कि कजली मेले का खर्च पालिका प्रशासन द्वारा किया जाता है, जबकि कीरत सागर तट पर एक सप्ताह तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिला विकास संरक्षण समिति करती है और समिति ही कीरत सागर तट पर लगने वाली दुकानदारों को जमीन देकर दुकानदारों से लाखों रुपया वसूल करती है, जबकि मेले का भारी भरकम खर्च नगर पालिका को उठाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका को सारे कार्यक्रमों के आयोजन कराने के अधिकार दिए गए हैं। सभासदों ने बताया कि दशकों से कवि सम्मेलन, मुशायरा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रम नगर पालिका द्वारा कराए जाते हैं।

843 साल पुराने बुंदेलखंड का ऐतिहासिक ग्रामीण कजली मेला आज भी मशहूर है। यही वजह है कि हर साल इस मेले में लाखों की संख्या में भारी भीड़ जुटती है, लेकिन मेले में पहले जैसे अब कार्यक्रम देखने को नहीं मिलते हैं। स्थिति यह है कि मेले में आज भी उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश प्रांतों के लाखों लोग कजली मेले का आनंद लेने के लिए आते है, जिसके चलते कजली मेले के दौरान शहर की चारो तरफ की सड़के भीड़ से खचाखच भरी रहती है, यहां तक कि हवेली दरवाजा से कीरतसागर तक करीब तीन किमी0 दूरी भीड़ के चलते शोभा यात्रा तीन घंटे में तय करती है। घोड़े और हाथी पर सवार आल्हा ऊदल, मलखान जैसे योद्धाओं के प्रतिरुप देखने के लिए सड़कों के दोनो तरफ और छतें लोगों की भीड़ से खचाखच भरी रहती हैं। कजली मेला 2024 के लिए बजट स्वीकृत होते ही कजली मेले की तैयारियां भी जोरशोर से शुरू हो गई है। बात दें कि मेले में प्रदेश के कई जिलों से लोग इसमें भाग लेने आते हैं।

### बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का गूंजा मुद्दा

नगर पालिका परिषद सभागार में हुई पालिका बोर्ड की बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी पालिका को सौंपे जाने का मुद्दा गूंजा। सभी सभासदों ने एक स्वर में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने का अधिकार नगर पालिका को दिए जाने पर जोर दिया। सभासदों ने बताया कि कजली मेले में शोभायात्रा के दौरान झांकियां सजाने, कीरत सागर तट पर लाइट, साउंड और पंडाल की व्यवस्था नगर पालिका कराती है, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला संरक्षण विकास समिति द्वारा कराए जाते हैं।

## दिव्यांग से ठगी में आसरा केंद्र संचालक गिरफ्तार

**कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने दिव्यांग को मोटराइज ट्राईसाइकिल दिलाने के नाम पर रुपये लेने के मामले में आसरा केंद्र संचालक को गिरफ्तार किया है। दिव्यांजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि दिव्यांग सीता पत्नी ब्रजेश कुमार निवासी सुमेरपुर मो. खैरनगर, तहसील तिर्वा, आनंद कुमार पुत्र राम सनेही निवासी मदनापुर, उमरन, उमर्दा, राकेश कुमार पुत्र मगनलाल निवासी सुमेरपुर ने शिकायत की थी कि बेहरिन में संचालित आसरा केंद्र के संचालक राजू ने उन तीनों से एलिम्को से दी जाने वाली मोटराइज ट्राइसाइकिल दिलवाने के नाम पर तीन हजार रुपये वसूले। उनको एक अज्ञात व्यक्ति झांसा देकर लाया था। आरोप है कि निशुल्क दी जाने वाली ट्राइसाइकिल के बदले जबरन पैसे वसूले गए और योजना का लाभ न प्राप्त होने पर पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो डराने धमकाया। पुलिस ने 24 घंटे में आसरा केंद्र संचालक आरोपी राजू पुत्र रामदास निवासी बेहरिन थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप


लखनऊ स्थित आवास में मंत्री नंद गोपाल नंदी गुप्ता के साथ मौजूद शारिक।

### बेटे-बहू की मदद करने पर शारिक खान को किया सम्मानित

**कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक सड़क हादसे में औद्योगिक विकास मंत्री के पुत्र व पुत्रवधू घायल हो गए थे। मंगलवार को मंत्री ने घायलों को मदद करने वाले सूचना कार्यालय के कर्मचारी को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया। 30 जुलाई को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से लखनऊ लौट रहे कार सवार औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी गुप्ता के पुत्र अभिषेक और बहू कार हादसे में घायल हो गए थे। तभी लखनऊ जा रहे सूचना विभाग के कर्मचारी शारिक खान ने अपने साथी के साथ रुक कर घायलों की मदद की और अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को मंत्री ने शारिक को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया है।

### प्रेमिका के घर के बाहर हंगामा कर लगाया फंदा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमिका के घर पहुंच युवक ने हंगामा काटा। इसके बाद उसके घर के बाहर पेड़ पर फंदा लगा कर जान देने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने युवक को फंदे से उतारा और सौ शैय्या अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के युवक का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग था। कुछ दिन से बात न होने से नाराज युवक मंगलवार को प्रेमिका के घर पहुंच गया। यहां काफी देर तक हंगामा काटा। इसके बाद प्रेमिका के घर के बाहर पेड़ पर फंदा डालकर लटक गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में युवक को फंदे से उतारा और सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने के प्रयास की सूचना मिली थी। युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गुमशुदा किशोर 24 घंटे में बरामद

**कन्नौज।** थानाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुये गुमशुदा किशोर को 24 घन्टे के अंदर बरामद कर लिया। पांच अगस्त को महेश पुत्र रामकिशुन निवासी ग्राम बांकी थाना ठठिया ने अपने पुत्र शिवा 10 वर्ष के कहीं चले जाने और फिर वापस न आने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर थाना ठठिया पर रिपोर्ट दर्ज की गई। गुमशुदा की तलाश के लिये तत्काल टीम गठित की गयी। पम्पलेट छपवाकर होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, टैम्पू स्टैण्ड में चस्पा करवाया गये। लगातार प्रयासरत रहते हुये गुमशुदा को 24 घन्टे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने जान दी

**नरैनी।** कालिंजर थाना क्षेत्र के पुरैनिया गांव निवासी 19 वर्षीय रिचा पुत्री मणीशंकर उपाध्याय ने सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने हालत नाजुक बताकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के फूफा ओमप्रकाश ने बताया कि अतर्रा के तिलक नगर का रहने वाला युवक दूध लेकर गांव आता था। उसने रिचा को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी करने का झासा भी दिया। 3 अगस्त की सुबह रिचा घर से गायब हो गई थी। इस पर भाई ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसी दिन रिचा ने नरैनी से भाई को फोन पर सूचना दी थी कि वह नरैनी में है, उसे लिवा ले जाओ। सूचना पर भाई और थाने की पुलिस रिचा को थाने लिवा ले गई। पुलिस ने रिचा को पिता को सुपुर्द कर दिया। घर पर भाई और पिता ने रिचा से पूछताछ की। रिचा के पिता ने प्रेमी युवक से शादी करने को कहा इस पर प्रेमी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इस की जानकारी रिचा को हुई तो उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर ली।

## कर्ज से परेशान ग्रामीण गंगा में कूदा, गोताखोरों ने बचाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कर्ज में डूबे ग्रामीण ने मेहंदी घाट गंगा पुल से तेज धार में छलांग लगा दी। पुलिस व पीएसी ने पानी में डूबते ग्रामीण को बचा लिया। तीन गोताखोरों को एसपी ने नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।

मंगलवार की सुबह 5:48 बजे सदर कोतवाली के गांव जलालपुर सरवन निवासी निज़ामुद्दीन (45) पुत्र शफीर खान ने मेहंदी घाट गंगा पुल से नदी में छलांग लगा दी। जानकारी मेहंदी घाट गंगा चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह को हुई। सूचना पर तत्काल स्टीमर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल व स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा के गहरे पानी में डूब रहे व्यक्ति को बचा लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उस पर करीब 15 हजार रुपये का कर्ज था जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। परेशान होकर वह गंगा तट पर पहुंचा जहां उस ने पुल के ऊपर से गंगा के बीच में छलांग लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। इस के बाद पहुंचे परिजनों के सुपुर्द उसे कर दिया गया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने गोताखोरों मनोज, रवि व मोनू उर्फ फूल सिंह को पुरस्कृत किया।

## घर में करते रहे इलाज, डायरिया से बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जिला अस्पताल की ओपीडी में बच्चों को लेकर पहुंचे तीमारदारों की भीड़।

**अमृत विचार।** डायरिया से पीड़ित बच्चे का घर में इलाज किया जाता रहा। आराम न मिलने पर परिजन जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गये। गर्मी व बरसात के मौसम में बच्चों में डायरिया का संक्रमण हो जाता है। इसलिये सही देखभाल जरुरी है। जरा सी लापरवाही बच्चों की जान की दुश्मन बन जाती है। इन दिनों जिला अस्पताल की ओपीडी में तमाम बच्चे इस समस्या से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं।

सदर कोतवाली के गांव भवानीपुर प्रताप निवासी सोमू का 11 माह के पुत्र शिवशक्ति को सोमवार की रात कई बार दस्त हुए। रात होने से परिजन उसे डॉक्टर के पास नहीं ले गये। सुबह भी जब कोई लाभ नहीं मिला तो परिजन 12 बजे के करीब जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने तत्कल शव वाहन उपलब्ध कराया, जिससे परिजन बच्चे के शव को घर ले गये। सीएमएस का कहना है कि बच्चे को अधिक दस्त होने से शरीर में पानी पूरी तरह से समाप्त हो गया। इसी के चलते उस की मौत हो गई। सीएमएस का कहना है कि इस मौसम में बच्चों की सही तरह से देखभाल करना जरुरी है। खानपान का पूरी तरह से ध्यान रखें। ताजा खाना खायें। डायरिया, उल्टी दस्त हो तो घर में उपलब्ध शिकंजी (नीबू, शक्कर व नमक का घोल) का प्रयोग करते रहें। घर में ओआरएस रखा हो तो उसे पीते रहें। इससे कुछ समय तक बच्चों व अन्य को रोग से प्रभावित होने से बचाया जा सकता है। लाभ न होने पर मरीज को तत्काल डाक्टर के पास लेकर जाये। अधिक समय तक मरीज को घर में लिटा कर उपचार न दें। इससे मरीज की हालत और गंभीर हो सकती है। इस सीजन में उल्टी दस्त के अलावा बुखार, खांसी व जुकाम के मरीज जिला अस्पताल में अधिक आ रहे हैं।

## ऊबड़-खाबड़ रास्ता, एंबुलेंस में हुआ प्रसव

संवाददाता, फतेहपुर


एंबुलेंस में प्रसव के बाद गोद में सुरक्षित बच्चा।

**अमृत विचार।** एंबुलेंस 102 के ईएमटी की सूझ-बूझ के चलते प्रसूता और नवजात की जान बच गई। करीब तीन किलोमीटर का रास्ता खराब होने पर एंबुलेंस में ईएमटी मोनी देवी ने महिला का प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा सुरक्षित हैं, जिन्हें अमौली सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

एंबुलेंस 102 में कार्यरत ईएमटी को लखनऊ कंट्रोल से कॉल आई और उसे बताया गया कि अमौली सीएचसी से करीब 10 किलोमीटर दूर गौरी गांव से एक गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल जाना है। एंबुलेंस की ईएमटी मोनी देवी ने अस्पताल से अपने पायलट दीपक कुमार को साथ लिया और मामले को गम्भीरता से लेते हुए प्रसूता के घर पहुंची। प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती को एंबुलेंस से लेकर अस्पताल के लिए निकली, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद रास्ता खराब था, जिससे गर्भवती को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। गर्भवती की हालत बिगड़ने लगी तो ईएमटी मोनी देवी ने पायलट दीपक को एंबुलेंस साइड से लगाने को कहा और परिवार के एक सदस्य व आशाबहू साधना देवी की मदद से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसूता शबाना पत्नी आशिफ ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। एंबुलेंस में प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा को अमौली सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने जच्चा-बच्चा की हालत ठीक बताई है।

## भर्ती के लिए दौड़ रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, गई जान


सचिन सिंह।

**इटावा।** उदी वाह रोड पर सेना व पुलिस की भर्ती को लेकर दौड़ लगा रहे युवक को ट्रक ने रौंद दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक का चालक व क्लीनर मौके से भाग गए।

थाना पछायगांव क्षेत्र के गांव पुरा तिलक सिंह में रहने वाले सुनील सिंह का 24 वर्षीय बेटा सचिन सिंह उर्फ रवी भर्ती की तैयारी करते हुए मंगलवार सुबह छह बजे गांव के सामने मार्ग पर दौड़ लगा रहा था, इसी दौरान उदी से आगरा की ओर जा रहा तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया। बाद में ट्रक वहीं पलट गया। धमाके की आवाज सुनकर राहगीर और गांव वाले मौके पर आए, तब तक ट्रक ड्राइवर व उसका साथी क्लीनर ट्रक की केबिन से निकलकर भाग गए। सूचना पर पछायगांव थाना प्रभारी शंशाक राजपूत फोर्स सहित आ गए। इस दौरान सचिन की मौत हो गई।

### ग्रामीणों ने घेरी कोतवाली

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को गांव का ही युवक भगा ले गया। घटना 28 जुलाई की है। पीड़ित मां ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। अब तक पुलिस किशोरी को खोज नहीं सकी। मंगलवार को ग्रामीण परिजनों के साथ सदर कोतवाली पहुंच गए। यहां ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

सर्वेक्षण

पत्रांक: 605 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 31/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रोशनी खान पत्नी समीम खान | श्री शेरू पुत्र हुसैन मुहम्मद | फरसौलियाना–2 | 11 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट

पत्रांक: मु0चि0अ0/रा0कृ0मु0दि0/2024–25/1973 दिनांक: 06.08.2024

10 अगस्त 2024 को मनाया जायेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

जनपद चित्रकूट के समस्त ब्लॉकों शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1 से 19 वर्ष के लगभग 3 लाख 54 हजार बच्चों, किशोर/किशोरियों को जनपद के समस्त सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अल्बेंडाजॉल (पेट में कीड़े मारने की दवा) नि:शुल्क खिलाई जायेगी। गैर पंजीकृत और स्कूल न जाने वाले बच्चे एवं किशोर/किशोरियों को यह दवा नजदीकी आंगनबाड़ी केंन्द्र पर खिलाई जायेगी। अभियान से छूटे हुये बच्चों को 14 अगस्त 2024 मॉपअप दिवस के दिन दवा खिलाई जायेगी।





उठे सवाल

बदहाल रास्तों से भविष्य संवारने कैसे निकलें बच्चे, जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे न ग्राम प्रधान व सचिव

# विद्यालयों तक सुगम रास्ते की जिम्मेदारी किसकी

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



स्कूलों को जाने वाले गांव-मजरों के रास्तों का यह है हाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हद है। उनकी हालत भी ठीक नहीं, जिन रास्तों से होकर बच्चे अपने भविष्य को सुधारने विद्या के मंदिरों यानी स्कूलों को जाते हैं। कहीं कीचड़, कहीं दलदल तो कहीं भरा पानी। बरसात में खुद को गिरने, कपड़े-बस्ता गंदे होने से बचाते बच्चे जैसे तैसे अपने स्कूल पहुंचते हैं। जिम्मेदार हैं तो उनको चिंता नहीं।

सरकार बच्चों को निशुल्क और गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया कराने के दावे करती है पर जिले के तमाम गांव-मजरों में स्कूलों की हालत किसी से छिपी नहीं। कहीं पानी नहीं है तो कहीं भवनों की हालत दयनीय। और तो और, जिन रास्तों से होकर बच्चे जाते हैं, वहां कीचड़ कांदो है। इन मार्गों की ओर न तो ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा कोई ध्यान दिया जाता है और न ज़िम्मेदार अधिकारी रुचि ले रहे हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि पहले भाजपा के सदर विधायक चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय (अब निवर्तमान), जो पीडब्लूडी राज्यमंत्री भी थे, ने कई रास्तों के बनने का आश्वासन दिया और इसके बाद अब सपा से सदर विधायक अनिल प्रधान भी आश्वासनों का लालीपाप देकर शांत हैं। इस संबंध में खंड विकास कार्यालय से किसी ने भी बात करने की मंशा जाहिर नहीं की।

### ओवरलोड वाहनों से खस्ताहाल हो गया मार्ग

घाट के संचालन के दौरान ओवरलोडेड वाहनों के निकलने से तीरमऊ–रुपौली–भदेवरा–रगौली–पटियनपुरवा का लगभग आठ किमी का रास्ता भी खस्ताहाल हो गया है। राजापुर तहसील में सरधुवा की ओर तिरहार के चांदी–तीरधुमाई गंगू, सड़क धौरहरा खदान की वजह से खराब हो गई है।

### अन्य जगहों पर भी है बदतर हाल

मानिकपुर क्षेत्र में पूर्व माध्यमिक विद्यालय /प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती खरौंध, पूर्व माध्यमिक संग्रामपुर जाने का रास्ता बदतर है। पहाड़ी क्षेत्र के प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालय चकौंध जाने वाला मार्ग नमामि गंगे योजना की भेंट चढ़ चुका है। ग्राम पंचायत हरिहरपुर के प्रावि व पूमावि शिवराजपुर, प्रावि मवई पहरा के विद्यालयों के पहुंच मार्ग बदतर हैं।

### प्रशासन कराए स्थलीय निरीक्षण:अखिलेश

उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि प्रशासन को सभी स्कूलों के रास्तों का स्थलीय निरीक्षण कराकर रास्ते की उपलब्धता करानी चाहिए, तभी स्कूलों में शतप्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रहेगी और शिक्षक भी आसानी से पहुंचेगा। आयेदिन शिक्षकों के साथ सड़क दुर्घटना का समाचार आता रहता है। जिम्मेदारों को इस ओर भी देखना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों पर सबकी नजर रहती है लेकिन स्कूलों के रास्ते पर किसी की भी नजर नहीं पड़ती। बच्चे इन रास्तों पर अक्सर गिरकर अपनी किताबें, यूनीफार्म खराब कर लेते हैं, चुटहिल तक हो जाते हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री कृष्ण, पुत्र श्री स्व0 करन सिंह कौरी निवासीगण– मो0 कायस्थान, इकदिल तह0 इटावा, जनपद– इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने ....... जिसका रकबा ........ पूर्व पश्चिम ...... उत्तर दक्षिण ...... है। जिसकी सीमा पूर्व में **राकेश बाबू दुकान** पश्चिम में **प्रशान्त गुप्ता पुत्र ओम नरायण** उत्तर में **प्रशान्त गुप्ता पुत्र ओम नरायन दक्षिण में सडक बाजार रोड़ मोहल्ला श्री कृष्ण पुत्र/पति स्व0 करन सिंह निवासी– मोहल्ला कायस्थान, इकदिल, जिला– इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

## कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **अजय कुमार पुत्र राम प्रकाश, निवासीगण– निवासी सराय अर्जुन राम लीला रोड, इटावा तह0 इटावा, जनपद– इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने ....... जिसका रकबा **प्लाट राजवीर सिंह** पूर्व पश्चिम **रास्ता 18फीट चौड़ा** उत्तर दक्षिण **आरजी विकेता** है। जिसकी सीमा पूर्व में **रास्ता 18 फीट चौडा** पश्चिम में ...... उत्तर में **आरजी विकेता** में **श्रीमती ममता पत्नी रमाकान्त मोहल्ला ..... पुत्र/पति ... निवासी– मोहल्ला ग्राम पिलखर जिला इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

## कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सीमा तिवारी पत्नी प्रदीप तिवारी, निवासीगण– गली 6 गान्धीनगर तह0 इटावा जनपद इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **आवासीय प्लाट** जिसका रकबा **49.53 वर्गमी0** पूर्व पश्चिम **41फीट** उत्तर दक्षिण **13 फीट है।** जिसकी सीमा पूर्व में **रास्ता 18 फीट चौडा** पश्चिम में **आरजी विकेता** उत्तर में **प्लाट श्रीमती दुलारी** दक्षिण में **प्लाट श्रीमती नीतू मोहल्ला .....चेतन पालीवाल पुत्र/पति श्री सतीश चन्द्र निवासी मोहल्ला 71ए न्यू कालोनी चौगुर्जी इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

# तहसीलों में प्राइवेट लोग मिलें तो करें कार्रवाई

## मुख्यमंत्री बोले : अयोध्या में ट्रॉमा सेंटर के लिए भेजा जाए प्रस्ताव, नागरिक सुविधाओं पर करें फोकस

अयोध्या कार्यालय



विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- अयोध्या में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के दिये निर्देश, ग्रीन फंड के लोगो का किया शुभारंभ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने नागरिकों की सुविधा के लिए ट्रॉमा सेंटर का प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। बसों के रूट निर्धारण के साथ अयोध्या में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण, थाने व तहसीलों में काम करते मिलने वाले प्राइवेट लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। वह मंगलवार को आयुक्त सभाकक्ष में जिले के विकास कार्य और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि अयोध्या में आने वाले श्रद्वालुओं, साधु-संतों व आम नागरिकों को धार्मिक नगरी में विश्वास की अनुभूति हो। उन्हें लगे कि वह प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली में पधारे है। ऐसा प्रयास हो। धार्मिक दृष्टि का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रदधालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े। इसके लिए ई-कार्ट, ई-बस आदि संचालित कराएं जाएं। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उसका विभाजन रूट व रंगों के आधार पर अलग-अलग किया जाए।

अयोध्या के कुण्डों के जीर्णोद्धार में पुरानी पद्धति के इस्तेमाल करें। अयोध्या में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के लिए हॉस्पिटल कम ट्रॉमा सेन्टर के लिए भूमि चिन्हित करने का प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। जिससे नागरिकों को लखनऊ न जाना पड़े। सभी उद्योगों एवं इंडस्ट्री में रोजगार परक कार्यक्रम का निर्देश दिया। अयोध्या विकास प्राधिकरण से ग्रीन फंड के लोगो और अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद की वेबसाइट का विमोचन किया। अयोध्या के 1000 वें होम स्टे को सर्टिफिकेट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वादों की समीक्षा प्रतिदिन जिला स्तर पर की जाए। कहा कि जिन-जिन मार्गों पर जलनिगम, पीडब्लूडी, नगर निगम, विकास प्राधिकरण आदि से कार्य कराए जा रहे है। उनकी कटी सड़कों पूर्व की स्थिति में लाया जाय। बैठक में मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कुल लागत 31,153.19 करोड़ से कुल 241 परियोजनाएं संचालित बताई। परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि मंत्री/जनपद प्रभारी सूर्यप्रताप शाही, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह,प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पर्यटन , प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के प्रमुख सचिव, आईजी प्रवीण कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज, सचिव विकास प्राधिकरण, अपर जिलाधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### विधायकों ने रखी समस्याएं

विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने पार्किंग स्थलों को पूरी क्षमता से संचालित करने और मेला/उत्सव के दौरान अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था के इंतजाम के लिए कहा। विधायक बीकापुर डॉ. अमित सिंह चौहान ने से ट्रांसफार्मर खराब होने और ओवरलोडिंग से जलने की समस्या बताई। साथ ही ट्रांसफार्मर के जलने/खराब होने पर उसको शीघ्र ठीक कराने के लिए कहा। विधायक रूदौली राम चंद्र यादव ने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य व आईटीआई मवई के संचालन और विधायक गोसाईगंज से आरईएस व पैफेक्ट कार्यदायी संस्था से ग्रामीण सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य ठीक से न किए जाने की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी सहित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया।

## जिला प्रशासन पर लगाया भाजपा को हराने का आरोप

- अयोध्या में बंदिशों को लेकर छलका साधु व पूर्व सांसद का दर्द

**अयोध्या :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या आगमन पर मंगलवार को राममंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भाजपा की हार का कारण अधिकारी हैं। जिला प्रशासन ने भाजपा को हराने के लिए पैसे लेकर काम किया है।

वो दिवंगत रामचंद्र परमहंस दास के समाधि स्थल के बाहर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आईएएस अधिकारियों की सलाह पर चलते हैं।

मुख्यमंत्री ने कभी अयोध्या के साधु-संतों से या मुझसे कभी कोई राय नहीं ली। अयोध्या में बंदिशों के कारण अनाज नहीं पहुंच पा रहा है। आश्रमों का संचालन सुचारू नहीं हो पा रहा है। यहां के साधु संत खून के आंसू रो रहे हैं।

वेदांती ने आरोप लगाया है कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले उन्हें अयोध्या में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। जब उन्होंने जिलाधिकारी को अपना परिचय दिया तो कहते हैं कि क्या जरूरत है अयोध्या आने की।

## जब अतिक्रमण हो रहा था तब अधिकारी कहां थे

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में की सुनवाई
- डीएम, एसएसपी से मृतकों के आश्रितों को दिए मुआवजे को लेकर दो सप्ताह में मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई दो लोगों की मौत में मुआवजे को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अतिक्रमण हो रहा था, तब अधिकारी कहां थे। अतिक्रमण के बाद भी बिजली, पानी और राशन कार्ड बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ लिए गए एक्शन के बारे में भी पूछा। फिलहाल हाईकोर्ट ने डीएम व एसएसपी से बनभूलपुरा कांड में मृतकों के आश्रितों को दिए मुआवजा को लेकर दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर निर्मित मदरसा व मस्जिद हटाने के दौरान हुए उपद्रव में दो लोगों की मौत पर उनके आश्रितों व घायलों को मुआवजे को लेकर दायर रिपोर्ट में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करने के बाद खंडपीठ ने नैनीताल डीएम और एसएसपी से इस बारे में जवाब पेश करने को कहा है।

खंडपीठ ने यह भी बताने को कहा है कि वे कौन अधिकारी थे, जिनके कार्यकाल में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के बाद भी लोगों को बिजली, पानी व राशन कार्ड जारी किए गए। सरकार व जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की है। अब जब इन लोगों को वहां रहते हुए कई दशक हो गए तो सरकार उनके आशियाने तोड़ रही है यह मानवता नहीं हैं।

हाईकोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के 19 फरवरी 2024 के पत्र का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें घटना में मारे गए लोगों के आश्रितों व घायलों को मुआवजा देने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसमें कहा गया था कि घटना के समय दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि दो लोग गंभीर हालात में अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। घटना के बाद मृतकों के परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है, इसलिए इन परिवारों को राज्य सरकार की नियमावली-2020 के तहत मुआवजा दिलाया जाए और गंभीर घायलों को भी मुआवजा दिया जाए।

## गांव में घुसे चोर की पीट- पीट कर हत्या

संवाददाता, हुजूरपुर, बहराइच

- देर रात छह-सात की संख्या में चोरों ने बोला धावा

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी गांव में सोमवार देर रात को छह-सात की संख्या में चोर पहुंच गए। चोरों की आहट पाकर ग्रामीण जग गए। दो चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। कुछ ही देर में एक चोर की मौत हो गई। जबकि एक अन्य साथी को गन्ने के खेत से पकड़ लिया गया।

जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी गांव में सोमवार रात को ग्रामीण सो रहे थे। ग्राम पंचायत के मजरा डाकघरपुरवा गांव में सोमवार देर रात को छह से अधिक चोर घुस गए। चोर गांव निवासी राजेश सिंह के घर में घुस गए। यहां चोरी के करने के बाद मुन्ना सिंह के घर में घुसे। मुन्ना सिंह के मकान में चोरी का प्रयास किया। इसी दौरान महिला आहट पाकर जगी। शोर मचाया तो गांव के लोग जाग गए। सभी ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन एक चोर पकड़ लिया गया। जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने पीट दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

गांव के लोगों ने बताया कि मौत से पहले उसने अपना नाम सिराज निवासी बारबंकी जनपद बताया। कुछ लोगों का कहना है कि चोर की मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस ने गांव पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। उधर एक अन्य चोर को गन्ने के खेत से पकड़ा गया है। वह घायल है। पकड़ा गया चोर अपने आप को सीतापुर के महमूदाबाद की निवासी बता रहा है।

घटना की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा और रानीपुर थानाध्याक्ष चंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे हैं। ग्रामीणों का बयान दर्ज किया है।

## पंतनगर विवि की दो छात्राएं ऑस्ट्रेलिया में लेंगी प्रशिक्षण

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में इस वर्ष विभिन्न संस्थानों में विवि के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। जिसके तहत विवि की दो छात्राएं ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगी।

पंतनगर विवि में अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ. एचजे शिव प्रसाद ने बताया कि पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया की ओर से आयोजित दो माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विवि की दो प्रतिभाशाली छात्राओं जसप्रीत कौर और नार्ने काव्या को भेजा जा रहा है, जो अत्यंत गौरव का विषय है। जसप्रीत कौर उद्यान विभाग में डॉ. रंजन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रही हैं, जबकि नार्ने काव्या कीट विज्ञान विभाग में डॉ. जेपी पुरवार के मार्गदर्शन में कार्यरत हैं। दोनों ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता और अनुसंधान में समर्पण से यह प्रतिष्ठित अवसर हासिल किया है।

## आप सांसद संजय की अपील खारिज, करना होगा सरेंडर

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- धरना प्रदर्शन व रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत छह को तीन माह व डेढ़ हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा के खिलाफ थी अपील
- दोषियों को नौ अगस्त को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट के यहां करना होगा सरेंडर

**अमृत विचारः** बिजली-पानी की समस्या के विरोध में सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह आरोपियों की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर मंगलवार को फैसला सुनाते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने अपील खारिज कर दिया तथा दोषियों को 9 अगस्त को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया एमपी एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने 11 जनवरी 2023 को संजय सिंह समेत सभी छह आरोपियों को तीन माह की सजा व प्रत्येक को डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई थी। जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुलतानपुर शहर की सब्जी मंडी के निकट ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर 19 जून 2001 को बिजली कटौती और पानी की समस्या के विरोध में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था। मुकदमे में पूर्व विधायक अनूप संडा, इस समय राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, साथी संतोष, विजय कुमार, सुभाष चौधरी और कमल श्रीवास्तव पर चार्जशीट दाखिल हुई थी। लोअर कोर्ट ने सभी को तीन माह की सजा व डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाया थी। जिसकी सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की गई थी।

## एयरपोर्ट से लता चौक तक 5:30 तक चलेंगी ई-बसें

अयोध्या कार्यालय




- नगर विधायक ने हरी झंडी दिखा किया रवाना, अभी तीन बसों का दिनभर होगा संचालन

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सिटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक वेद प्रकाश गुप्त, कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार व डारेक्टर विनोद कुमार।

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालु-पर्यटकों के लिए महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लता चौक के बीच ई-बसों का संचालन मंगलवार से शुरू हो गया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने एयरपोर्ट से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुबह पांच बजकर 35 मिनट पर पहली ई-बस एयरपोर्ट से लता चौक के लिए रवाना होगी। शाम साढ़े छह बजे तक ही इसकी सेवा का लाभ उठाया जा सकेगा।

एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि अन्य सिटी बसों की ही तरह हमारी बसों का सामान्य किराया तय किया गया है। यह सेवा एयरपोर्ट से नाका, नाका से सहादतगंज, सहादतगंज से सिटी बस स्टॉप होते हुए रिकाबगंज चौराहा, नियावां होते हुए पूरे राम पथ को कवर करते हुए राम मंदिर के सामने से लता चौक पहुंचेगी। आरएम विमल राजन ने बताया कि अभी तीन बसें लगाई गई हैं। दूसरी बस 5:45 व तीसरी बस सुबह छह बजे एयरपोर्ट से रवाना होगी। लता चौक तक का किराया 35 रुपये निर्धारित किया गया है।

## 175 टिन लीसा के साथ दो आरोपी धरे

**अल्मोड़ाः** लमगड़ा पुलिस की टीम ने मंगलवार तड़के थाना गेट के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कैंटर वाहन संख्या 14 सीए 1096 को रोककर चेकिंग की गई तो 175 टिन अवैध लीसा बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने तस्करी में शामिल कमल सिंह मेहता पुत्र गोपाल सिंह, निवासी दल्लेख नेपाल, हाल पता वाहन स्वामी का घर कैलाश चन्द्र जोशी डहरिया मुखानी हल्द्वानी और दीवान राम पुत्र जोगा राम, निवासी चिगेठी भनौली अल्मोड़ा को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अवैध लीसे को सील कर चालक, परिचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मलवां, फतेहपुर

पत्रांक 1422/निविदा/सा0आ0/2024–25 दिनांक 03.08.2024

**निविदा**

विकास खण्ड मलवां जनपद–फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में राज्य वित्त आयोग से क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मलवां फतेहपुर की निम्नलिखित स्वीकृति परियोजनाओं को कराये हेतु पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से दिनांक 17.08.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमंत्रित किये जाते है जो 17.08.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे विकास खण्ड मलवां के खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.08.2024 से 17.08.2024 को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मात्र 300.00 रु0 नगद शुल्क जमा कर प्राप्त की किये जा सकते है। समयावधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओ पर किसी प्रकार का विचार नही किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | साईट का नाम | धनराशि (लाख रू0) | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय मौहार प्रथम में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 2 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय ममरेजपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 3 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय तेन्दुली में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 4 | कम्पोजिट विद्यालय मौहार में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 5 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय डीघ में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय मलवां में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 7 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय औंग में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य । | 2.28 | 03 Month |
| 8 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 9 | कम्पोजिट विद्यालय सौंरा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 10 | कम्पोजिट विद्यालय बरौरा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 11 | कम्पोजिट विद्यालय चक्की में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 12 | कम्पोजिट विद्यालय उमरगहना में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य । | 2.28 | 03 Month |
| 13 | कम्पोजिट विद्यालय कुंवरपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 14 | कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 15 | कम्पोजिट विद्यालय सिकरोढ़ी में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 16 | कम्पोजिट विद्यालय कोटिया में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 17 | कम्पोजिट विद्यालय रावतपुर पूर्व में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 18 | कम्पोजिट विद्यालय डुबकी में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 19 | कम्पोजिट विद्यालय अमौरा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 20 | कम्पोजिट विद्यालय बसावनखेड़ा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 21 | कम्पोजिट विद्यालय दलाखेड़ा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 22 | कम्पोजिट विद्यालय गुंझी में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 23 | कम्पोजिट विद्यालय मुरादपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 24 | कम्पोजिट विद्यालय बड़ाहार में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 25 | कम्पोजिट विद्यालय जाफराबाद में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य । | 2.28 | 03 Month |
| 26 | प्राथमिक विद्यालय सौंह में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 27 | कम्पोजिट विद्यालय चकमदा में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 28 | कम्पोजिट विद्यालय सैरपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 29 | कम्पोजिट विद्यालय रेवाड़ी में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 30 | प्राथमिक विद्यालय कंसपुर में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |
| 31 | प्राथमिक विद्यालय गुगौली में वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 2.28 | 03 Month |

**नियम व शर्ते**

1. टेण्डरदाता कार्य स्थल का पूर्व में ही भली–भांति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नही होगा।
2. न्यूनतम दर वाली फर्मो के टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नही होगा।
3. स्वीकृत निविदा दाताओं को निविदा के साथ 100 के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षरयुक्त अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदा दाताओं को निविदा के साथ 10 रू0 के स्टाम्प पेपर एंव स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में सावधिक जमा सम्बन्धित फर्मो के नाम जो खण्ड विकास अधिकारी मलवां के पक्ष में बन्धक होगा जमा किया जायेगा। जो टेण्डर खुलने के पश्चात 15 दिन बाद बन्धक मुक्त होगा। टेण्डर के पश्चात स्वीकृतफर्म को 8 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में जो खण्ड विकास अधिकारी मलवां के पक्ष में बन्धक होगा जमा किया जायेगा जिसको कार्यपूर्ति के 06 माह पश्चात अवर अभियन्ता की कार्य की गुणवत्ता रिपोर्ट के पश्चात देय होगा।
5. अधोहस्ताक्षरी बिना कारण बताये टेण्डर को निरस्त कर समस्त जमानत धनराशि जब्त कर सकता है, अगर नियमों व शर्तो का उल्लंघन होता है।
6. शासकीय नियमानुसार सभी करों जैसें– आयकर, जीएसटी, श्रम उपकर आदि की कटौती बिलों से की जायेगी।
7. ठेकदार/फर्म द्वारा निविदा हेतु हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रमिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अधार कार्ड व जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं दो वर्ष का आइ0टी0आर जमा करना होगा।
8. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
9. ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण न कराने पर अर्थदण्ड देय होगा।
10. निविदादाता को किसी निर्माण विभाग से पंजीकृत होना चाहिए।
11. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा।
12. किसी भी प्रकार के विवाद के मामले न्याय क्षेत्र जनपद फतेहपुर होगा।
13. निर्माण कार्य तय समय सीमा के अन्दर करना होगा। अन्यथा की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा विलम्ब के सम्बन्ध में एक प्रतिशन अर्थदण्ड देय होगा। जिसकी कटौती ठेकेदार के भुगतान से की जायेगी।
14. बोरिंग कार्य का 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिये।
15. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में स्वयं निहित होगा।

(कोमल देवी)
खण्ड विकास अधिकारी
मलवां–फतेहपुर


झूलनोत्सव

सावन मेले का होगा आगाज, नगर निगम करेगा मणि उत्सव का आयोजन

# मणि पर्वत पर आज झूला झूलेंगे माता जानकी व श्रीराम

अयोध्या कार्यालय


अयोध्या में मणि पर्वत में बुधवार से शुरू हो रहे मेले को लेकर की गई बैरीकेडिंग।

**अमृत विचार :** रामनगरी में पारंपरिक सावन झूला मेला का आगाज बुधवार से होने जा रहा है। सभी मंदिरों के गर्भगृह में झूलनोत्सव की परंपरा को निभाने के लिए प्राचीन मणि पर्वत पर भव्य झूला मेला का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों के साधु-संत भगवान के विग्रह को लेकर मणि पर्वत पर पहुंचेंगे। विधि विधान पूर्वक पूजन के बाद उन्हें झूले पर विराजमान कराया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के द्वारा मणि उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा।

मणिपर्वत पर झूलनोत्सव के बाद रामनगरी के सभी प्रमुख मठ-मंदिरों में झूलनोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर उत्सव का आनंद लेंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आने-जाने के मार्ग को लेकर मंगलवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया की मणि पर्वत पर अच्छी व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां रहेंगे तो इस पर चर्चा की जाएगी। आयोजन पर एक स्टेटस रिपोर्ट सबमिट करेंगे। सुरक्षा को लेकर आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि विश्व विख्यात सावन मेले में दूर दराज से श्रद्धालु आते हैं। मठ-मंदिरों के भी विग्रह मणि पर्वत पर एकत्रित होते है, जिसको लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं।

### मणि उत्सव में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

- मणि पर्वत पर मणि उत्सव में समाज के संभ्रांत नागरिक व साधु संतों के साथ विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अयोध्या और मणि पर्वत के इतिहास पर संगीतमयी प्रस्तुति होगी। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि अयोध्या में झूलनोत्सव को लेकर सभी मठ मंदिरों में धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। मेले को लेकर सरयू के घाट पर 24 घंटे व्यवस्थाएं की गई है।

### ट्रस्ट ने जारी किया 50 लोगों को नित्य दर्शन पास

- **अयोध्या :** रामलला के नित्य दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से पास जारी किया जाने लगा है। अब तक 50 लोगो को नित्य दर्शन पास जारी किया जा चुका है। यह पास छह माह के लिए मान्य होगा। उसके बाद फिर से पास का नवीनीकरण कराना होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर में भारी भीड़ के चलते कुछ दिनों से इनके नित्य दर्शन की परंपरा टूट गई थी। ऐसे श्रद्धालु जो रामलला के नित्य दर्शन करना चाहते हैं उनके लिए नित्य पास की सुविधा शुरू कर दी गई।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूंदड़ा 2500–2525 आर. आर.21 2675–2700 गेहूंफारम 2775–2800 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200 –2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6800 –6900 अरहर 9000 –9500 मसूर 5500 –5600 मटर 3500 –3600 उड़दहरा 11000 –11500 उड़द काला 8000 –9000 मूंग 8000 –8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 15700–15800 अरहर स्पेशल 13000–13100 चना दाल 8300–8400 मटर दाल 4500–4600 मसूर मलका 7100–7150 मसूर दाल 7300–7350 उड़द दाल 9000– 13300 उड़द धोवा10000–13000 मूंगदाल 8100 –9700 मूंग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा1460–1500 मैदा 1470–1520 सूजी1500–1560 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1455–1470 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5400–5500 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9600– 11200 बटाली 8600 –11000 सेहुआं 4000 – 4500 **तेल** सरसों कोल्हू 12000–12100 अलसी 10000–10100 अण्डी 12700–12800 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1550–1554 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565–1564 मयूर1565–1564 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लडडू 4900–4950देशी भेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 81600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 71100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53000–53200 |

# संभलकर गिरा बाजार, सेंसेक्स 166 अंक टूटा

## लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही जारी, निफ्टी भी आया 24,000 अंक से नीचे

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह सकी और बीएसई का सेंसेक्स 166 अंक टूट गया। वहीं एनएसई का निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। बैंक और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

30 शेयरों वाले बीएसई का सेंसेक्स 166.33 अंक यानी 0.21% गिरावट के साथ 78,593.07 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 17 शेयर नुकसान में जबकि 13 लाभ में रहे। सेंसेक्स सुबह बढ़त के साथ खुला और निवेशकों की लिवाली से 1,092.68 अंक तक चढ़कर 79,852.08 अंक गया। हालांकि, बाद में आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा से पहले बैंक शेयरों में बिकवाली दबाव से इसमें गिरावट आई और यह 78,496.57 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई का निफ्टी भी 63.05 अंक यानी 0.26% गिरावट के साथ 24,000 अंक के नीचे 23,992.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान



● बैंक और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से हुआ नुकसान

यह 327 अंक चढ़कर 24,382.60 अंक तक पहुंचा था। सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और ये 4% से अधिक नीचे आ चुके हैं। अमेरिका में रोजगार के कमजोर आंकड़े से मंदी की आशंका बढ़ी है, जिससे दुनिया भर के बाजारों पर असर पड़ा है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि एशिया के अन्य बाजारों की तरह घरेलू बाजार ने भी तेजी की कोशिश की, लेकिन लाभ कायम नहीं रह सका। निवेशकों की नजर येन की विनिमय दर पर है। वहीं, अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़े तथा वैश्विक स्तर पर तनाव का भी असर है। सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे। वहीं लाभ में जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर रहे।

### निक्की और शंघाई कम्पोजिट उल्लेखनीय रूप से लाभ में रहे

बीएसई का मिडकैप 0.71% और स्मॉलकैप सूचकांक 0.57% नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट उल्लेखनीय रूप से लाभ में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। जापान का मानक सूचकांक निक्की मंगलवार को 10.7% चढ़ा। एक दिन पहले इसमें 37 साल में सबसे बड़ी गिरावट आई थी। यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार के दौरान गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में थे। शेयर बाजार के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 10,073.75 करोड़ के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30% की बढ़त के साथ 76.52 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# सोने में 1,100 रुपये की गिरावट, चांदी 2,200 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग से सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 1,100 रुपये लुढ़ककर 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट जारी रही और मंगलवार को यह 2,200 रुपये लुढ़ककर 82,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले सत्र में चांदी 84,200 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। दो अगस्त को चांदी 86,000 रुपये प्रति किलो थी, जिसके बाद से चार सत्रों में इसकी कीमत में 4,200 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई है। वहीं 99.5% शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये लुढ़ककर 71,350 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। इसका पिछला भाव 72,450 रुपये था।

# जनधन, बचत खातों में न्यूनतम राशि की जरूरत नहीं : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि जन धन और बचत खातों में न्यूनतम राशि बनाए रखने की जरूरत नहीं है। बैंक केवल उन मामलों में जुर्माना लगाते हैं, जहां ग्राहक अपने अन्य खातों में आवश्यक राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं। वित्त मंत्री राज्यसभा में बैंकों द्वारा पांच साल में खातों में न्यूनतम राशि पर ग्राहकों से 8,500 करोड़ जुर्माना वसूलने के प्रश्न का उत्तर दे रही थीं।

सीतारमण ने कहा कि बैंक खाते में न्यूनतम राशि का प्रावधान प्रधानमंत्री जनधन और गरीबों के खातों पर लागू नहीं होता है। यह केवल उनके लिए है जिनकी न्यूनतम राशि निश्चित स्तर पर होने की उम्मीद है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह सामने



● ग्राहकों से वसूले गए 8,500 करोड़ जुर्माने पर बोलीं सीतारमण

आया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2019-20 से पांच साल में इस मद में 8,500 करोड़ रुपये वसूले।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में खातों औसत मासिक न्यूनतम राशि नहीं रखने पर जुर्माने के तौर पर जमाकर्ताओं से 2,331 करोड़ रुपये वसूले।

# जीएसटी नोटिस से विमानन क्षमता होगी कमजोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक एयरलाइन समूह आईएटीए ने भारत में उड़ान भरने वाली कुछ विदेशी एयरलाइन को जीएसटी के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने पर मंगलवार को चिंता जाहिर की। आईएटीए ने कहा कि इससे देश की मजबूत विमानन क्षमता प्रभावित हो सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने सरकार से इस मामले को सुलझाने का आग्रह किया और कहा कि वह इससे निराश है कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने इस मामले पर उद्योग द्वारा कई अभ्यावेदन देने के





● विदेशी एयरलाइन को जीएसटी के लिए नोटिस देने पर आईएटीए ने जताई चिंता

बावजूद भारत में परिचालन करने वाली कुछ विदेशी एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आईएटीए भारतीय एयरलाइन कंपनियों सहित 330 से अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके सदस्यों की वैश्विक हवाई यातायात में 80% हिस्सेदारी है।

आईएटीए के उत्तर एशिया एवं एशिया प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (अंतरिम) शी जिंगक्वान ने कहा कि डीजीजीआई का दावा कि विदेशी एयरलाइन (जिनके भारत में कार्यालय हैं) के मुख्यालयों द्वारा हवाई परिवहन सेवाएं प्रदान करने के दौरान किए व्यय पर जीएसटी लागू होना चाहिए, यह त्रुटिपूर्ण है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन के प्रावधान में शामिल परंपराओं को ध्यान में नहीं रखा गया है। उभारत ऐसा करने वाला अकेला देश है। विश्व में कहीं भी ऐसा नहीं होता। बाहर के गंतव्यों के लिए उड़ान भरने वाली भारतीय विमानन कंपनियों को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता है।

# नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता बनाए रख सकता है आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक मंगलवार से शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली में नीतिगत ब्याज दर पर फैसला किया जाएगा। हालांकि, मुद्रास्फीति से जुड़ी चिंताओं और आर्थिक वृद्धि की मजबूत रफ्तार को देखते हुए इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर में किसी बदलाव की कम संभावना ही जताई जा रही है।

एमपीसी नीतिगत दरों में किसी भी बदलाव के बारे में फैसला करने वाली सर्वोच्च इकाई है। इस



● एमपीसी की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू

● अध्यक्षता करेंगे आरबीआई के गवर्नर, गुरुवार को होगी घोषणा

बैठक की अध्यक्षता आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास करेंगे। इस बैठक में लिए जाने वाले फैसलों की घोषणा गुरुवार को होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि एमपीसी पिछली कई बैठकों की तरह इस बार भी नीतिगत रेपो दर को 6.5% पर रखने का फैसला कर सकती है। खुदरा मुद्रास्फीति के स्तर को लेकर जुड़ी चिंताएं और आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कायम रहना इसकी वजह हो सकती हैं। जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीनों के उच्च स्तर 5.08% पहुंच गई। सब्जियों एवं अन्य कुछ प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से खुदरा महंगाई बढ़ी है।

### सात समीक्षाओं में रेपो दर में नहीं किया बदलाव

एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई बैठक में मौद्रिक रुख को जारी रखेगा। गोल्डमैन शैक्स ने 8 अगस्त को नीतिगत दर 6.5% पर अपरिवर्तित रखे जाने की संभावना जताई है। केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5% किया था। उसके बाद से इसने सात द्विमासिक मौद्रिक समीक्षाओं में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। डीबीएस बैंक की कार्यकारी निदेशक और अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा कि मजबूत घरेलू वृद्धि और मुद्रास्फीति के मेल को ध्यान में रखते हुए एमपीसी अपने सतर्क दृष्टिकोण को दोहराने और अपने उदार रुख को वापस लेने का रवैया बनाए रख सकती है। बार्कलेज की क्षेत्रीय अर्थशास्त्री श्रेया सोधानी ने कहा कि वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और घरेलू मुद्रास्फीति संभावना पर एमपीसी की टिप्पणी इस सप्ताह के अंत में ध्यान केंद्रित करेगी। हम दिसंबर की एमपीसी बैठक में रेपो दर में कटौती के पूर्वानुमान पर कायम हैं। हालांकि, मुद्रास्फीति आरबीआई की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहती है तो इसमें देरी भी हो सकती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### कारखाने में विस्फोट से एक की मौत, नौ घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में मंगलवार सुबह सीमेंट ब्लॉक निर्माण कारखाने में बॉयलर फटने से एक श्रमिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से 50 किमी दूर मौदा तालुक के जुल्लार गांव में स्थित श्रीजी ब्लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड कारखाने में तड़के साढ़े तीन बजे हुई। उस समय पीड़ित नियमित काम कर रहे थे। मौदा पुलिस ने बताया कि कारखाने में क्रेन ऑपरेटर, जुल्लार के नंदकिशोर रामकृष्ण करंडे की मौत हो गई।

### विधायक भाकर छह माह के लिए विस से निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष से अभद्रता पर कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को मंगलवार को छह माह के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के प्रस्ताव पर विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने यह घोषणा की। साथ ही देवनानी ने विस के बजट सत्र की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। इससे एक दिन पहले सोमवार को भाकर को सदन की बैठकों से निलंबित किया गया था।

### थाने में एएसआई ने खुद को गोली मारी, मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक की उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन पुलिस थाने में अपनी सरकारी बंदूक से कथित तौर पर खुद को गोली मारने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाने में तैनात एएसआई विजय ने सोमवार देर रात खुद को गोली मार ली। वह हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था और 1994 में पुलिस में भर्ती हुआ था। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है।

# लोस में गूंजा जनसंख्या नियंत्रण नीति का मुद्दा

## भारतीय चिकित्सा सेवा शुरू करने व समीक्षा समिति बनाने की मांग उठी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में मंगलवार को देश में राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति बनाने, अखिल भारतीय सेवाओं की तर्ज पर भारतीय चिकित्सा सेवा शुरू करने तथा आवारा कुत्तों के काटने के संबंध में कानून की समीक्षा के लिए समिति बनाने की मांग उठी। सदस्यों ने शून्यकाल में लोक महत्व के कई मुद्दे उठाए।

भाजपा के दिलीप सैकिया ने कहा कि बढ़ती आबादी सबसे बड़ी समस्या है जिससे पर्यावरण प्रदूषण, बेरोजगारी, गरीबी और अन्य समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस रोक के लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति बनाने की मांग की। असम के दरांग-उदलगुड़ी के सैकिया ने कहा कि प. बंगाल और बिहार के साथ

● सदस्यों ने शून्यकाल में लोक महत्व के कई मुद्दे उठाए

● औवैसी ने हज समिति में भ्रष्टाचार का आरोप लगा सीबीआई जांच की मांग की

असम तथा उत्तर पूर्व के अन्य राज्यों में भी जनसंख्या बढ़ रही है और प्रधानमंत्री मोदी को विशेष नीति अपनानी होगी। द्रमुक के कलानिधि वीरासामी ने आईएएस, आईपीएस समेत अखिल भारतीय सेवाओं की तरह चिकित्सकों के लिए भी भारतीय चिकित्सा सेवा की जरूरत बताई। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने आवारा कुत्तों के काटने का मुद्दा उठाया। गर्ग ने कहा कि इस मुद्दे पर कानून बने हैं। समिति बनाए जो मामले को देखे।

एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवैसी ने हज समिति में अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की। राजस्थान के बांसवाड़ा के राजकुमार रोत ने निर्माणाधीन माही परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना को विनाशकारी बता इसे रोकने की मांग की। दमन दीव के उमेशभाई पटेल ने पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों और द्रमुक के टीएम सेल्वागणपति ने तमिलनाडु के मछुआरों कमा मुदद्दा उठाया। कांग्रेस के एमके राघवन ने वायनाड आपदा पर कहा कि बारिश के पूर्वानुमान की प्रणाली सही नहीं है और इस पर ध्यान देना चाहिए।

### कोई राज्य प. बंगाल का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगा। सौगत रॉय ने सदन में पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद के खात्मे का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार इस मॉडल को दूसरे राज्यों में लागू करेगी? शाह ने कहा कि कोई भी राज्य अच्छा करे तो उसके उदाहरण को लागू करने में सरकार को कोई दिक्कत नहीं है।

### बजट से मध्य वर्ग को नुकसान, अमीरों को फायदाः कांग्रेस

कांग्रेस ने लोकसभा में आरोप लगाया कि सरकार ने बजट से मध्य वर्ग को नुकसान और अमीरों को फायदा पहुंचाया है। कांग्रेस सांसद डॉक्टर अमर सिंह ने कहा कि सरकार आम आदमी से कर के रूप में एक-एक रुपये वसूल लेना चाहती है, जबकि कॉरपोरेट के लोगों को छूट दे रही है। पांच करोड़ से ऊपर की आय वालों का सरचार्ज कम कर दिया जिसका मतलब यह है कि आप उच्च आय वालों को फायदा पहुंचा रहे हैं।

# क्या बाल विवाह विधेयक पर्सनल लॉ पर होगा प्रभावी, होगी शीर्ष सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की उस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमति जताई जिसमें इस जटिल कानूनी सवाल को उठाया गया है कि क्या बाल विवाह निषेध संबंधी धर्मनिरपेक्ष कानून मुस्लिम पर्सनल लॉ पर प्रभावी होगा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अनुरोध किया कि बाल विवाह के मुद्दे पर कई उच्च न्यायालयों द्वारा सुनाए अलग-अलग फैसलों को ध्यान में रखते हुए एनसीपीसीआर की याचिका पर पर सुनवाई की जाए। कुछ उच्च न्यायालय इस मुद्दे पर पर्सनल लॉ का संज्ञान ले रहे हैं और परस्पर विरोधी निर्णय दे रहे हैं, जिससे शीर्ष अदालत में कई विशेष अनुमति याचिकाएं (एसएलपी)



● सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की याचिका पर सुनवाई के लिए जताई सहमति

दायर की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा अलग-अलग विचार रखे जा रहे हैं। मुद्दा यह है कि एक धर्म या दूसरे धर्म में बाल विवाह की अनुमति है या नहीं। हम (एनसीपीसीआर) संवैधानिक सिद्धांतों पर बहस कर रहे हैं। उन्होंने पीठ से आग्रह किया कि एनसीपीसीआर की 2022 याचिका को किसी भी बुधवार या गुरुवार को सूचीबद्ध किया जाए क्योंकि विभिन्न उच्च न्यायालयों के नए फैसले सुनाए जा रहे हैं और अपील की संख्या बढ़ रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें मामले का तुरंत निपटाना होगा और याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

# धन शोधन में दोषसिद्धि की दर 93%

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि ईडी की ओर से धन शोधन के मामलों में दोषसिद्धि की दर 93 प्रतिशत है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में बताया कि 31 जुलाई तक एजेंसी द्वारा कुल 7,083 प्रवर्तन मामले की रिपोर्ट दाखिल की गई हैं।

उन्होंने कहा कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) को 2002 में अधिनियमित किया गया था और एक जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया था। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि इस कानून के तहत 1.39 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त, लेन-देन पर रोक या कुर्क की गई है। पीएमएलए के तहत जब्त की गई संपत्ति का मूल्य 3,725.76 करोड़ है। लेनदेन पर लगाई रोक वाली राशि 4,651.68 करोड़ है और कुर्क की गई राशि 1,31,375 करोड़ है।

● राज्यसभा में बोले वित्त राज्य मंत्री- इस कानून के तहत 1.39 लाख करोड़ की संपति हुई है जब्त

### सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अन्य राज्यों में बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** टीएमसी की सुस्मिता देव ने राज्यसभा में मांग किया कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अन्य राज्यों में भी बनाई जानी चाहिए ताकि लंबित मामलों के निपटान में तेजी आ सके। देव ने शून्यकाल के दौरान कहा कि सुप्रीम और हाईकोर्ट में लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# आरक्षण संबंधी फैसले पर सीजेआई को धमकी देने में भीम सेना का नेता गिरफ्तार

**बैतूल।** भीम सेना की मध्यप्रदेश इकाई के प्रभारी पंकज अतुलकर को आरक्षण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में सोशल मीडिया पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मंगलवार को बैतूल से गिरफ्तार किया गया। गंज थाना प्रभारी रविकांत दहेरिया ने बताया कि अतुलकर (34) को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अतुलकर ने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा था कि वह एससी/एसटी के लोगों को गुलाम बनाने का फैसला देने के लिए सीजेआई को जान से मार देगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार के फैसले में कहा कि राज्यों को अनुसूचित जातियों में उप-वर्गीकरण का अधिकार है, ताकि पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके।

# कोर्ट ने नालों और सड़क पर कचरे को लेकर एमसीडी अधिकारियों को फटकारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गाजीपुर इलाके में सड़कों पर कूड़ा और खुले नालों को लेकर एमसीडी के अधिकारियों को फटकारा। कोर्ट ने कहा कि निगम प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों में काम नहीं करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई का साहस नहीं है। गाजीपुर में मां-बेटे की जलभराव से नाले में गिरने से मौत हो गई थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने अधिकारियों को निलंबित करने की चेतावनी दी। पीछ ने कहा कि एमसीडी भंग कर देनी चाहिए, इससे किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो रही है।

# कर्ज में डूबे शूटर ने मांगी जमानत खुद को बताया बिश्नोई से प्रेरित

**मुंबई, एजेंसी**

सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर अप्रैल में गोलीबारी करने वालों में से एक ने जमानत के लिए अनुरोध किया है। उसने कहा है कि वह बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिद्धांतों से प्रेरित है। आरोपी विक्की गुप्ता ने कहा कि उसने कर्ज में फंसे होने से कथित अपराध किया।

आरोपी ने दावा किया कि बिश्नोई का नाम मामले में गलत तरीके से लिया गया है और गोलीबारी में उसकी कोई भूमिका नहीं है, जैसा कि मुंबई

### सलमान के घर गोलीबारी

● आरोपी ने किया दावा- बिश्नोई का नाम गलत तरीके से लिया, मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं

पुलिस दावा कर रही है। उसने कहा कि गोलीबारी का उद्देश्य सलमान खान को 26 साल पहले दो काले हिरणों को मारने के कृत्य के लिए डराना था। पिछले महीने अदालत में दायर पुलिस के आरोपपत्र में लॉरेंस, अनमोल और रोहित गोधरा को मामले में वांछित आरोपी बताया गया है।

# कॉलेज में हिजाब पर रोक के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसने बंबई हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है, जिसमें मुंबई के कॉलेज में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर रोक के निर्णय को बरकरार रखा गया है।

● बंबई हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध

हाईकोर्ट ने चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एनजी आचार्य एवं डीके मराठे महाविद्यालय द्वारा हिजाबऔर नकाब पर रोक लगाने के फैसले में हस्तक्षेप से 26 जून को इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस मामले के लिए पहले एक पीठ तय कर दी गई है और इसे जल्द ही सूचीबद्ध किया जाएगा।

# एनसीईआरटी की किताबों से संविधान की प्रस्तावना हटाने के आरोप निराधार : प्रधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस आरोप को मंगलवार को निराधार करार दिया कि संविधान की प्रस्तावना को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा जैसे विषय को भी अपनी झूठ की राजनीति के लिये इस्तेमाल करना और इसके लिये बच्चों का सहारा लेना कांग्रेस की घृणित मानसिकता को दर्शाता है।

कांग्रेस शुरू से ही भारत के विकास और शिक्षा व्यवस्था से नफरत रखती है। बच्चों के



भविष्य से खिलवाड़ करने वाले और शिक्षा प्रणाली को बकवास बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने उन खबरों के बीच यह टिप्पणी की है, जिनमें दावा किया गया है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कुछ पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है। एनसीईआरटी में पाठ्यचर्या अध्ययन और विकास विभाग की प्रमुख रंजना अरोड़ा ने सोमवार को स्पष्ट किया था कि आरोप सही नहीं हैं।

# जल्द सुनवाई के बार- बार आग्रह से नाराज हुए सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शिवसेना विधायकों को अयोग्य करार देने संबंधित मामले की जल्द सुनवाई के लिए वकील के बार-बार आग्रह से नाराज प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने उनसे कहा कि एक दिन के लिए यहां बैठिए। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि आप अपनी जान छुड़ाकर भागेंगे।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ महाराष्ट्र के राजनीतिक विवादों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई की तारीखें



● वकील से बोले- एक दिन के लिए पीठ में बैठिए, आप जान छुड़ाकर भागेंगे

● विधायकों को अयोग्य करार देने के मामले की सुनवाई चाहता था वकील

तय कर रही थी। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जून 2022 में शिवसेना में विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली राजनीतिक दल घोषित किया गया है। दूसरी याचिका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट द्वारा दायर की गई है, जिसमें नार्वेकर के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा घोषित किया गया था।

हाल में, शीर्ष अदालत ने शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार और उनके 40 विधायकों को नोटिस जारी किया था। शुरुआत में सीजेआई ने कहा कि शिवसेना के मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं। राकांपा से जुड़े विवाद मामले को सूचीबद्ध करते समय पीठ ने अजित गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन. के. कौल की इस दलील पर गौर किया कि शरद पवार समूह की याचिका पर जवाब दाखिल करने को तीन हफ्ते का समय दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अंततः अजित गुट और उसके 40 विधायकों को जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया तथा कहा कि इसके बाद याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इस बीच, उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए एक वकील ने नजदीक की तारीख देने का आग्रह किया।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **एथलेटिक्स :** मिश्रित मैराथन पैदल चाल रिले (पदक चरण) : प्रियंका गोस्वामी और सूरज पंवार – सुबह 11.00 बजे।
- **पुरुष ऊंची कूद (क्वालीफिकेशन) :** सर्वेश कुशारे – दोपहर 1.35 बजे।
- **महिला भाला फेंक (क्वालीफिकेशन) :** अन्नू रानी – दोपहर 1.55 बजे।
- **महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ (पहला चरण) :** ज्योति याराजी (हीट चार) – दोपहर 2.09 बजे।
- **पुरुषों की त्रिकूद (क्वालीफिकेशन) :** प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबकर नारंगोलिंटेविडा – रात 10.45 बजे।
- **पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज :** अविनाश साबले– देर रात 1.13 बजे।
- **गोल्फ :** महिला व्यक्तिगत : अदिति अशोक और दीक्षा डागर – दोपहर 12.30 बजे।
- **टेबल टेनिस :** महिला टीम (क्वार्टर फाइनल) : भारत (श्रीजा अकुला, मनिका बत्रा और अर्चना गिरीश कामथ) बनाम जर्मनी – दोपहर 1.30 बजे।
- **कुश्ती :** महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा (प्री–क्वार्टर फाइनल) : अंतिम पंघाल बनाम येनेप येटगिल – दोपहर 3.05 बजे।
- **भारोत्तोलन :** महिला 49 किग्रा (पदक चरण) : सैखोम मीराबाई चानू – रात 11.00 बजे।

## खेल डायरी




### आर्मंड ने नौवीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में नौवीं बार रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में जब दिन की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस में 80,000 दर्शकों के सामने 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। ओलंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार यह कारनामा किया। लुइसियाना में जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। स्वीडन के राजा और रानी भी डुप्लांटिस की इस उपलब्धि के गवाह बने। लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवीं बार रिकॉर्ड तोड़कर डुप्लांटिस अब इस स्पर्धा के सबसे महान खिलाड़ी सर्गेई बुबका के करीब पहुंच गए हैं।

### सीन नदी पर होने वाला तैराकी अभ्यास रद

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं के बीच मंगलवार को इस नदी पर होने वाली ओलंपिक मैराथन तैराकी परीक्षण प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया। पेरिस ओलंपिक 2024 की प्रवक्ता ऐनी डेस्कैम्प्स ने पुष्टि की कि वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने अभ्यास रद्द करने का निर्णय लिया है। यह फैसला ट्रायथलॉन मिश्रित रिले प्रतियोगिता के सीन नदी पर सफल आयोजन के एक दिन बाद आया है। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले भी कुछ अभ्यास कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे।

### सर्फिंग सेमीफाइनल के दौरान दिखी व्हेल

**ताहिती।** ताहिती में पेरिस ओलंपिक खेलों की सर्फिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार दोपहर जब सभी की निगाहें समुद्र में अपना कौशल दिखा रहे खिलाड़ियों पर टिकी थी तभी वहां एक नया दर्शक पहुंच गया जो थी एक व्हेल। ब्राजील की तातियाना वेस्टन वेब और कोस्टा रिका की ब्रिसा हेनेसी जब सेमीफाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे तभी वहां व्हेल पहुंच गई। वह हालांकि खिलाड़ियों से सुरक्षित दूरी पर थी और इसलिए प्रतियोगिता जारी रही। दर्शकों और फोटोग्राफरों की निगाहें खिलाड़ियों से हटकर व्हेल पर टिक गई और इस अद्भुत दृश्य को कैमरों में कैद किया।

### भारतीय पुरुष टीम को प्री-क्वार्टरफाइनल में हारी

**पेरिस।** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम को पेरिस ओलंपिक में मंगलवार को हुए राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चीन से 3–0 से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ टेबल टेनिस में भारत का अभियान समाप्त हो गया हैं। यहां हुए मुकाबले में देसाई और ठक्कर युगल प्रतियोगिता का पहला मैच मा लोंग और वांग चुकिन के खिलाफ सीधे गेम (11–2, 11–3, 11–7) में हार गए। इसके बाद शरत कमल पेरिस 2024 एकल स्वर्ण पदक विजेता फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद, चीनी पैडलर ने दूसरा मैच 9–11, 11–7, 11–7, 11–5 से जीत लिया।



तीसरे गेम में, ठक्कर का वांग चुकिन से कोई मुकाबला नहीं था। वांग चुकिन ने 11–9, 11–6, 11–9 से जीत हासिल की। इस हार से भारतीय पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ियों का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया।

# गोल्डन ब्वॉय के भाले ने भेदा फाइनल का टिकट

## क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज चोपड़ा ने 89.34 मीटर का किया थ्रो

**पेरिस, एजेंसी**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के भाला फेंक के क्वालिफिकेशन राउंड में सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.34 मीटर थ्रो के साथ फाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी ग्रुप बी से फाइनल में जगह बनाने वाले तीसरे एथलीट रहे। दो बार के विश्व चैंपियन पीटर्स ने आज स्टेड डी फ्रांस में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.63 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंका और अरशद नदीम से आगे लेकिन नीरज चोपड़ा से पीछे रहे। अब तक कुल सात एथलीटों ने 84.00 मीटर के क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए गुरुवार के पदक स्पर्धा में अपनी जगह पक्की कर ली है।

नीरज चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वियों में से एक पाकिस्तान के अरशद नदीम भी स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए। क्वालिफिकेशन राउंड के ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर रहते हुए नदीम ने अपने पहले प्रयास में 86.59 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और आसानी से क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए मेडल राउंड में जगह बनाई। अरशद नदीम और नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ वर्षों में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी है जिसमें भारतीय भाला फेंक एथलीट हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 9-0 से आगे हैं। हालांकि कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में नदीम का 90.18 मीटर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चोपड़ा के 89.94 मीटर के शीर्ष प्रयास से आगे है।

आज हुए मुकाबले में चोपड़ा ने पहले प्रयास पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.34 मीटर दर्ज किया। वहीं जर्मन एथलीट अपने तीन प्रयासों के बावजूद 85.64 मीटर की दूरी ही दर्ज कर सके। इस बीच पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 85.16 मीटर के दूसरे प्रयास के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई।

### किशोर जेना ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्पर्धा से बाहर

**पेरिस।** भारत के किशोर जेना मंगलवार को पुरुष भाला फेंक के ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गए। ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन से 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए। उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में भाले को 80.21 मीटर की दूरी तक फेंका। जेना ने पिछले साल अक्टूबर में एशियाई खेलों का रजत पदक जीतने के दौरान 87.54 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।



क्वालिफिकेशन में प्रतिभाग करने के बाद किशोर जेना। ● एजेंसी




<< 89.34 मीटर थ्रो करने के बाद नीरज चोपड़ा ने ऐसे मनाया जश्न। ● एजेंसी

> मैं पहले प्रयास में अच्छा करने की कोशिश करता हूं लेकिन यह हमेशा कारगर नहीं होता। ऐसा पहले भी हुआ है जब मेरा शुरुआती थ्रो अच्छा नहीं रहा है लेकिन मैं पहले प्रयास में बेहतर करने की कोशिश करता हूं। मैं अब बेहतर हूं। मैं फाइनल पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मैं इसे ध्यान में रखने और ठीक से अभ्यास करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। फाइनल में हर किसी की मानसिकता अलग होती है। मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हूं। मैं फाइनल के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाने की कोशिश कर रहा हूं।
>
> **– नीरज चोपड़ा,** भाला फेंक खिलाड़ी



**50** किलोग्राम फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में क्यूबा की युसनेलिस को 5–0 से हराया

<< जीत के बाद जश्न मनातीं विनेश फोगाट (लाल जर्सी में)। ● एजेंसी

# कुश्ती: स्वर्ण पदक से एक जीत दूर विनेश फोगाट

**पेरिस, एजेंसी**

- फाइनल में पहुचने वाली भारत की पहली पहलवान बनीं विनेश

पहलवान विनेश ओलंपिक महिला 50 किग्रा कुश्ती के सेमीफाइनल में क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 हराकर पदक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने इससे पहले ओलंपिक खेलों में बड़ा उलटफेर करते हुए अब तक अपराजेय मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी को शिकस्त देने के बाद यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अंतिम चार मैच में लोपेज ने शुरुआती पीरियड में विनेश के पैर पर पकड़ बनाने की कोशिश की लेकिन उनके अतिरक्षात्मक खेल के कारण भारतीय पहलवान को एक अंक की बढ़त बनाने की मौका मिल गया। शुरुआती पीरियड में बढ़त बनाने के बाद विनेश ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत की और प्रतिद्वंद्वी पहलवान के दायें पैर पर मजबूत पकड़ के साथ 5-0 की बढ़त बना ली। क्यूबा की पहलवान ने इसके बाद विनेश पर पकड़ बनाने की कोशिश की लेकिन विनेश के शानदार रक्षण के आगे उनका प्रयास विफल हो गया। ऐसे में विनेश के पास कुश्ती में देश का पहला स्वर्ण विजेता बनने का मौका होगा। फाइनल बुधवार को होगा।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 22 | 19 | 14 | 55 |
| अमेरिका | 21 | 30 | 28 | 79 |
| ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 8 | 34 |
| फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 13 | 18 | 43 |
| द. कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| जापान | 10 | 6 | 11 | 27 |
| इटली | 9 | 10 | 6 | 25 |
| जर्मनी | 8 | 5 | 4 | 17 |
| नीदरलैंड | 7 | 5 | 6 | 18 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# मीराबाई की नजर ऐतिहासिक पदक पर

**पेरिस, एजेंसी**

तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतकर कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में पोडियम पर पहुंचकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी।

मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई। तोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने तोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था।



- कूल्हे की चोट से उबरने के बाद पेरिस ओलंपिक की अच्छी तैयारी नहीं कर सकी हैं मीराबाई चानू

मीराबाई अपने पसंदीदा 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेगी और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहती है तो फिर रजत या कांस्य पदक जीत सकती हैं। इस वजन वर्ग में चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई फिर से स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं। मीराबाई ने कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी की है लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर अब भी कयास लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने हालांकि दावा किया कि मणिपुर की रहने वाली यह खिलाड़ी पूरी तरह से फिट है।

शर्मा ने कहा हम जानते हैं कि मीराबाई को 200 किग्रा से अधिक वजन उठाना होगा। उनके लिए इस बार 202 किग्रा में कटौती नहीं की जाएगी लेकिन उन्हें 205-206 किग्रा तक जाना चाहिए। हम चुनौती के लिए तैयार हैं। गुरुवार को 30 साल की होने वाली मीराबाई की नजर जहां अपने प्रतिद्वंद्वियों के प्रदर्शन पर होगी वहीं उन्हें खुद को मिलने वाली चुनौती से भी पार पाना होगा।

## प्रो कबड्डी लीग के लिए सितारों की नीलामी 15 से

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने मंगलवार को सीजन 11 के लिए एलीट रिटेन खिलाड़ी, रिटेन युवा खिलाड़ी और मौजूदा नए युवा खिलाड़ी वर्ग में शामिल खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की। नीलामी 15 और 16 अगस्त को मुबंई में होगी।

प्रत्येक फ्रैंचाइजी ने खिलाड़ियों के एक मजबूत कोर ग्रुप को बरकरार रखा है और अब वे सीजन 11 प्लेयर ऑक्शन की मदद से एक मजबूत टीम का निर्माण करना चाह रही है। दबंग दिल्ली के.सी. ने आशु मलिक और नवीन कुमार की अपनी रेडर जोड़ी को अपने साथ बरकरार रखा है। इस बीच, सीजन 10 में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले स्टार रेडर और कप्तान असलम इनामदार को पुनेरी पल्टन ने बरकरार रखा है।

## किरण पहल का महिला 400 मीटर दौड़ में सफर खत्म




400 मीटर दौड़ के दौरान भारतीय धावक किरण पहल। ● एजेंसी

**पेरिस।** भारत की किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज चरण में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल से बाहर हो गईं। अपना किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर रही। वह कुल 26 खिलाड़ियों में 23वें स्थान पर रही। रेपेचेज दौर की चार हीट में प्रत्येक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के अलावा सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली दो अन्य ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर–राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था। वह ओलंपिक में इसे दोहराने में विफल रहीं।

**मुकाबला आज** स्पिनरों पर भारतीय बल्लेबाजों को होना होगा हावी, 1997 में आखिरी बार वनडे शृंखला जीती थी श्रीलंका

# 27 साल बाद शृंखला गंवाने की ओर भारत

**कोलंबो, एजेंसी**

पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद शृंखला गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे शृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे शृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था।

भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे शृंखलाएं हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही। भारत वर्तमान शृंखला को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह शृंखला बराबर करने पर टिकी हैं। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है।




अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित, कोच गंभीर और अगरकर। ● एजेंसी

**मैच : दोपहर 2:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका :** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, डुनिथ वेललागे, चमिका करुणारत्ने, अकिला धनंजय, मोहम्मद शिराज, महीश थीक्षाना, असिथा फर्नांडो, ईशान मलिंगा , जेफ्री वांडरसे।

**महिला टी-20 विश्वकप**

## आईसीसी चिह्नित करेगा वैकल्पिक स्थल

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल के आखिर में बंगलादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप आयोजन के लिए वैकल्पिक स्थल के रुप में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका को चिन्हित किया है।

आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि बंगलादेश की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आईसीसी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हमारी प्राथमिकताओं में सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और उनकी देख-रेख शामिल है। संभावना है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट को किसी और देश में आयोजित कराया जाए। ऐसे में आईसीसी ने भारत, यूएई और श्रीलंका को वैकल्पिक स्थल के रूप में चिन्हित किया है।

# स्पेन और फ्रांस फुटबॉल के फाइनल में

**मार्सिले (फ्रांस), एजेंसी**

**32** वर्षों में पहली बार किसी यूरोपीय टीम के पास स्वर्ण जीतने का मौका, स्पेन ने मोरक्को और फ्रांस ने मिस्त्र को हराया

स्पेन ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद स्थानापन खिलाड़ी जुआनलू सांचेज़ के गोल की मदद से मोरक्को को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी और रिकॉर्ड पांचवीं बार ओलंपिक खेलों की पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

स्पेन फाइनल में मेजबान फ्रांस से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में मिस्र को 3-1 से पराजित किया। पिछले 32 वर्षों में यह पहला अवसर होगा जबकि यूरोप की कोई टीम स्वर्ण पदक जीतेगी। सांचेज ने स्टेड डे मार्सिले में 85वें मिनट में गोल करके स्पेन को फाइनल में पहुंचाया। इससे पहले टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले सूफियाने रहीमी के 37वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने से मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था। फ़र्मिन लोपेज़ ने 65वें मिनट में स्पेन की तरफ से बराबरी का गोल किया। बार्सिलोना ओलंपिक 1992 में स्वर्ण पदक जीतने वाला स्पेन तीन साल पहले तोक्यो खेलों के फाइनल में ब्राजील से हार गया था। स्पेन की महिला टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका सामना ब्राजील से होगा।



स्पेन पांचवीं बार ओलंपिक फुटबॉल के फाइनल में पहुंचा है और इस तरह से उसने ब्राजील की बराबरी की है। अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस भी मिस्र से एक समय पीछे चल रहा था लेकिन जीन फिलिप माटेटा ने दो गोल करके फाइनल में उसकी जगह सुनिश्चित की। मिस्र महमूद सेबर के 62वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बढ़त बनाने के बाद उलटफेर की ओर बढ़ रहा था। माटेटा ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींच दिया। माटेटा ने 99वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### हिजबुल्ला का आत्मघाती हमला, छह लोग घायल

**बेरूत।** लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने मंगलवार को उत्तरी इजराइल में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमला किया, जिनमें छह लोग घायल हो गये। तेहरान टाइम्स ने बताया कि हिजबुल्ला के हमले में दो की हालत गंभीर है। हिजबुल्ला की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इजराइल में गोलानी ब्रिगेड के मुख्यालय और कब्जे वाले एकर के उत्तर में श्रागा बैरक में एगोज़ यूनिट 621 के ठिकाने को लक्ष्य कर आत्मघाती ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई हमला किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 22 भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने सोमवार को देश के जलक्षेत्र में अवैध तरीके से घुसकर मछली पकड़ने के आरोप में 22 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारतीय मुछआरों की गिरफ्तारी देश के उत्तर पश्चिमी प्रांत में कुदिरामलाई प्वाइंट के पास समुद्री सीमा में अवैध तरीके से घुसकर मछली पकड़ने आये भारतीय नौकाओं को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान के दौरान की गई।

### नीदरलैंड के सभी 12 प्रांतों में ब्लूटंग रोग की पुष्टि

**हेग।** नीदरलैंड के सभी 12 प्रांतों में ब्लूटंग रोग की पुष्टि की गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक पिछले सप्ताह तक फ्लेवोलैंड एकमात्र ऐसा प्रांत था जहां ब्लूटंग वायरस के कोई मामले सामने नहीं आए थे। नीदरलैंड खाद्य और उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा प्राधिकरण के नए आंकड़ों ने अब पुष्टि की है कि वायरस इस प्रांत में भी मौजूद है। इस सप्ताह तक संक्रमण की कुल संख्या बढ़कर 1,722 हो गयी है, जिसमें गेल्डरलैंड, नॉर्थ ब्रैबेंट, लिम्बर्ग और ओवरिज्सेल में सबसे अधिक प्रकोप देखा गया है।

### रूस में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक नागरिक की मौत

**कीव।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन के हमले में एक कार सवार नागरिक की मौत हो गयी। रूस के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के ड्रोन ने ग्रेवोरोन्स्की शहरी जिले के नोवोस्ट्रोएवका-वटोरया गांव के पास एक चलती गाड़ी पर हमला किया। हमारे लिए यह बहुत दुख की बात है कि चिकित्साकर्मियों के पहुंचने से पहले ही उस व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा किया

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को ओपनएआई और इसके दो संस्थापकों-सैम ऑल्टमैन तथा ग्रेग ब्रॉकमैन के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चैटजीपीटी निर्माता ने भलाई करने के उद्देश्यों से विश्वासघात किया है। नॉर्दर्न कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में मामले को परोपकारिता बनाम लालच बताया गया है।

# हसीना के देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा में 100 से ज्यादा की मौत

## बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 440 हुई, सेना स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 440 हो गई। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा की घटनाओं में 100 से ज्यादा की मौत हुई है। हिंसा प्रभावित देश में सेना स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई है। बीडीन्यूज24 डॉट कॉम समाचार पोर्टल ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने के बावजूद मंगलवार को स्थिति सामान्य होने के संकेत मिले तथा पुलिस और सेना सड़कों पर गश्त कर रही है।

पोर्टल ने कहा कि सोमवार को अशांति और रातभर के तनावपूर्ण हालात के बाद ढाका में मंगलवार सुबह स्थिति मुख्य रूप से शांत रही। रिपोर्ट के अनुसार, बस और अन्य सार्वजनिक वाहन सड़कों पर नजर आए और स्थानीय दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें खोलीं। समाचार पोर्टल ने बताया कि सरकारी वाहन कार्यालयों की ओर जाते दिखाई दिए और बैटरी चालित कई रिक्शा भी सड़कों पर नजर आए।

बांग्ला भाषा के दैनिक समाचार पत्र प्रथम आलो ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हुई झड़पों में कम से कम 109 लोग मारे गए। इससे पहले, समाचार पत्र ने रविवार दोपहर 12 बजे तक 98 लोगों की मौत होने की सूचना दी थी और रविवार आधी रात को 16 और लोगों की जान जाने की सूचना मिली। उसने बताया कि रविवार को कुल 114 लोगों की मौत हुई। समाचार पत्र ने कहा, इसके साथ ही 16 जुलाई से कल तक 21 दिन में हिंसा में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 440 हो गई है।



ढाका में हिंसा और विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री आवास से सामान ले जाते प्रदर्शनकारी। • एजेंसी

### हिन्दू समाज की रक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमले को लेकर भारत के धर्मगुरुओं ने चिंता व्यक्त की है और पड़ोसी देश के हिन्दू समाज की रक्षा सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया है। हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद देश की बागडोर सेना के हाथ में है। धर्मगुरुओं ने हिन्दुओं, उनके प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर हमलों को चिंता जताते हुये वहां की सेना से अनुरोध किया कि हिन्दू जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने विश्व समुदाय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा तथा मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है।

## नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस होंगे मुख्य सलाहकार

**ढाका, एजेंसी**

नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार होंगे। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। डेली स्टार समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, आंदोलन के प्रमुख समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक



वीडियो में कहा कि प्रोफेसर यूनुस छात्र समुदाय के आह्वान पर देश को बचाने की खातिर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हो गए हैं। नाहिद ने कहा, अंतरिम सरकार के लिए रूपरेखा की घोषणा करने में हमने 24 घंटे लिए। हालांकि, आपातकालीन स्थिति को देखते हुए हम इसकी घोषणा अब कर रहे हैं। नाहिद के साथ दो अन्य समन्वयक थे। उन्होंने कहा, हमने निर्णय लिया है कि अंतरिम सरकार बनाई जाएगी, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस मुख्य सलाहकार होंगे। उनकी स्वीकार्यता व्यापक है।

### उपद्रवियों ने मंदिरों, हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ की

**ढाका।** बांग्लादेश में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया तथा अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। समुदाय के नेताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद नेता काजोल देबनाथ ने यहां समूह की एक बैठक से इतर एजेंसी को बताया।

### बांग्लादेश में संसद भंग सरकार गठन की तैयारी

**ढाका।** राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को संसद भंग कर दी। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार संसद को भंग करने का निर्णय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और आंदोलनकारी छात्रों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति की चर्चा के बाद लिया गया। बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है।

### अवामी लीग के होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाया

**ढाका।** बांग्लादेश में एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित कम से कम 24 लोगों को भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के एक नेता के स्वामित्व वाले एक होटल में जिंदा जला दिया। स्थानीय पत्रकारों और अस्पताल सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार देर रात भीड़ ने जोशोर जिले में जिला अवामी लीग के महासचिव शाहीन चक्कलदर के स्वामित्व वाले जाबिर इंटरनेशनल होटल में आग लगा दी, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई।

# बांग्लादेशी सेना में शीर्ष पदों पर बड़ा फेरबदल

**ढाका, एजेंसी**

• मेजर जनरल जियाउल अहसन को सेवा से मुक्त कर दिया गया

बांग्लादेश ने मंगलवार को सेना में शीर्ष पदों पर बड़ा फेरबदल किया, जिसके तहत राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र (एनटीएमसी) के महानिदेशक मेजर जनरल जियाउल अहसन को सेवा से मुक्त कर दिया गया है। मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली।

ढाका ट्रिब्यून अखबार ने सेना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए कहा कि मेजर जनरल जियाउल अहसन को सेवा मुक्त कर दिया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद सैफुल आलम को विदेश मंत्रालय, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद मुजीबुर रहमान को सेना प्रशिक्षण कमान का जीओसी, लेफ्टिनेंट जनरल अहमद तबरेज शम्स चौधरी को सेना का क्वार्टरमास्टर जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद शाहीनुल हक को कमांडर एनडीसी और मेजर जनरल एएसएम रिदवानुर रहमान को एनटीएमसी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री को हिरासत में लिया गया

**ढाका/लंदन।** बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद और पूर्व राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक को मंगलवार को देश छोड़ने की कोशिश करते समय ढाका हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया गया। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने हवाई अड्डा विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि महमूद दिल्ली जाने वाली उड़ान पकड़ने के लिए ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गए थे। पूर्व दूरसंचार मंत्री जुनैद अहमद पलक को भी देश छोड़ने से रोक दिया गया था।

# हैरिस ने आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल कर ली। इसी के साथ वह देश की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव का टिकट पाने वाली पहली भारतीय-अफ्रीकी महिला बन गयी हैं। हैरिस (59) का नवंबर में होने वाले आम चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा।



गत शुक्रवार को हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था। हैरिस ने तब कहा था, मैं अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवान्वित हूं। मैं अगले सप्ताह आधिकारिक रूप से नामांकन स्वीकार करूंगी। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के डेलीगेट के पांच दिवसीय ऑनलाइन मतदान के बाद हैरिस की उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की गई।

### डेमोक्रेटिक ने टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुना

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अगले राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मिनेसोटा राज्य के गवर्नर टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना साथी उम्मीदवार चुना है। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि वाल्ज की छवि एक प्रगतिशील और स्पष्टवादी नेता की है। वाल्ज की उम्मीदवारी की घोषणा मंगलवार किये जाने की उम्मीद है। वाल्ज (60) अमेरिकी सेना के नेशनल गार्ड रह चुके है और अध्यापन का अनुभव है। वह 2006 में अमरिकी सीनेट के लिए चुने गये थे और 2018 में मिनेसोटा का गवर्नर चुने जाने से पहले 12 साल तक सीनेट के सदस्य रहे।

### इराक में रॉकेट हमले में कई अमेरिकी सैन्यकर्मी घायल

**वाशिंगटन।** इराक में एक सैन्य अड्डे पर हुए संदिग्ध रॉकेट हमले में कई अमेरिकी सैन्यकर्मी घायल हो गए। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना पर ईरान समर्थित मिलीशिया के हमलों में हाल में बढ़ोतरी हुई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पिछले सप्ताह लेबनान में हिजबुल्ला के एक शीर्ष कमांडर और ईरान में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता के मारे जाने के बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है।

# इमरान की रिहाई के लिए निकाली रैली

**पेशावर (पाकिस्तान), एजेंसी**

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हजारों समर्थकों ने सोमवार को उनकी गिरफ्तारी का एक वर्ष पूरा होने पर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विशाल रैली निकाली और महीने के अंत तक राजधानी इस्लामाबाद में भी ऐसी ही रैली कर उनकी रिहाई के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पंजाब की सीमा से लगते पार्टी शासित प्रांत के स्वाबी जिले में सोमवार को रैली की। पार्टी अध्यक्ष गोहर अली खान तथा महासचिव उमर अयूब के अलावा खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने संबोधित किया। खान (71) को पिछले साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अटक जेल ले जाया गया था। हालांकि, सितंबर में उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल ले जाया गया। अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे खान पर 200 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पीटीआई नेताओं ने कहा कि क्रिकेटर से नेता बने खान को अब और जेल में नहीं रखा जा सकता क्योंकि वह देश की सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं। उन्होंने इस महीने के अंत तक या सितंबर में राजधानी इस्लामाबाद में पार्टी की अगली रैली की घोषणा की।

### निर्दलीय सांसदों पर रोक संबंधी विधेयक पारित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली ने निर्धारित अवधि के बाद निर्दलीय सांसदों के किसी भी दल में शामिल होने पर रोक लगाने संबंधी विधेयक को मंगलवार को पारित कर दिया। इमरान खान की पार्टी ने इस का कड़ा विरोध किया। चुनाव अधिनियम संशोधन विधेयक 2024 को सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सदस्यों बिलाल कयानी और ज़ैब जाफर ने असेंबली में पेश किया था। इस संशोधन के जरिये चुनाव अधिनियम की धाराओं 66 और 104 में बदलाव किया गया है तथा निर्दलीय उम्मीदवारों पर संवैधानिक एवं कानूनी रूप से परिभाषित अवधि के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने पर रोक लगा दी गयी है।

## नेपाल में भूस्खलन आठ लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मंगलवार को कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिमालयी देश में जून की शुरुआत में मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से विभिन्न घटनाओं में मरने वालों की संख्या 165 हो गई है। बागलुंग जिले के बादीगाड ग्रामीण नगर पालिका में भूस्खलन में घर ढह जाने से दो परिवारों के आठ लोगों की मौत हो गई और बचाए गए चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सहायक मुख्य जिला अधिकारी चित्रांगत बराल ने स्थानीय मीडिया को बताया, आठ मृतकों में से छह बच्चे हैं। जिला पुलिस के प्रवक्ता राम कुमार केसी ने कहा कि गुल्मी जिले के मुसीकोट नगर पालिका में चार लोगों की मौत हो गई।

# ऑस्ट्रेलिया में मगरमच्छ के पेट से मानव अवशेष मिले

**मेलबर्न, एजेंसी**

• करीब एक महीने में इस तरह का यह दूसरा घातक हमला था पहचान के लिए जांच की जाएगी

ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार को 16 फुट लंबे एक विशाल मगरमच्छ के पेट में मानव अवशेष पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह संदेह जताया गया है कि इस मगरमच्छ ने एक मछुआरे की जान ली थी और करीब एक महीने में इस तरह का यह दूसरा घातक हमला था।

पुलिस ने बताया कि न्यू साउथ वेल्स का रहने वाला 40 वर्षीय व्यक्ति शनिवार को क्रोकोडाइल बेंड पर अपने परिवार के साथ पर छुट्टियां मना रहा था, जहां एक खड़ी ढलान से गिरने के बाद उसका कुछ अता-पता नहीं चल पाया था। क्रोकोडाइल बेंड बड़े मगरमच्छों को देखने आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय स्थान है। वन्यजीव कर्मियों ने सोमवार को घटनास्थल से चार किलोमीटर की दूरी पर एक नाले में 16 फुट लंबे मगरमच्छ को मार डाला। अधिकारियों ने बताया कि मगरमच्छ के थूथन पर ऐसे ही निशान पाए गए जैसे निशान प्रत्यक्षदर्शियों ने घटनास्थल के पास मौजूद एक मगरमच्छ पर देखे थे। पुलिस के एक बयान बताया कि कुकटाउन में जांच के दौरान मगरमच्छ के पेट में मानव अवशेष मिला, जो लापता व्यक्ति का हो सकता है। उन्होंने बताया कि अवशेषों की पहचान के लिए और जांच की जाएगी।

## ईरान ने हमास प्रमुख की हत्या के लिए न्यायिक मामला दायर किया

**तेहरान।** ईरान न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने मंगलवार को कहा कि ईरान ने हमास पोलित ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह की हत्या की जांच के लिए मामला दर्ज किया है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अर्ध-आधिकारिक फार्स समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने ईरान की राजधानी तेहरान में एक साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में पिछले सप्ताह तेहरान में हमास प्रमुख की हत्या के संबंध में देश के न्यायिक तंत्र द्वारा लागू किए गए उपायों पर विस्तार बात करते हुए यह टिप्पणी की। जहांगीर ने कहा कि सशस्त्र बलों के न्यायिक संगठन के अध्यक्ष अहमद-रजा पौरखाकान के आदेश पर घटना के तुरंत बाद मामला दर्ज किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल

# शरवरी ने फिल्म वेदा के लिए बॉक्सिंग सीखी

**मुंबई।** बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शरवरी ने अपनी आने वाली फिल्म वेदा के लिये बॉक्सिंग सीखी है। शरवरी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म वेदा को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह एक्शन सुपरस्टार जॉन अब्राहम के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शरवरी ने सोशल मीडिया पर साझा किया कि उन्होंने फिल्म वेदा में अपनी भूमिका को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए बॉक्सिंग सीखी। उन्होंने लिखा, वेदा के लिए बीस्ट मोड ऑन! वेदा बनने के लिए बॉक्सिंग सीखी... अब मैं एक मजबूत मुक्का मारने के लिए तैयार हूँ या फिर किसी भी कठोर पिटाई को सहन करने के लिए। शरवरी का अपने एक्शन कौशल को परिपूर्ण करने का समर्पण उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि वह अपनी आगामी परियोजना ''अल्फा'' के लिए भी तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, जो अपने हाई-ऑक्टेन एक्शन और रोचक कहानी के लिए जाना जाता है।

### अजय देवगन ने शुरू की सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। इस फिल्म में अजय देवगन, मृणाल ठाकुर और चंकी पांडे की मुख्य भूमिका होगी। अजय देवगन ने सन ऑफ सरदार की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर शूटिंग की झलक दिखाई है। अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, #सनऑफसरदार2 की यात्रा प्रार्थनाओं, आशीर्वाद और एक अद्भुत टीम के साथ शुरू होती है। वीडियो में अजय देवगन गुरुद्वारे में आशीर्वाद के साथ शूटिंग शुरू कर रहे हैं। अजय देवगन के बेटे युग भी शूटिंग सेट पर नजर आते हैं।स्टारकास्ट में एक झलक मृणाल ठाकुर की देखने को मिलती है जो फुल पंजाबी कुड़ी लुक में भांगड़ा कर रही हैं। वीडियो में चंकी पांडे डांस करते नजर आ रहे हैं।

### वरूण धवन ने सिनेमाघर में देखी गोविंदा की सुपरहिट फिल्म राजा बाबू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन ने गोविंदा और करिश्मा कपूर की सुपरहिट फिल्म राजाबाबू सिनेमाघर में देखी। पीवीआर-आईनॉक्स थिएटर्स कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल को सेलिब्रेट कर रहा है। यह सेलिब्रेशन दो अगस्त से 14 अगस्त तक चलेगा। इसमें वह फिल्में रिलीज की गई हैं, जो कॉमेडी एंटरटेनर हों और जिन्हें दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। इस लिस्ट में राजा बाबू फिल्म के अलावा मस्ती, गोलमाल रिटर्न्स और पार्टनर भी शामिल है। हाल ही में वरुण धवन ने फिल्म राजाबाबू को देखने का एक्सपीरियंस शेयर किया।

खगोल विज्ञान | रूबिन वेधशाला में बनाई जा रही अत्याधुनिक दूरबीन अगले वर्ष रूबरू होगी ग्रह नक्षत्रों से

# एक नए युग की शुरुआत की तैयारी में खगोलविद

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** अमेरिकी वैज्ञानिक व इंजीनियर ब्रह्मांड की उचाइयां छूने की तैयारी में हैं और चिली स्थित वेरा सी. रूबिन वेधशाला में निर्माणाधीन 8.4 मीटर व्यास की अत्याधुनिक दूरबीन के पहले चरण में 3.5 दर्पण स्थापित कर दुनिया को नई दिशा देने जा रहे हैं।

दरअसल ब्रह्मांड का संसार कल्पना से परे है। उद्देश्य ब्रह्मांड को सिर्फ समझने का ही नहीं है, बल्कि उससे बहुत कुछ हासिल करने का भी है। जिसे इस तरह से समझ सकते हैं कि हमारी पृथ्वी पर क्या कुछ नहीं है, जबकि ब्रह्मांड की तुलना में पृथ्वी एक तिनका जितनी भी नहीं है। ब्रह्मांड के अनगिनत ग्रह नक्षत्रों से कितना कुछ हासिल किया जा सकता है। यही सोच हमें ब्रह्मांड की गहराइयों तक पहुचने के लिए मजबूर करती है, जो शुरुआती चरण में दूरबीन के जरिए संभव है। जिसकी पूर्ति के लिए अभी तक जमीन से लेकर आसमान तक अनेकों दूरबीन पिछली चार सदी में इजाद की जा चुकी हैं। मगर ये दूरबीनें भी हमारे मकसद को पाने में नाकाफी हैं। लिहाजा जिसमें सुधार करते हुए अब रूबिन वेदशाला में दूरबीन के लिए एक ऐसा दर्पण तैयार किया है, जो कमसेकम हमारे सौरमंडल की खाक छानने में अभी तक का सबसे शक्तिशाली दर्पण होगा। बनाया गया 3.5 मीटर का बहुआयामी दर्पण चिली में सेरो पचोन के सिमोनी सर्वे टेलीस्कोप में स्थापित कर दिया गया है। यह कॉर्निंग एडवांस्ड ऑप्टिक्स द्वारा बनाया गया है और एल3 हैरिस टेक्नोलॉजी द्वारा पॉलिश किया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका ग्लास मिरर टेलीस्कोप के अत्याधुनिक, वाइड-फील्ड ऑप्टिकल सिस्टम का पहला स्थायी घटक है जो ब्रह्मांड की बेहतर समझ में मील का पत्थर साबित होगा।



चिली में स्थापित की जा रही दुनिया की अत्याधुनिक दूरबीन।

### 20 साल की मेहनत का प्रतिफल होगी यह दूरबीन

**नैनीताल:** वेरा सी रूबिन वेदशाला में स्थापित की जा रही दूरबीन 8 .4 दर्पण वाली दुनिया की पहली दूरबीन होगी। जिसमें 3 .5 मीटर व्यास का दर्पण स्थापित करने में सफलता मिल चुकी है। शेष दर्पण शीघ्र स्थापित किए जाने कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बड़ी बात यह है कि इसमें दुनिया का अभी तक का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा स्थापित किया जाएगा। इस ऑप्टिकल दूरबीन में अभी तक 20 साल लग चुके हैं। यह खगोलविदों को नई दृष्टि प्रदान करेगा।